3 राजधानी
छठ व्रतियों ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

6 अभिमत
एनपीए से निपटने के प्रयास

10 विदेश
पाकिस्तान में इजराइली हमले के खिलाफ रैली


12 स्पोर्ट्स
भुल्लर ने इंडोनेशिया मास्टर्स खिताब जीता

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 16
नई दिल्ली, सोमवार, 20 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



देश व समाज बनाने के लिए लड़े जाते हैं चुनाव

राष्ट्रीय-11


# देशवासियों की उम्मीदें चकनाचूर, ऑस्ट्रेलिया बना चैंपियन

## ● आईसीसी क्रिकेट विश्व कप फाइनल में छह विकेट से हारी भारतीय टीम

**भाषा।** अहमदाबाद

**मिशेल** स्टार्क की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद ट्रेविस हेड के शतक से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां आईसीसी क्रिकेट विश्व कप फाइनल में भारत को छह विकेट से हराकर लगातार नौवीं जीत के साथ अभूतपूर्व छठा एकदिवसीय विश्व कप जीता और साथ ही करोड़ों भारतीयों का दिल और मेजबान टीम का विश्व चैंपियन बनने का सपना तोड़ दिया।

लगातार 10 जीत के विजय रथ पर सवार होकर फाइनल में पहुंचे भारत को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में तीसरा विश्व कप जीतने की उम्मीद थी। टूर्नामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन ने एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का दूसरी बार हिस्सा बनने का सपना देखा था जबकि कप्तान रोहित शर्मा पहली बार एकदिवसीय विश्व चैंपियन बनने का सपना संजोए थे लेकिन पैट कमिंस की टीम ने इन सपनों को साकार नहीं होने दिया। ऑस्ट्रेलिया ने दिखा दिया कि क्यों वह विश्व क्रिकेट की शीर्ष टीम है। टीम ने भारत के खिलाफ पहले मैच सहित लगातार दो हार के साथ अपने अभियान की शुरुआत की लेकिन फिर लगातार नौ मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया। भारत के 241 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने हेड की 120 गेंद में चार छक्कों और 15 चौकों से 137 रन की पारी के अलावा मार्नस लाबुशेन (110 गेंद में नाबाद 58 रन, चार चौके) के साथ उनकी चौथे विकेट की 192 रन की साझेदारी से 43 ओवर में चार विकेट पर 241 रन बनाकर जीत दर्ज की।



विश्व कप जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को ट्राफी सौंपते पीएम नरेंद्र मोदी




नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल मैच जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ खुशी जाहिर करती ऑस्ट्रेलियाई टीम।

भारत इस तरह जोहानिसबर्ग में 2003 विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार का बदला चुकता करने में विफल रहा। टीम को इसी साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी ऑस्ट्रेलिया ने हराया था जबकि 2015 विश्व कप सेमीफाइनल में भी इसी टीम ने उसे शिकस्त दी थी। भारत इससे पहले लोकेश राहुल (107 गेंद में 66 रन, एक चौका) और विराट कोहली (63 गेंद में 54 रन, चार चौके) के अर्धशतक और दोनों के बीच चौथे विकेट की 67 रन की साझेदारी के बावजूद 50 ओवर में 240 रन पर सिमट गया था। कप्तान रोहित शर्मा (47) ने पारी का आगाज करते हुए एक बार तेज पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्टार्क सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 55 रन तीन विकेट विकेट चटकाए। कप्तान पैट कमिंस (34 रन पर दो विकेट) और जोश हेजलवुड (60 रन पर दो विकेट) ने भी दो-दो विकेट हासिल किए। भारत की हार की नींव हालांकि पहली पारी में ही रख दी गई जब उसके बल्लेबाजों ने अति रक्षात्मक रवैया अपनाया और टीम आखिरी 40 ओवर में सिर्फ चार चौके मार सकी जो ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के दबदबे को दर्शाता है। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी खराब रही और टीम ने 47 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए। शमी ने सेमीफाइनल की तरह फाइनल में भी मैच की अपनी पहली गेंद पर विकेट चटकाया। उन्होंने डेविड वार्नर (07) को स्लिप में कोहली के हाथों कैच कराया। मिशेल मार्श (15) ने शमी पर छक्का मारा लेकिन जसप्रीत बुमराह ने उन्हें विकेटकीपर राहुल के हाथों कैच कराया दिया। बुमराह ने अपने अगले ओवर में स्टीव स्मिथ (04) को भी पगबाधा किया। सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने हालांकि एक छोर संभाले रखा। उन्होंने शमी पर लगातार दो चौके मारे जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 60 रन बनाए।

हेड ने इसके बाद लाबुशेन के साथ मिलकर पारी को संवारा। दोनों ने 20वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। हेड ने कुलदीप यादव पर अपना पहला छक्का जड़ा और फिर उनकी गेंद पर एक रन के साथ 58 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। हेड ने इसके बाद तीखे तेवर अपनाए। उन्होंने रविंद्र जडेजा पर एक रन के साथ 27वें ओवर में लाबुशेन के साथ शतकीय साझेदारी पूरी की और फिर अगले ओवर में बुमराह पर तीन चौके मारे। हेड ने कुलदीप की गेंद पर एक रन के साथ सिर्फ 95 गेंद में शतक पूरा किया। उन्होंने सिराज पर छक्के के साथ 37वें ओवर में टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया और फिर कुलदीप की गेंद को भी दर्शकों के बीच पहुंचाया। लाबुशेन ने बुमराह पर चौके के साथ 99 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। टीम को अंतिम 10 ओवर में जीत के लिए सिर्फ 16 रन की दरकार थी। ऑस्ट्रेलिया जब जीत से दो रन दूर था तब हेड सिराज की गेंद को बाउंड्री पर शुभमन गिल के हाथों में खेल गए। ग्लेन मैक्सवेल ने हालांकि अगली गेंद पर दो रन के साथ टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इससे पहले कमिंस ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी का न्योता दिया और गेंदबाजों ने उनके फैसले को सही साबित किया। रोहित ने एक बार फिर तीखे तेवर दिखाए। उन्होंने हेजलवुड पर दो चौके जड़ने के बाद उनके अगले ओवर में लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा।

शुभमन गिल (04) हालांकि स्टार्क की गेंद पर तेज प्रहार करने की कोशिश में मिड ऑन पर एडम जंपा को कैच दे बैठे। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे कोहली ने स्टार्क पर लगातार तीन चौकों के साथ 6.3 ओवर में भारत का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया जो एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में किसी टीम के रनों का सबसे तेज अर्धशतक है। रोहित ने इसके बाद ग्लेन मैक्सवेल की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा लेकिन अगली गेंद पर को हवा में लहरा बैठे और ट्रेविस हेड ने कवर्स से पीछे की ओर भागते हुए शानदार कैच लपका। उन्होंने 31 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के मारे। पिछले दो मैच में शतक जड़ने वाले (शेष पेज 9)

# इजराइली बंधकों की रिहाई पर होगा युद्ध विरामः अमेरिका

## ● बाइडन के सलाहकार ने कहा, रिहाई के बाद ही और मानवीय राहत में होगी वृद्धि

**एजेंसी।** वांशिगटन

**इजराइल** हमास के बीच जारी युद्ध के बीच शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन मिडिल ईस्ट के मुख्य सलाहकार ने कहा है कि गाजा में आतंकवादियों द्वारा इजराइली बंधकों को मुक्त करने पर युद्ध में 'महत्वपूर्ण विराम' लगेगा।

इज़राइली अधिकारियों के अनुसार, हमास ने हमले के बाद 7 अक्टूबर को लगभग 240 लोगों को बंधक बना लिया था, जब वे गाजा की सैन्यीकृत सीमा पार करके दक्षिणी इज़राइल में घुस गए और लगभग 1,200 लोगों को मार डाला, जिनमें ज्यादातर नागरिक थे। वहीं फलिस्तीनी क्षेत्र की हमास सरकार के अनुसार, गाजा पट्टी पर इजराइल के लगातार बमबारी और जमीनी हमले से अब तक 12,300 लोग मारे गए हैं। ब्रेट मैकगर्क ने बहरीन में एक सुरक्षा सम्मेलन में कहा, मानवीय राहत में वृद्धि, ईंधन में वृद्धि और ठहराव तब आएगा जब बंधकों को रिहा कर दिया जाएगा।



गाजा पट्टी पर इजरायली हमले के बाद जीवित लोगों तलाश करते लोग

उन्होंने कहा, बड़ी संख्या में बंधकों की रिहाई के बाद ही और मानवीय राहत में भारी वृद्धि होगी। मैकगर्क ने कहा कि बाइडेन ने शुक्रवार शाम को खाड़ी देश कतर के शासक के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की, जो युद्धविराम और बंदियों की रिहाई की दिशा में मध्यस्थता के प्रयासों का नेतृत्व कर रहा है। व्हाइट हाउस ने कहा कि जो बाइडन और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी ने हमास द्वारा रखे गए सभी बंधकों को बिना किसी देरी के रिहा करने की तत्काल आवश्यकता पर चर्चा की। दो दिन पहले जो बाइडन ने कहा था कि उन्हें बंधकों को मुक्त कराने के लिए एक समझौते पर पहुंचने की हल्की उम्मीद है। माना जाता है कि इसमें लगभग 10 अमेरिकी नागरिक शामिल हैं। उनके कार्यालय ने कहा कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने शनिवार को अल-थानी और मिस्र के नेता अब्देल फतह अल-सिसी के साथ बंधकों पर चर्चा की। मैक्रॉन ने कहा कि बंदियों को तुरंत रिहा करना, जिनमें से आठ फ्रांसीसी हैं। मैक्रॉन के कार्यालय ने कहा कि तीनों नेताओं ने गाजा में नागरिकों को सहायता पहुंचाने के लिए अपने समन्वय को मजबूत करने के बारे में भी बात की। कतर के अब तक के प्रयासों से चार बंदियों की रिहाई हो सकी है।

पांचवें बंधक, एक सैनिक, को इजराइली ऑपरेशन में बचाया गया। इज़राइल की सेना ने इस सप्ताह कहा कि उसने गाजा में दो महिला बंधकों के शव बरामद किए हैं। मैकगर्क ने शनिवार को कहा कि घिरे फिलिस्तीनी क्षेत्र में स्थिति भयानक और असहनीय है। वहीं इज़राइल ने सभी बंधकों की रिहाई से पहले युद्धविराम के आह्वान पर ध्यान देने से इनकार कर दिया है। बहरीन सम्मेलन में भाग लेने वाले जॉर्डन के विदेश मंत्री अयमान सफ़ादी ने कहा कि मानवीय रुकावटों को बंधकों की रिहाई से जोड़ना अस्वीकार्य था। इस बीच यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने गाजा के भविष्य पर (शेष पेज 9)



नई दिल्ली में रविवार को छह महापर्व पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देते व्रती महिलाएं

## क्विक न्यूज

### अमेरिकी नागरिकों से ठगी करने वाले गिरोह के 16 सदस्य गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने अवैध रूप से कॉल सेंटर का संचालन करके अमेरिका के नागरिकों के साथ कथित रूप से ठगी करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश कर पांच महिलाओं समेत 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के सूत्रों ने रविवार को बताया कि बल की एक टीम ने अवैध रूप से कॉल सेंटर चलाकर अमेरिका के दो नागरिकों से ठगी के मामले में शनिवार को गौतमबुद्ध नगर पुलिस की मदद से ठग गिरोह की पांच महिला सदस्यों समेत कुल 16 लोगों को जिले के फेज-1 थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। इनमें दिव्य शर्मा उर्फ लवकुश, दीपू कुमारी, श्रेया, सोनी कुमारी, काजल मिश्रा, तमन्ना, उपासना, तुषार, देवेन्द्र सिंह, वीरेश माथुर, विपुल कुमार, सुमित नेहरा, उद्दयान, शबी अहमद, सुहैल रजा और अमित कुमार शामिल है। सूत्रों ने बताया कि पकड़े गए लोगों के कब्जे से 40 से ज्यादा अमेरिकी नागरिकों के दस्तावेज और डेटा भी बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी नागरिक डेवन मिशेल ने ई-मेल के जरिए शिकायत की थी कि नितिन श्रीवास्तव नामक व्यक्ति द्वारा चलाए जा रहे।

# दिल्ली एनसीआर से ग्रैप-4 की पाबंदियां हटीं

## ● राष्ट्रीय राजधानी में सिर्फ सीएनजी, इलेक्ट्रिक और बीएस-6 बसें ही आ सकती हैं : गोपाल राय

## ● बीएस तीन पेट्रोल और बीएस चार डीजल एलएमवी के संचालन पर प्रतिबंध जारी रहेगा

**संजय राय।** नई दिल्ली

**जहरीली** हवा में सांस ले रहे दिल्ली वालों को हवा की गुणवत्ता में सुधार होने से कुछ राहत मिली है। रविवार सुबह राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक 290 यानी खराब श्रेणी में दर्ज किया गया है।

एक्यूआई में सुधार होने पर ग्रेप चार के प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रविवार को बताया कि वायु प्रदूषण के स्तर में सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी सतर्क रहने की जरूरत है। वायु गुणवत्ता में सुधार के बाद ग्रैप-4 की पाबंदियां हटा ली गयी है। लेकिन ग्रैप-1, ग्रैप-2 और ग्रैप-3 की पाबंदियां अभी लागू रहेंगी। निर्माण एवं तोड़फोड़ कार्यों पर रोक जारी रहेगी। साथ ही बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल गाड़ियों के संचालन पर प्रतिबंध जारी रहेगा। दिल्ली में सिर्फ सीएनजी, इलेक्ट्रिक और बीएस-6 बसें ही आ सकती है। हॉटस्पॉट पर विशेष निगरानी (शेष पेज 9)



राजघाट पर रविवार को छाये कोहरे और धुंध के बीच गुजरते वाहन। फोटो रंजन डिमरी

### तीन दिन में इस तरह हुआ सुधार

| | |
|---|---|
| 19 नवंबर | 301 (एक्यूआई) |
| 18 नवंबर | 319 |
| 17 नवंबर | 405 |

### यहां की हवा सबसे खराब

मुंडका-360, बवाना -389, वजीरपुर-368, जहांगीरपुरी-363, अलीपुर-368

### सामान्य से ढाई गुना ज्यादा प्रदूषण

**मानकों** के मुताबिक हवा में प्रदूषक कण पीएम 10 का स्तर 100 से कम और पीएम 2.5 का स्तर 60 से कम होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है। सीपीसीबी के मुताबिक रविवार की शाम चार बजे दिल्ली-एनसीआर की हवा में पीएम 10 का स्तर 246 व पीएम 2.5 का स्तर 135 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर रहा। इसके अनुसार दिल्ली की हवा में प्रदूषक कणों का स्तर मानकों से ढाई गुना ज्यादा है।

### इन विभागों को मिली छूट

**रेलवे** स्टेशन, मेट्रो, हवाई अड्डे, राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित निर्माण तथा विध्वंस साइट, अंतर्राज्यीय बस अड्डे, अस्पताल, सड़क एवं राजमार्ग, फ्लाईओवर, बिजली, सीवर लाईन, स्वचछता परियोजनाओं पर निर्माण संबंधी छूट रहेगी। इसके साथ-साथ दिल्ली के अंदर जो इंटीरियर वर्क है, जैसे प्लम्बिंग का कार्य, बिजली फिटिंग का कार्य, फर्निचर का काम की छूट रहेगी। निर्माण तथा विध्वंस स्थलों पर बोरिंग, ड्रिलिंग, खुदाई तथा भराई के काम पर अभी पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। निर्माण एवं बिल्डिंग संचालन सहित तमाम संरचनात्मक निर्माण कार्य हैं, उसपर पूरी तरह बैन रहेगा। विध्वंस के कार्य पर पूरी तरह बैन रहेगा। निर्माण तथा विध्वंस साईट पर लोडिंग अनलोडिंग पर बैन रहेगा। कच्चे माल के स्थानांतरण मैनुअल तथा फलाईएस (शेष पेज 9)

# वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हवा** की दिशा और गति तथा अन्य अनुकूल वायुमंडलीय परिस्थितियों के कारण दिल्ली और उसके उपनगरों में वायु गुणवत्ता में रविवार सुबह सुधार हुआ। जिससे लोगों को प्रदूषण के घुटन भरी हवा से थोड़ी राहत मिली है। लेकिन हवा की गुणवत्ता अभी भी बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई है। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक अगले तीन-चार दिनों के बीच भी कमोबेश ऐसी ही स्थिति रहने के आसार हैं।

दीवाली के बाद से ही दिल्ली के आसमान पर जहरीली छुंध की मोटी परत छाई हुई थी। जिसके चलते वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी या उससे थोड़ा ही नीचे बनी हुई थी। लेकिन, हवा की दिशा में बदलाव, हवा की रफ्तार थोड़ी बढ़ने और दिन भर खिली हुई धूप के चलते अब प्रदूषण के स्तर में थोड़ी गिरावट हुई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक रविवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 305 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को बेहद गंभीर श्रेणी में रखा जाता है।

हालांकि, यह बेहद गंभीर श्रेणी का शुरुआती स्तर है। शनिवार को यह सूचकांक 319 के अंक पर रहा था। यानी चौबीस घंटे के भीतर सूचकांक में 14 अंकों का सुधार हुआ है।

### अभी पूरी तरह साफ नहीं होगी हवा

**दिल्ली** की हवा अभी पूरी तरह साफ नहीं होगी। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा तैयार वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक अगले दो-तीन दिनों के दौरान हवा की रफ्तार ज्यादातर समय दस किलोमीटर प्रति घंटे से नीचे रहेगी। इसके चलते प्रदूषक कणों का बिखराव धीमा रहेगा। अगले तीन-चार दिनों के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब श्रेणी में ही रहने का अनुमान है।

# एसटीएफ ने कॉल सेंटर में की छापेमारी, 16 गिरफ्तार

## अमेरिकी नागरिकों के साथ करते थे ठगी, हांगकांग में पैसा बिचौलियों के माध्यम से आरोपी के पास पहुंचता था

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




अवैध रूप से कॉल सेंटर का संचालन करके अमेरिका के नागरिकों के साथ ठगी करने वाले गिरोह का एसटीएफ ने खुलासा किया है।

एसटीएफ ने इस दौरान एक फर्जी कॉल सेंटर पर छापेमारी करते हुए 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अमेरिकी नागरिक की शिकायत के बाद एसटीएफ ने यह छापेमारी की थी। दरसअल अमेरिका के एक नागरिक के द्वारा शिकायत की गई और उनके द्वारा बताया गया कि नितिन श्रीवास्तव द्वारा चलाए जा रहे कॉल सेंटर के माध्यम से कॉल कर धोखाधड़ी करते हुए उनके बैंक ऑफ अमेरिका के अकाउंट से पैसा हांगकांग के अकाउंट नंबर में ट्रांसफर किया गया है। इस शिकायत के बाद एसटीएफ इस कॉल सेंटर की तलाश में जुट गई। एसटीएफ ने छापेमारी करते हुए नोएडा के थाना फेस वन क्षेत्र के अंतर्गत स्थित जी 68 थर्ड फ्लोर फेस वन पर अवैध रूप से चल रहे कॉल सेंटर से 16 लोगों को धर दबोचा। इस दौरान पुलिस ने नितिन श्रीवास्तव के पार्टनर लव कुश को भी गिरफ्तार कर लिया। लव कुश ने पूछताछ में बताया कि वह 2012 में नितिन के साथ प्रॉपर्टी का काम करता था। नितिन पहले भी फर्जी कॉल सेंटर चलाने का काम करता था।

नितिन के द्वारा उसे बताया गया कि वह करीब 5 वर्ष से फर्जी कॉल सेंटर चला रहे थे। इस दौरान बताया गया कि अमेरिका की नागरिकों का डेटा जिसमें नाम, पता, फोन नंबर एवं सोशल सिक्योरिटी नंबर होता है। उसको यह लोग खरीद लेते हैं और फिर व्हाइट पेज वेबसाइट से इन मोबाइल नंबर से अमेरिका के सर्विस प्रोवाइडर का पता कर लेते हैं और फिर अपने कॉल सेंटर से मोबाइल धारक को इस सर्विस प्रोवाइडर की तरफ से फर्जी कॉल करते हैं और धारक से उसका पिन नंबर लेते हैं।

इसके बाद इसी कॉल सेंटर से सर्विस प्रोवाइडर को धारक बनकर कॉल करते हैं और पूछने पर धारक का पिन नंबर सर्विस प्रोवाइडर को देते हैं और सर्विस प्रोवाइडर से नया फोन बुक कर लेते हैं। इस नए फोन को डिलीवर के लिए एक फर्जी एड्रेस से संबंधित डॉक्यूमेंट जैसे कूट रचित डीएल, पासपोर्ट आदि बनाकर अपलोड कर देते हैं और दिए हुए पत्ते पर डिलीवरी हो जाती है।

उसे इनसे जुड़े उनके एजेंट प्राप्त कर लेते हैं और उसके बदले अमेरिकन एजेंट को पैसा हांगकांग स्थित विभिन्न बैंक के अकाउंट में डाल देते हैं।

यह पेमेंट मॉड नितिन टेलीग्राम चैनल में डार्क वेब से लेता है और उसके बदले में कमीशन लोकल बिटकॉइन पेज के माध्यम से यूएसडीसी में पे-कार्ड देता है और हांगकांग में पैसा अगड़ियों के माध्यम से ज्यादातर केस में इन तक पहुंचता है। फिलहाल पुलिस इन लोगों के अन्य आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटा रही है।

# ग्रेटर नोएडा में मुख्य मार्ग की पुलिया धंसी, आवागमन बाधित

● पुलिस ने यातायात किया डायवर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में रविवार को एक पुलिया अचानक से धंस गई। पुलिया के धंसने से पचास से ज्यादा गांवों का आवागमन बाधित हो गया है। फिलहाल पुलिस ने यह मार्ग अस्थायी रुप से बंद करा दिया है और रुट डायवर्ट करके वाहनों को निकाला जा रहा है। सिंचाई विभाग को सूचित कर दिया है। मौके पर पुलिस बल तैनात है।

आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के दादरी एनटीपीसी मार्ग क्षेत्र का मुख्य मार्ग है। इस मार्ग पर 24 घंटे वाहनों का आवागमन बना रहता है। इस मार्ग पर एनटीपीसी प्लांट का गेट नंबर तीन है, जिससे एनटीपीसी से राख लाने के लिए आस पड़ोस के जिले और राज्यों से ट्रक राख लेने के लिए आते हैं। इसी मार्ग पर सीमेंट बनाने वाली दो बड़ी फैक्ट्रियां भी हैं।

रविवार को पुलिया धंसने के बाद वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है। कोतवाली प्रभारी जारचा ज्ञान सिंह गुर्जर ने बताया कि रजवाहे की पुलिया धसने से रास्ते को बंद कर यातायात को रसूलपुर, प्यावली, बिसाहड़ा की तरफ डायवर्ट कर दिया है। सभी कट पर बैरिकेडिंग कर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। आपको बता दें कि इसी मार्ग से फैक्ट्रियों की राख भी एनटीपीसी से आती है। इसके अलावा मार्ग पर कई छोटी-छोटी राख की ईंटें बनाने वाली फैक्ट्रियां हैं, जो एनटीपीसी की राख पर निर्भर हैं।

औसतन रोजाना इस मार्ग से चार सौ के करीब छोटे बड़े ट्रकों का आवागमन होता है। यह मार्ग आगे जाकर हापुड़ की सीमा के अंतर्गत गांव धौलाना और देहरा से जुड़ता है। 50 के करीब गांवों का आवागमन भी इसी मार्ग से होता है।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने हड़ताली सफाई कर्मचारियों को हटाया

● सीईओ ने ठेकेदारों को नई भर्ती करने के आदेश दिए

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में हड़ताल पर गए सैकड़ों सफाई कर्मचारियों को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने घर बैठा दिया है। प्राधिकरण ने सफाई ठेकेदारों को नई भर्ती करने के आदेश दिए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के इस फैसले से सफाई कर्मचारियों में न केवल हड़कंप मचा हुआ है, बल्कि आक्रोश भी व्याप्त है। आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सैकड़ों सफाई कर्मचारी अपनी कई मांगों को लेकर पिछले करीब दस दिनों से हड़ताल पर चले आ रहे थे। ठेकेदारों के अधीनस्थ इन कर्मचारियों की बहुत सी मांगों को मान भी लिया गया था, लेकिन इसके बावजूद यह सफाई कर्मचारी अपनी हड़ताल समाप्त करने के मूड में नजर नहीं आ रहे हैं। सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण ग्रेटर नोएडा की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ा गई है।

ग्रेटर नोएडा की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने और हड़ताल पर गए कर्मचारियों से सख्ती से निपटने के लिए प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी के आदेश पर अब सख्त कदम उठा गए हैं। सीईओ रवि कुमार एनजी के आदेश पर प्राधिकरण में सूचीबद्ध सफाई ठेकेदारों को हड़ताल पर गए सफाई कर्मचारियों को घर भेजने यानि परमानेंट छुट्टी देने के निर्देश दिए गए हैं।

साथ ही आदेश दिए गए हैं कि शहर की सफाई व्यवस्था बाधित न हो, इसके लिए जल्द से जल्द नए सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जाए। प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि सफाईकर्मी जिस अवधि में काम नहीं करेंगे, उस अवधि का वेतन भुगतान नहीं किया जाएगा। आपको बता दें कि हड़ताल पर गए सफाईकर्मियों के साथ शुक्रवार को एक बैठक की गई थी, जिसमें सफाई कर्मियों की शेष मांगों पर निर्णय करने के लिए कमेटी की बैठक शीघ्र कराने का आश्वासन प्राधिकरण की तरफ से दिया गया। आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सफाई कर्मचारी पिछले काफी समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करते चले आ रहे हैं। इसी आंदोलन के तहत दिवाली से पहले सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चले गए।

इनकी मांग है कि उनका मासिक वेतन 17 हजार 170 रुपये से बढ़कर 20 हजार रुपये प्रति माह किया जाए। सफाई कर्मचारियों की मांग का जवाब देते हुए प्राधिकरण का कहना है कि टेंडर के अनुरुप ही वेतन का भुगतान किया जा रहा है। टेंडर के नियम व शर्तों के अनुसार, वेतन में हर दो साल में पांच फीसदी की वृद्धि का प्रावधान है। प्राधिकरण ने आश्वसन दिया है कि टेंडर में निर्धारित समय पर वेतन वृद्धि कर दी जाएगी।

# डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने की पूजा अर्चना

● गाजियाबाद और नोएडा में महापर्व छठ की धूम, घाटों पर हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद/ नोएडा



क्रासिंग रिपब्लिक स्थित पैरामाउंट सिम्फनी सोसाइटी में रविवार को छठ पर्व मनाया गया। इस दौरान सोसायटी के सैकड़ों लोगों ने सामूहिक रूप से स्विमिंग पूल में सूर्य को अर्घ्य दिया।

महापर्व छठ के पावन अवसर पर रविवार शाम को गाजियाबाद और नोएडा के घाटो पर श्रद्धा का सैलाब देखा गया । जहां बहुत बडी संख्या में व्रती और श्रद्धालु डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना की। गाजियाबाद और नोएडा में हिंडन नदी के साथ ही लोगों ने तालाब पर शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचे। इस दौरान लोगों ने डीजे पर म्यूजिक के साथ आतिशबाजी करते नजर आए। सोसाइटी के लोगों ने स्विमिंग पूल पर और पार्कों में तालाब बनाकर अर्घ्य दिया।

इससे पहले छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और वाहन चालकों को जाम से बचाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने गाजियाबाद और नोएडा में रविवार सुबह से सोमवार सुबह तक के लिए डायवर्जन लागू किया। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि जाम से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।

छट पर्व के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन के दौरान श्रद्धालुओं के सुविधा एवं यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत गाजियाबाद और नोएडा में आज से यातायात को डायवर्ट कर दिया गया है। लिंक रोड, डीपीएस सिद्धार्थ विहार एवं नया बस अडडा की ओर से हिण्डन पुल की तरफ सभी प्रकार के व्यवसायिक वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध रहा। इसी प्रकार मोहननगर की ओर से हिण्डन पुल की तरफ सभी प्रकार के व्यावसायिक वाहनों के लिए आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित है। कनावनी की ओर से हिण्डन पुल की तरफ सभी प्रकार के व्यावसायिक वाहनों के लिए आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित है। लिंक रोड, डीपीएस सिद्धार्थ विहार एवं नया बस अड्डा की ओर से हिण्डन पुल की तरफ सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहे। इसी प्रकार मोहननगर की ओर से हिण्डन पुल की तरफ सभी प्रकार के निजी वाहनों का पूर्णरूप प्रतिबंधित रहे।

## स्विमिंग पूल में सूर्य को दिया अर्घ्य



ग्रेटर नोएडा वेस्ट की चेरी काउंटी सोसाइटी में रविवार को छठ पर्व मनाया गया। इस दौरान सोसायटी के सैकड़ों की संख्या में लोगों ने सामूहिक रूप से स्विमिंग पूल में सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान मनीष तिवारी, सुजीत शर्मा, राजेश राय, धीरेंद्र मिश्रा, अजय दीपक अमित और कुणाल मौजूद रहे। एस के ए ग्रीनआर्क सोसायटी और एस के ए मेट्रोविले सोसायटी में भी सामूहिक रूप से छठ पर्व मनाया गया।

# संक्षिप्त समाचार




गाजियाबाद में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गिरिराज व अन्य।

### देश हित में कांग्रेस नहीं बनने देती कानून: कंद्रीय मंत्री

**गाजियाबाद।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह रविवार को गाजियाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि जो वोट के सौदागर हैं वो देश हित के लिए बनने वाले कानूनों पर पेंच फंसा देते हैं। जब यूनिफॉर्म सिविल कोड की बात होती है तो कांग्रेस पार्टी के मुख्यमंत्री लोगों को भड़कते हैं। इसके अलावा भ्रम फैलाते हैं। कॉमन सिविल कोर्ट के बाद ही जनसंख्या नियंत्रण कानून आ सकता है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। गिरिराज सिंह ने कहा जनसंख्या नियंत्रण कानून बहुत जरूरी है। हमारे देश में संसाधन सीमित है। कांग्रेस के कारण यह कानून नहीं बना है। गिरिराज सिंह ने भारतीय टीम को वर्ल्ड कप फाइनल के लिए भी बधाई दी और जीत की कामना की।

### भारत की तरक्की में इंदिरा गांधी का योगदार: तंवर

**नोएडा।** महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न माननीय स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी ने बिशनपुरा सेक्टर -58 स्थित महानगर कार्यालय पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर महानगर रामकुमार तंवर ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी का जन्म 19 नवंबर को प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था, उनके पिता पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू थे, वह भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनी, उन्हें विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय द्वारा डायरेक्ट की उपाधि से सम्मानित किया गया था। इंदिरा बचपन से ही स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रही, 1930 में उन्होंने बच्चों के सहयोग के लिए वानर फौज निर्माण किया, बांग्लादेश के निर्माण में उनका विशेष योगदान रहा, 1959 से लेकर 1960 तक वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष बनी ,1980 में योजना आयोग की अध्यक्ष भी रही, भारत में वह आयरन लेडी के नाम से से मशहूर रही, हमें उनके द्वारा किए गए कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए।

### दिल्ली पुलिस के एसआई की सड़क हादसे में मौत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में शनिवार देर रात सड़क हादसे में दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई। वो शादी समारोह से लौट रहे थे और उनकी बाइक डिवाइडर से जा टकराई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान 57 वर्षीय अशोक कुमार के रूप में हुई है। वो दिल्ली में शाहदरा के ईस्ट राजनगर में रहते थे और दिल्ली पुलिस में बतौर सब इंस्पेक्टर पोस्टेड थे। अपर पुलिस उपायुक्त (ट्रैफिक) रामानंद कुशवाहा ने बताया, शनिवार देर रात राजनगर एक्सटेंशन में मोरटा तिराहे के पास एक एक्सीडेंट की सूचना प्राप्त हुई। तुरंत नंदग्राम थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। घायल व्यक्ति को यशोदा हॉस्पिटल में एडमिट कराया। डॉक्टरों ने वहां उसे मृत घोषित कर दिया। बाइक सवार अशोक कुमार गाजियाबाद में एक शादी समारोह में आए थे और वहां शामिल होकर वापस लौट रहे थे। उसी वक्त ये हादसा हुआ है।

### प्रदूषण की मार झेल रही गर्भवती महिलाएं

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में प्रदूषण का स्तर लगातार गंभीर श्रेणी में बना हुआ है, ऐसे में सांस के मरीजों के साथ-साथ बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी बीमार होने का खतरा बढ़ गया है। बच्चे और बुजुर्गों के साथ गर्भवती महिलाओं के लिए भी प्रदूषण बड़ी मुसीबत का सबब बना हुआ है। दरअसल प्रदूषण के कारण महिलाएं समय पूर्व प्रसव की शिकार बन रही हैं। गाजियाबाद के जिला महिला अस्पताल में नवंबर के महीने में ही 82 ऐसे केस आए हैं, जिनमें महिलाओं को समय पूर्व प्रसव की पीड़ा को झेलना पड़ा है। अभी नवंबर महीना पूरा बीता भी नहीं है ऐसे में यह आंकड़ा चौंकाने वाला है।

# दरोगा बनकर करता था अवैध उगाही,मोदीनगर पुलिस ने पकड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मोदीनगर में गंगनहर पटरी पर पुलिस की वर्दी पहनकर कर वाहन चालकों से अवैध उगाही करने वाले फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया गया है।

पकड़ा गया फर्जी दरोगा काफी समय से पुलिस बनकर अवैध उगाही करने का काम कर रहा था। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि शनिवार रात को महेंद्र सिंह पनी कार से गंगनहर पटरी मार्ग से दिल्ली की ओर जा रहे थे। इसी बीच उन्हें पुलिस की वर्दी पहने एक युवक ने रोक लिया और उनकी गाड़ी में बैठ गया। दरोगा ने महेंद्र सिंह से अवैध वसूली करने शुरू कर दी। महेंद्र सिंह को शक हुआ और वह उसे सौंदा पुलिस चौकी ले गए।

उन्होंने उक्त व्यक्ति के संदिग्ध होने के बारे में मौजुद पुलिस कर्मियों को बताया। यह देखकर वह व्यक्ति मौके से भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने पीछा करके उसे दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम शिवकुमार निवासी किठौर जनपद मेरठ का रहने वाला बताया।

# छात्रा का अपहरण, जबरन खिलाया नशीला पदार्थ

**नोएडा।** नोएडा में एक छात्रा का अपहरण कर लिया गया। आरोप है कि अपहरण के बाद छात्रा को जबरन नशीला पदार्थ खिलाया गया।

छात्रा हाईवे किनारे बेसुधी की हालत में पड़ी मिली। उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान भी मिले हैं। छात्रा की मां की शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एक्सप्रेस-वे कोतवाली में दी शिकायत में एक छात्रा की मां द्वारा शिकायती पत्र दिया गया है। शिकायती पत्र में किशोरी की मां ने बताया कि वह नोएडा के सेक्टर-168 स्थित एक सोसायटी में परिवार के साथ रहती है।

# 42 लाख की नकदी और सोना चोरी करने वाले चार आरोपी धरे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में पुलिस ने एक सनसनीखेज खुलासा किया है। नोएडा में नकदी और सोने के जेवर की सुरक्षा के लिए जिस व्यक्ति को जिम्मेदारी दी गई, उसी व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ मिलकर डूप्लेक्स में ताला तोड़कर नकदी व सोने की ज्वैलरी को साफ कर गया।

इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्यों की तलाश जारी है। आपको बता दें कि 4 नवंबर को नोएडा के थाना सेक्टर-58 क्षेत्र अंतर्गत डुपलेक्स नंबर 22 शिवालिक सेक्टर 61 नोएडा में दीवाली के उपलक्ष में कुछ कीमती सामान और कैश रखा था। जिसकी देखभाल के लिए नौकर राम बहादुर को केयर टेकर तथा धीरेंद्र सिंह गार्ड के रुप में रखा गया था। 4 नवंबर 2023 की सुबह करीब 6 बजे राम बहादुर ने फोन पर बताया कि रात 2 बजे से सुबह 5 के बीच अज्ञात लोगों के द्वारा ऊपर के कमरे में रखा हुआ कीमती सामान मय कैश दरवाजा तोड़कर चोरी कर लिया गया है।



साथियों के साथ मिलकर डूप्लेक्स में ताला तोड़कर नकदी व सोना लूटने वाली पुलिस गिरफ्त में, साथ में बरामद सामाना।

# अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, डेढ़ करोड़ का माल बरामद

● कंपनी के वेयरहाउस से चोरी किया था सामान, चार गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




ग्रेटर नोएडा में सूरजपुर थाना पुलिस ने एक अंतरराज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड किया है। पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चोरों के कब्जे से करीब डेढ़ करोड़ रुपये के कीमती कैमरे, कैमरों के लैंस व ईयरबर्डस बरामद किए गए हैं।

आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर क्षेत्रांतर्गत गुरुद्वारा रो? पर स्थित सोनी कम्पनी के वेयरहाउस से दीपावली की रात यानि 12 नवंबर 2023 की रात करीब 10 बजे वेयरहाउस की पीछे की दीवार पर लगी टीन की चादर को उखा?कर सोनी कम्पनी के कैमरे व कैमरों के लैंस व ईयरबर्डस आदि सामान को चोरी कर लिया गया था। चोरी गए सामान की कीमत करीब एक करोड़ 50 लाख रुपये थी।

चोरी के संबंध में सोनी वेयर हाउस के एक्सीक्यूटिव द्वारा थाना सूरजपुर पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रविवार को थाना सूरजपुर पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना पर कार्यवाही करते हुए एलजी गोलचक्कर के पास से चार चारों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए चोरों के कब्जे से सोनी कंपनी के वेयरहाउस से चोरी हुए सोनी कंपनी के 60 कैमरे, 13 कैमरा लैंस, 22 मैमोरी कार्ड, 23 एयर बर्डस (कीमत करीब एक करोड़ 50 लाख रूपये) तथा घटना में प्रयुक्त कार गाड़ी अर्टिगा कार बरामद की है। पकड़े गए चोरों ने पुलिस पूछताछ में हरियाणा के सोनीपत जिले के कुंडली क्षेत्र में पैनासोनिक के वेयर हाउस में चोरी करने की बात स्वीकार की गई। पकड़े गए चोर माया पटेल उर्फ संदीप पटेल उपरोक्त द्वारा कर्नाकट के बैगलोर, महाराष्ट्र के मुम्बई में इलैक्ट्रानिक्स वेयरहाउस में चोरी करने की घटना में स्वीकार किया गया है। आरोपियों की पहचान माया पटेल उर्फ संदीप पटेल पुत्र जयप्रकाश पटेल निवासी सुंगुलपुर पोस्ट गुतवन थाना मडियाहूँ जनपद जौनपुर, सुरेन्द्र कुमार पटेल उर्फ सूर्या पुत्र स्व. जगदीश पटेल निवासी ग्राम बोधीपुर थाना निवडिया जनपद जौनपुर, विशाल कुमार सेठ पुत्र मोहन लाल सेठ निवासी ग्राम पुरेव थाना जलालपुर जनपद जौनपुर, सूरज बेनबंशी पुत्र संतोष बेनबंशी निवासी ग्राम पुरेव थाना जलालपुर जनपद जौनपुर के रूप में हुई है।

# मेडिकल स्टोर में लूट की कोशिश

● पुलिस बोली, मामला आपसी रंजिश का

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मोदीनगर में कोतवाली क्षेत्र में शनिवार रात सात बजे कार सवार दो बदमाशों ने दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित एक मेडिकल स्टोर पर धावा बोला और तमंचा दिखाकर दवा कारोबारी से लूट का प्रयास किया।

कारोबारी के शोर मचाते हुए विरोध करने पर बदमाश गोविंदपुरी की तरफ फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पीड़ति द्वारा दिए गए कार नंबर के आधार पर पुलिस जांच कर रही है।

गोविंदपुरी कॉलोनी निवासी संजय कुमार का दिल्ली-मेरठ मार्ग पर महेंद्रपुरी गेट से पहले खुशबू सर्जिकल के नाम से मेडिकल स्टोर है। पीड़ित के अनुसार, रात में सात बजे वह मेडिकल स्टोर पर अकेले थे। इसी बीच एक कार मेडिकल स्टोर से चंद कदमों की दूरी पर आकर रुकी। कार से एक बदमाश उतारा और मेडिकल स्टोर के अंदर घुस गया। कारोबारी के दवा संबंधित पूछने पर बदमाश ने तमंचा निकाल लिया और कारोबारी को तमंचा दिखाते हुए लूट का प्रयास किया। इसी बीच दूसरा बदमाश भी मेडिकल स्टोर पर पहुंच।

यह देख कारोबारी ने शोर मचा दिया। जिस पर बदमाश कार में सवार होकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

दवा कारोबारी से घटनाक्रम की जानकारी ली गई। पीड़ित ने बताया कि दोनों बदमाशों ने मुंह पर कपड़ा लपेट रखा था। कारोबारी द्वारा पुलिस को कार नंबर दिया गया है। जिसके आधार पर पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि मामला कारोबारी की किसी आपसी रंजिश से जुड़ा लग रहा है।

आस्था का महापर्व

# छठ व्रतियों ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य



डूबते सूर्य को अर्घ्य देती महिला श्रद्धालु। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में छठ महापर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है, रविवार शाम को बड़ी संख्या में व्रती और श्रद्धालु डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। देश में श्रद्धालुओं के बीच महापर्वछठ को लेकर उत्साह और उमंग का माहौल है। इस दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी नई दिल्ली विधानसभा में दिल्ली वालों के साथ छठ पूजा की। उन्होंने ईस्ट किदवई नगर में सूर्य को अर्घ्य दिया। सुबह उन्होंने छठ पूजा के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं।

राजधानी में यमुना के किनारे बने और अन्य स्थानों पर श्रद्धालुओं का सैलाब देखा गया, जहां चारो तरफ छठ की धूम रही। चार दिवसीय छठ पूजा 17 नवंबर को शुरू हुई। त्योहार के दौरान भक्त उपवास करते हैं और सूर्य देव को प्रार्थना करने के लिए नदियों और तालाबों के किनारे इकट्ठा होते हैं। दिल्ली सरकार ने एक हजार छठ महापर्व की तैयारी को लेकर एक हजार से अधिक घाटों की व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए किया था। शाम को व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। दिल्ली सरकार की तरफ से छठ पूजा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए थे। सरकार के मंत्री और विधायक भी कई छठ घाटों का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिए और श्रद्धालुओं की हर संभव मदद की।

## यमुना के घाटों और तालाबों पर जनसैलाब, सुरक्षा के कड़े इंतजाम





"भगवान सूर्य की पूजा और आस्था के महापर्व छठ पूजा की आप सभी को शुभकामनाएं। छठी मैया आप सभी को स्वस्थ, खुश, समृद्ध रखें और आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी करें।"




"छठ पूजा को लेकर सरकार द्वारा घाटों पर किए गए इंतजाम नाकाफी हैं। सरकार को इससे बेहतर इंतजाम करना चाहिए। दिल्ली के छठ घाटों पर श्रद्धालुओं के सही इंतजाम नहीं किए गए हैं। हालांकि, केजरीवाल का दावा है कि छठ पूजा कर सकें इसके लिए सभी इंतजाम किए गए हैं।"

**-प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा**



"सरकार द्वारा छठ पूजा का आयोजन किया गया है और लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए माकूल इंतजाम किए गए हैं। विभिन्न जगहों पर बड़ी संख्या में लोग छठ मना रहे हैं। मुख्यमंत्री की तरफ से दिल्ली के लोगों को छठ पूजा की शुभकामनाएं देता हूं।"

**- पर्यावरण मंत्री, गोपाल राय**






# डीटीसी की बस पलटी, तीन सवारियां घायल

- शुरुआती जांच में पता चला है कि बस मोटरसाकिल सवार को बचाने के चलते पलटी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तर पश्चिम दिल्ली के रोहिणी इलाके में रविवार सुबह दिल्ली परिवहन निगम की एक बस पलट गई। इस दुर्घटना में बस में सवार तीन लोगों को मामूली चोट आई है। उन्हें इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। शुरुआती जांच में पता चला है कि बस मोटरसाकिल सवार को बचाने के चलते पलट गई।

रोहिणी सेक्टर-15 के पास रविवार सुबह के समय डीटीसी की इलेक्ट्रिक बस हादसेका शिकार हो गई। यह बस 879 रूट की थी, और सुबह के समय मधुबन चौक से होते हुए के एन काटजू मार्ग से होकर अपने गंतव्य स्थान की ओर जा रही थी। बस जैसे ही रोहिणी सेक्टर 15 की तरफ मुड़ी तभी बस अचानक बेकाबू हो गई और हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि जब ये बस मुड़ी तो उसी दौरान अचानक एक बाइक बस के सामने आ गई। बस चालक ने तुरंत ब्रेक लगाया तभी बस पलट गई। बस की गति तेज थी, जिसकी वजह से ये हादसा हुआ। हादसे के बाद यातयात बाधित हो गया। बस पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची, जिसके बाद जेसीबी की मदद से बस को हटाया गया।



## सड़क हादसे में ऑटो चालक की मौत

**नई दिल्ली। उत्तर-पूर्व दिल्ली के वेलकम मेट्रो स्टेशन के पास रविवार तड़के एक अज्ञात वाहन ने ऑटो को टक्कर मार दी जिससे 30 वर्षीय ऑटो-रिक्शा चालक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान अकरम के रूप में हुई है जबकि घायल व्यक्ति की अभी पहचान नहीं हो पाई है।**

**पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की ने कहा, हमें सुबह लगभग पांच बजकर 38 मिनट पर पुलिस नियंत्रण कक्ष में वेलकम क्षेत्र में 66 फुटा रोड, दरबार चिकन के पास एक ऑटो-रिक्शा के दुर्घटना ग्रस्त होने के बारे में फोन पर सूचना मिली। टिर्की ने कहा कि एक टीम को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया और हादसे में घायल दो लोगों को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। लेकिन चिकित्सकों ने ऑटो-रिक्शा चालक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे घायल व्यक्ति की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है और प्राथमिकी दर्ज की गई है।**

## मरीजों को क्लीनिक भेजने वाला फार्मासिस्ट गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश में एक क्लीनिक में सर्जरी के दौरान एक मरीज की मौत में कथित संलिप्तता के लिए दिल्ली पुलिस ने 42 वर्ष के एक फार्मेसिस्ट को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक, फार्मेसिस्ट अक्सर मरीजों को उस क्लीनिक में भेजा करता था, जहां सर्जरी के दौरान हाल ही में दो मरीजों की मौत हुई थी। पुलिस ने मामले में एक झोलाछाप डॉक्टर सहित चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था। अग्रवाल मेडिकल सेंटर चलाने वाला नीरज अग्रवाल, जसप्रीत सिंह (दोनों एमबीबीएस चिकित्सक), अग्रवाल की पत्नी पूजा और पूर्व लैब तकनीशियन महेन्द्र सिंह को 14 नवंबर को गिरफ्तार करके 16 नवंबर को एक अदालत में पेश किया गया था, जहां से उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था।

दक्षिणी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि संगम विहार इलाके में दवा की दुकान चलाने वाले जुल्फिकार की गिरफ्तारी के साथ मामले में रविवार को नया मोड़ आया। उपायुक्त ने बताया कि वह अपनी दुकान पर आने वाले गुर्दे की पथरी, स्त्री रोग संबंधी समस्याओं और अन्य बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को अक्सर अग्रवाल क्लीनिक भेजा करता था।

# खुदरा व्यापारी मालामाल 8 हजार करोड़ का कारोबार

- दिवाली-छठ पर कपड़े, फल, फूल, सब्जी, साड़ियों एवं मिट्टी के चूल्हे समेत अन्य का देशभर में हुआ व्यापार

**संजय राय।** नई दिल्ली

भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है और देश 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था को छूने वाला है। धनतेरस, दिवाली से लेकर चार दिवसीय छठ पूजा के दौरान देशभर में 8000 करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड व्यापार हुआ है। गत 17 नवंबर को नहाय-खाय से शुरू होकर तथा सोमवार यानी 20 नवम्बर को अर्घ्य के साथ समाप्त होगा। इसके अलावा, व्यापार निकाय 23 नवंबर से 15 दिसंबर तक 23 दिन की अवधि के दौरान 51 करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान लगा रहे हैं।

एक अनुमान के अनुसार छह लाख शादियों में लगभग 25 लाख रुपये खर्च होने की उम्मीद है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के आंकड़ों से पता चलता है कि हर साल त्योहारों, तीर्थयात्राओं और शादियों का व्यापार 25 लाख करोड़ रुपये होता है, जो देश के कुल खुदरा व्यापार का लगभग 20फीसदी है।

इस साल हर त्योहार की बिक्री के आंकड़े जारी करने वाले कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने रविवार को छठ पूजा की बिक्री के आंकड़े जारी करते हुए खुलासा किया कि खुदरा बाजारों में दिवाली से लेकर छठ पूजा तक 8000 करोड़ रुपये से ज्यादा की रिकॉर्ड बिक्री हुई है। इस वर्ष त्यौहारी आंकड़ों से पता चला कि छठ पूजा के लिए फल, फूल और सब्जियां बड़े पैमाने पर बिकीं। इसके अलावा, कपड़े, साड़ी, परिधान, मेकअप का सामान, अनाज, आटा, चावल, दालें और अन्य खाद्य सामग्री, सिन्दूर, सुपारी, छोटी इलायची और पूजा सामग्री, नारियल, आम की लकड़ी, मिट्टी का चूल्हा, देसी घी और अन्य सामानों की खरीदारी की। देशभर में छठ पर्व से पहले लोगों ने बड़े पैमाने पर सामान खरीदा। अनुमान है कि देशभर में 20 करोड़ से ज्यादा लोग छठ पूजा कर रहे हैं, जिनमें पुरुष, महिलाएं, युवा और बच्चे शामिल हैं।



कैट के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि यह त्योहार बिहार और झारखंड के अलावा पूर्वी उत्तर प्रदेश, दिल्ली, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों में भी इसी तरह से बड़े उत्साह और उमंग के त्योहार मनाया जाता है। बिहार के लोग बड़ी संख्या दूसरे राज्यों में काम करके अपनी आजीविका कमाते हैं।

उन्होंने कहा छठ पूजा के बाद अब त्योहारों का सिलसिला 23 नवंबर को खत्म होगा जब देशभर में बड़े पैमाने पर तुलसी विवाह मनाया जाएगा और उसी दिन से देश में शादी का सीजन भी शुरू हो जाएगा।

# निजी स्कूलों में निगरानी के लिए बने समिति

- कोर्ट ने सीपीसी की सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी सरकार को निजी गैर सहायता प्राप्त स्कूलों और मान्यताप्राप्त निजी गैर सहायतित अल्पसंख्यक स्कूलों के कर्मचारियों के वेतन व बकाया से संबंधित छठे और सातवें केंद्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) की सिफारिशों तथा दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित करने का निर्देश दिया है।

उच्च न्यायालय ने अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा को बड़ा हथियार करार देते हुए कहा कि नियामक प्राधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि देश के प्रत्येक छात्र को समान गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान की जाए। उच्च न्यायालय ने कहा कि केंद्रीय और स्थानीय स्तर पर समिति का गठन किया जाएगा। अदालत ने शिक्षा निदेशालय (डीओई) को क्षेत्रीय समिति बनाने के लिए दो सप्ताह में एक अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया, समिति में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों समेत विभिन्न हितधारक शामिल होंगे। अदालत ने कहा कि जो लोग वेतन आयोग के कार्यान्वयन न होने से व्यथित हैं, वे समिति के समक्ष अपना दावा प्रस्तुत कर सकेंगे।

न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह ने कहा, यह अदालत मानती है कि यह एक खेदजनक स्थिति है कि स्कूल के कर्मचारी बच्चों की शिक्षा में योगदान देने के बजाय, इस अदालत के समक्ष वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार अपने वेतन

## दोहरे हत्याकांड में पांच आरोपी बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 2010 के दोहरे हत्याकांड में पांच आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि महत्वपूर्ण गवाह की गवाही विश्वसनीय नहीं थी और परिस्थितिजन्य साक्ष्य निर्णायक रूप से उनके अपराध को साबित करने में विफल रहे

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सचिन सांगवान, आरोपी मोहम्मद इलियास, मोहम्मद यामीन, गुलफाम, राज कुमार और सुरेंद्र के खिलाफ एक मामले की सुनवाई कर रहे थे। वर्ष 2022 में मिंटू नामक आरोपी की मौत के बाद उसके खिलाफ कार्यवाही बंद कर दी।

# बामनोली भूमि: एलजी ने विचार करने से किया इनकार

- आरोपों को बताया पूर्वाग्रह से ग्रेसित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने सतर्कता मंत्री आतिशी की उस रिपोर्ट पर विचार करने से इनकार कर दिया है, जिसमें बामनोली भूमि अधिग्रहण मामले में मुख्य सचिव नरेश कुमार की प्रथम दृष्टया संलिप्तता का आरोप लगाया गया है।

राजनिवास के सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि रिपोर्ट पर विचार करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया गया कि यह पूरी तरह से मंत्री के पूर्वाग्रह पर आधारित प्रतीत होती है। सक्सेना ने सरकार द्वारा उन्हें सौंपी गई रिपोर्ट पर अपनी टिप्पणी में कहा कि इस रिपोर्ट से जारी जांच में मदद मिलने के बजाय उसमें बाधा पैदा हो सकती है।

उन्होंने फाइल में की गई टिप्पणी में कहा, मुझे माननीय (सतर्कता) मंत्री द्वारा प्रस्तुत और माननीय मुख्यमंत्री द्वारा समर्थित शिकायतों पर प्रारंभिक रिपोर्ट मिली है। यह आश्चर्यजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है कि सतर्कता से संबंधित संवेदनशील मामलों से जुड़ी यह रिपोर्ट गोपनीय लिफाफे में मेरे सचिवालय को भेजी गई है, लेकिन यह पहले से ही सार्वजनिक हो चुकी है और इसकी डिजिटलाइलेक्ट्रॉनिक प्रतियां खुले तौर पर उपलब्ध हैं तथा इसके विवरण के बारे में मीडिया में व्यापक रूप से खबरें प्रसारित की गई हैं। इसमें कहा गया है कि रिपोर्ट का चुनिंदा हिस्सा मीडिया में कथित तौर पर लीक हो गया है, जिसे देखते हुए प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि इस कथित जांच का मकसद सच्चाई का पता लगाना नहीं, बल्कि मीडिया ट्रायल शुरू करना और इस पूरे मुद्दे का राजनीतिकरण करना है जबकि यह मामला उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है। उन्होंने कहा, कोई भी यह सोचने पर मजबूर हो सकता है कि क्या यह सार्वजनिक पूर्वाग्रह पैदा करने जैसा नहीं है, जिसका उद्देश्य माननीय अदालतों को प्रभावित करना है। चूंकि मुख्य सचिव और मंडलायुक्त की सिफारिशों के आधार पर मेरे द्वारा अनुमोदित मामले की पहले से ही सीबीआई द्वारा जांच की जा रही है, मेरा मानना है कि मेरे समक्ष जो सिफारिश की गई है वह पूर्वाग्रह से ग्रसित है और विचार करने योग्य नहीं है तथा इसलिए इस पर विचार करने

# राजधानी में 83 और प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खोलने की मिली अनुमति

## आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, दिल्ली शॉप एस्टीब्लिशमेंट एक्ट का कड़ाई से करना होगा पालन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नाइट लाइफ, आर्थिक गतिविधियों और रोजगार को बढ़ावा देने के मकसद से दिल्ली सरकार ने 83 दुकानों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खोलने की अनुमति दी है। मख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने श्रम विभाग से मिले प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। ये व्यवसायिक प्रतिष्ठान शॉप, कमर्शियल, रेस्टोरेंट, एस्टीब्लिशमेंट, रिटेल ट्रेड कैटेगरी की हैं। दुकान मालिकों को दिल्ली शॉप एस्टीब्लिशमेंट एक्ट 1954 में दिए गए प्रावधानों और नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा। सरकार इन दुकानों की निगरानी भी करती रहेगी, ताकि कोई नियमों का उल्लंघन करे तो कार्रवाई की जा सके। दिल्ली सरकार के मुताबिक 24 घंटे दुकानों का संचालन करने के इच्छुक 122 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। 29 आवेदन पत्रों में कमियां थी। जबकि, 83 आवेदन सही पाए गए। अब उपराज्यपाल से प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद ये दुकानें 24 घंटे संचालित हो सकेंगी।



दिल्ली सरकार के अनुसार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के स्वामियों को दिल्ली शॉप एस्टिब्लिशमेंट्स एक्ट 1954 की धारा 14, 15 व 16 में दिए गए प्रावधानों का कड़ाई से पालन करना होगा। मसलन, गर्मियों के मौसम में रात 9 से सुबह 7 बजे तक और ठंड के मौसम में रात 8 से सुबह 8 बजे के दौरान किसी भी प्रतिष्ठान में महिला कर्मचारियों को काम करने की अनुमति नहीं होगी। दुकानों को तय समय के अंदर ही खोलना और बंद करना होगा। इसका उल्लंघन करने पर दुकान बंद कराई जा सकती है। अगर ग्राहक इंतजार कर रहे हैं तो दुकान खोलने के लिए 15 मिनट अतिरिक्त समय मिलेंगे। अलग-अलग इलाकों में दुकानों को खोलने या बंद रखने का अलग-अलग समय निर्धारित हो सकता है और स्वामियों को उसका पालन करना होगा।

**इन दुकानों खोलने की मिली मंजूरी**

दिल्ली सरकार ने जिन दुकानों को 24 घंटे संचालित करने की अनुमति दी है, उनमें कई काटेगरी दुकानें हैं। मसलन, द्वारका, माता सुंदरी, नेताजी सुभाष प्लेस, करोल बाग, सरिता विहार, कमला नगर, द्वारका, सिलेक्ट सिटी, ग्रेटर कैलाश एक में शॉप काटेगारी की एक-एक दुकानें खुलेंगी।

इसी तरह, डिफेंस कॉलोनी और आईजीआई एयरपोर्ट पर रेस्टोरेंट की एक-एक दुकान 24 घंटें खुलेंगी। राजौरी गार्डेन, ककरौला, लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन, रोशनआरा सब्जी मंडी, पीतमपुरा, चंद्रावली, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया व फेस दो, सेक्टर तीन रोहिणी, उद्योग नगर, धीरपुर, यमुना बैंक, पालम डाबरी, मंगोलपुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, नरायणा, बपरौला, गाजीपुर, कृष्णा नगर, नंगली, बमनोली, हौज खास, दशरतपुरी मेट्रो स्टेशन, पुश्ता करतार नगर, द्वारका, सुभाष नगर, मयुर विहार फेस एक, घिटोरनी मेट्रो स्टेशन, आईजीआई एयरपोर्ट, मटियाला, कराला, नरेला, उत्तम नगर, बुराड़ी, गौतम नगर, रोहिणी सेक्टर 19, वेलकम मेट्रो स्टेशन पर कामर्शियल की दुकानें खोलने की अनुमति दी गई है। इसके अलावा, यमुना विहार, सुभाष काम्प्लेक्स जीके-2 में रिटेल ट्रेड की कुछ दुकानें 24 घंटे संचालित करने की अनुमति दी गई है।

# मेट्रो में नहीं थम रहा यात्रियों के आपत्तिजनक हरकतों का सिलसिला

- डीएमआरसी प्रमुखने कहा- रोकने को उठाए जा रहे कदम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मेट्रो में नहीं थम रहा आपत्तिजनक हरकतों का सिलसिला। आपत्तिजनक वीडियो के हाल के महीनों में वायरल होने के बाद मेट्रो प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है। डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक विकास कुमार ने लोगों से अपील की कि वे मेट्रो में इस तरह की गतिविधियां नहीं करें। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए मेट्रो की तरफ से कई कदम उठाए जा रहे हैं।

विकास कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि दस्ते समय-समय पर औचक निरीक्षण करते हैं और डीएमआरसी इस प्रकार की गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए भरसक कोशिश कर रहा है।

मेट्रो में यात्रा करने वाले कुछ लोग सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए ट्रेन के अंदर या प्लेटफॉर्म में मशहूर गाने में डॉस करते हैं और कोई अन्य उनका वीडियो बनाता है।

वहीं कुछ ऐसे भी वीडियो सामने आए हैं जिनमें युवा जोड़े ट्रेन में अंतरंग होते नजर आए। एक ऐसा भी वीडियो एक्स पर सामने आया जिसमें एक युवा लड़की काफी छोटे कपड़े पहने दिखाई दी, जिसके बाद सार्वजनिक स्थानों पर मर्यादा और व्यक्तिगत आजादी को लेकर ऑनलाइन बहस छिड़ी।

# विधायक सुधीर सिंगला ने राजस्थान के कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने अलवर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित अति महत्वपूर्ण बैठक में शिरकत की। बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा की। बैठक में राजस्थान के संगठन मंत्रीचंद्रशेखर, सिद्धार्थन, सांसद रमेश पोखरियाल, सांसद सुनीता दुग्गल, जिलर अध्यक्ष अशोक गुप्ता समेत जिला की संपूर्ण टीम बैठक में शामिल हुई।

संगठन मंत्री ने सभी विधानसभा पर एक-एक प्रमुख कार्यकर्ताओं की बात को सुना। जो

## कार्यकर्ताओं से कहा, जनता को केंद्र की योजनाओं से कराएं अवगत

कुछ बेहतर किया जा सकता है, उस पर भी चर्चा की। उन्होंने इस दौरान कार्यकर्ताओं में भी जोश भरा। इस दौरान विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी राजस्थान की जनता के बीच केंद्र की योजनाओं को लेकर जाएं। पड़ोसी राज्य हरियाणा की योजनाओं को लेकर जाएं। केंद्र सरकार द्वारा आम, गरीब आदमी को जो सुविधाएं दी



अलवर जिला भाजपा कार्यालय में बैठक के दौरान विधायक सुधीर सिंगला व अन्य नेतागण।

जा रही हैं, उनसे जनता को रूबरू कराएं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ राजस्थान की जनता ले भी रही है। विधायक ने कहा कि राजस्थान में इस समय कांग्रेस की सरकार है, लेकिन यहां केंद्र सरकार की उज्जवला योजना का लाभ लोगों को मिल रहा है। उज्जवला योजना में 500 रुपये का सिलेंडर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब यह सिलेंडर 1100 रुपये में बिकता था, तब केंद्र सरकार ने 200 रुपये की सब्सिडी दी। अगस्त में 300 रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी दी गई। इससे साफ है कि राजस्थान सरकार का इसमें कोई योगदान नहीं है। गैस सिलेंडर पर 600 रुपये तो केंद्र सरकार से राजस्थान सरकार ले रही है।

केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी भी इस विषय पर जनता के बीच विस्तार से बता चुके हैं। केंद्रीय मंत्री के बयान को आगे बढ़ाते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि राजस्थान सरकार के वेट नहीं घटाने के कारण यहां पर पेट्रोल-डीजल दूसरे राज्यों की तुलना में 11 रुपये महंगा है।

यहां बीजेपी सरकार बनने के बाद लखनऊ की तरह पेट्रोल 96 रुपये लीटर हो जाएगा। सीएम अशोक गहलोत पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराते हैं, जो कि गलत है। सुधीर सिंगला ने राजस्थान की जनता से आग्रह किया है कि इस बार बदलाव करके प्रदेश के चहुंमुखी विकास का रास्ता तैयार करें। कांग्रेस की सरकार ने योजनाओं के नाम पर जनता को सिर्फ बहकाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जोमैटो डिलीवरी ब्वॉय को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच-85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने अवैध हथियार तथा चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम सूरज है जो फरीदाबाद के खेड़ीपुल एरिया का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम में आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ खेड़ीपुल थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की जिसमें सामने आया कि आरोपी जोमैटो में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता है और नशा करने का आदी है। आरोपी ने दिल्ली के मालवीय नगर इलाके से मोटरसाइकिल चोरी की थी तथा जोमैटो में डिलीवरी के दौरान खेड़ीपुल एरिया से एक मकान से पंखा, पानी की टूटिया तथा प्रेस चोरी की थी। आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान बरामद करने के बाद आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

### नवनिर्वाचित पार्षद संदीप सिंगला कल लेंगे शपथ



**सोहना।** नगर परिषद के वार्ड-15 से नवनिर्वाचित पार्षद संदीप सिंगला मंगलवार को पद व गोपनीयता की शपथ लेंगे। जिन्हे नगर परिषद कार्यालय के सभागार में शपथ दिलाई जाएगी। इसी नवंबर माह की 5 तारीख को नगर परिषद के वार्ड-15 में हुआ उपचुनाव में पार्षद का चुनाव जितने वाले संदीप सिंगला मंगलवार को पद व गोपनियता की शपथ लेंगे। संदीप सिंगला को चेयरपर्सन अंजू देवी की अध्यक्षता में यह शपथ दिलाई जाएगी। इस शपथ पद समारोह में नगर पषिद के सभी पार्षद और विधायक संजय सिंह को भी बुलाया गया है। परिषद कार्यालय में नवनिर्वाचित पार्षद संदीप सिंगला के शपथ ग्रहण समारोह की पूरी तैयारियां शुरु कर दी है। नवनिर्वाचित पार्षद संदीप सिगला ने वार्ड-15 से ही दूसरी बार चुनाव लड़ते हुए जीत हासिल की थी। संदीप सिंगला ने अपने विरोधी कुसुम गोयल को 162 मतों से हराया था। जबकि 2022 में संदीप सिंगला को कुसुम गोयल के पति स्वर्गीय अधिवक्ता राजकुमार गोयल ने हराया था।

### मानव गौसेवा धाम गाड़ोली में मनेगा गोपाष्टमी पर्व

**गुरुग्राम।** गाड़ोदी खुर्द स्थित मानव गौसेवा धाम में गोपाष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस पर्व को मनाने के लिए हम सबकी भागीदारी अधिक से अधिक होनी चाहिए। गौमाता की पूजन करके हम अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम करें। यह बात पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने गौ प्रेमियों को गोपाष्टमी पर्व का न्यौता देते हुए कही। नवीन गोयल ने बताया कि माधव गौसेवा धाम गाड़ोली खुर्द में गोपाष्टमी पर्व को भव्य बनाने के लिए गौशाला के संचालक सतीश तायल, डा. डीपी गोयल, विनय मंगल, मनीष शर्मा, मनीष यादव, राजेश बंसल, पार्थ तायल आदि ने इस आयोजन को बेहतर बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। सबसे पहले सुबह के समय गौरक्षा यज्ञ किया जाएगा। फिर गौपूजन होगा। जिसमें सभी लोग गौ माता का पूजन करके आशीर्वाद लेंगे। गऊओं को गुड़ आदि खिलाएंगे। नवीन गोयल ने गौ प्रेमियों से आग्रह किया है कि इस आयोजन में हम सबकी भागीदारी होनी चाहिए। गाय की रक्षा के लिए भी हमें कार्य करना चाहिए। जहां कहीं भी बीमार, लाचार गाय नजर आए, उसे नजदीकी गौशाला में पहुंचाना चाहिए। प्रदेश सरकार ने गऊओं की रक्षा के लिए बेहतर कार्य किए हैं। लोगों के द्वारा छोड़ी गई गायों को गौशालाओं में पहुंचाने के लिए निर्देश प्रदेश सरकार की ओर से जारी किए जा चुके हैं।

# गुरुग्राम को विकसित करने में सहयोगी पूर्वांचली भाईयों के श्रम को नमन

## छठ पूजा समिति बसई की ओर से छठ महोत्सव कार्यक्रम में बोले गोयल

## छठ पर्व हम सभी को सबको एक सूत्र में पिरोकर रखता है

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने रविवार से शुरू हुए छठ पर्व की गुरुग्राम में रह रहे पूर्वांचल के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए सबकी खुशहाली, सुख-समृद्धि की कामना की। शहर में मनाए जा रहे विभिन्न छठ कार्यक्रमों में उन्होंने शिरकत करके छठ मइया को नमन किया।

इस अवसर पर धर्मेंद्र मिश्रा प्रधान, गोपाल सिंह महासचिव, दिनेश मिस्त्री उपाध्यक्ष, राहुल पांडे



गुरुग्राम में छठ पूजा कार्यक्रम में शिरकत करते नवीन गोयल।

सचिव, वेदानंद तिवारी कोषाध्यक्ष, छोटेलाल प्रधान, रीना झा, बीके पांडे, सूरज राय, दूधेश्वर, अरविंद, राजन समेत सेंकड़ों की संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

छठ पूजा समिति बसई की ओर से बसई के तालाब पर आयोजित छठ महोत्सव में पहुंचे नवीन गोयल ने नवीन गोयल ने सभी को प्रकृति संरक्षण के इस अनुपम पर्व की शुभकामनाएं दीं। पूर्वांचल के लोगों की एकता पर कहा कि हम सबको इसी एकता के साथ रहना है। हमारी एकता, अखंडता अगर मजबूत होगी तो हम किसी भी बाधा को पार कर सकते हैं। नवीन गोयल ने पूर्वांचल के लोगों की परिश्रम को नमन करते हुए कहा कि लेबर से लेकर अफसर तक यहां पर पूर्वांचल के लोग काम कर रहे हैं।

निजी क्षेत्र में पूर्वांचल के लोगों की अहम भागीदारी है। अपने प्रदेश को छोड़कर हरियाणा में आकर रह रहे पूर्वांचल के लोग यहां की इकॉनोमी को भी बढ़ाते हैं। इनकी मेहनत से ही गुरुग्राम साइबर सिटी, मिलेनियम सिटी और महानगर बना है। हमारे चारों तरफ जो गगनचुंबी इमारतें खड़ी हैं, इनके निर्माण में पूर्वांचल के लोगों की हर तरह से भूमिका है। नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम में कंपनियों में भी पूर्वांचल के लोगों की अच्छी-खासी संख्या है। ऐसे में हम यह कह सकते हैं कि गुरुग्राम को विकसित करने में पूर्वांचल समाज की अहम भूमिका है।

उन्होंने कहा कि पूर्वांचल का छठ पर्व अहम पर्व है। यह पर्व सबको एक सूत्र में पिरोकर रखता है। इस पर्व को पूरी निष्ठा से मनाकर पूर्वांचल के भाई-बहन घर, परिवार, देश की खुशहाली की कामना करते हैं। पर्यावरण को बेहतर बनाकर रखने का भी यह पर्व है। नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम में पूर्वांचल के निवासियों का सहयोग, योगदान ऐसे ही मिलता रहा। हम सब मिलकर गुरुग्राम को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें। जिस धरती से हमें रोजगार, रोटी मिल रही है, उस धरती को संवारने के लिए हमारा योगदान होना बहुत जरूरी है। पर्यावरण को बेहतर बनाने में हम सब मिलकर काम करेंगे तो हम इस उपलब्धि को हासिल कर लेंगे।

# विधायक राजेश नागर ने छठ घाटों पर जाकर व्रतियों को दी शुभकामना



**फरीदाबाद।** तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने आज दर्जनों स्थानों पर पहुंचकर छठ पर्व पर व्रत रखने वालों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इनमें बसंतपुर, इस्माइलपुर, अजय नगर, निखिल विहार, पल्ला पुल आदि सम्मिलित हैं। नागर ने सभी के जीवन में सुख शांति के लिए सूर्यदेव एवं छठी मैया से प्रार्थना की।

इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि छठ का पर्व बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश एवं बिहार के निवासियों द्वारा मनाया जाता है। वह कहीं भी रहें लेकिन इस पर्व को संपूर्ण भक्ति एवं शक्ति के साथ मनाते हैं। नागर ने कहा कि छठ पर्व वास्तव में शक्ति की उपासना का पर्व है और इस पर्व पर व्रत रखकर भक्तजन सूर्यदेव के प्रति अपना आभार प्रकट करते हैं। जिससे कि उनके जीवन में संपन्नता एवं शांति बनी रहे। इस अवसर पर व्रत करने वाले छठी मैया से भी आस औलाद की रक्षा के लिए प्रार्थना करते हैं।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार ने प्रशासन को निर्देश देकर अधिक से अधिक संख्या में छठ घाटों की व्यवस्था एवं घाटों पर सुरक्षा एवं स्वच्छता की व्यवस्था करवाई है। जिसका अंतर सभी को दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि मनोहर सरकार में हरियाणा एक हरियाणवी एक की नीति का अनुसरण करते हुए सभी को सम्मान, सभी को सुरक्षा प्रदान की जाती है। भाजपा सरकार के लिए स्थानीय और प्रवासी सभी एक समान हैं। उन्होंने कहा कि यह आप लोगों का प्रेम है कि मुझे प्रदेश में सर्वाधिक वोट देकर आपने विधानसभा पहुंचाया।

# कांग्रेस कार्यालय में मनाई इंदिरा गांधी की जयंती



स्वर्गीय इंदिरा गांधी की फोटो पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता।

**गुरुग्राम।** यहां कमान सराय स्थित कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धापूर्वक मनाई। स्वर्गीय इंदिरा गांधी को सभी ने श्रद्धांजलि देकर नमन किया।

इस मौके पर मुख्य रूप से गुड़गांव विधानसभा प्रभारी दीपक भारद्वाज के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरेंद्र यादव, पंकज डावर, कुलराज कटारिया, कुलदीप कटारिया, अमित भारद्वाज, परविंदर कटारिया, पर्ल चौधरी, सूबे सिंह यादव, भारत मदान, मनोज आहूजा, सुनील प्रकाश, सतबीर चेयरमैन, मुकेश सिंगला, रमन वर्मा, रवि राज, कुलदीप सिंह, राजीव यादव, रिंकू यादव, अरुण शर्मा एडवोकेट, नरेश यादव, रोशन लाल समेत अन्य भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। दीपक भारद्वाज ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की फोटो पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री रहते इंदिरा गांधी ने देश की तरक्की के लिए जो राह दिखाई और जो योगदान दिया, आज उसी की बदौलत हमारा देश बुलंदियों पर है। हमारा देश कभी भी इंदिरा गांधी के योगदान को भूल नहीं सकता।

# राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर जांच शिविर व संगोष्ठी आयोजित

**फरीदाबाद।** जिला नागरिक अस्पताल में शनिवार को आयुष विभाग की ओर से राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में नि:शुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्यातिथि के तौर पर नेचुरोपेथी विशेषज्ञ डॉ. सीवी यादव ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रतिदिन खाए जाने वाले आहार में कुछ परिवर्तन कर कई स्वास्थ्य समस्याओं से निजात पा सकते हैं। डॉ. सीवी ने कहा कि प्राथमिक तौर पर हमें अपने आहार पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि मोटे अनाज को अपनी डाइट में शामिल करें। शिविर में कई सामान्य बीमारियों के साथ-साथ त्वचा से संबंधित अनेक मरीजों की भी जांच कर दवाई दी गई। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर मंजू कुमारी ने लोगों को बताया कि हम प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा कैसे विभिन्न प्रकार के रोगों को ठीक कर सकते हैं।

# विश्वकप के फाइनल में भारत की जीत को लेकर कांग्रेसियों ने किया हवन



विश्व कप में भारत की जीत के लिए शीतला माता मंदिर में हवन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**गुरुग्राम।** भारत-ऑट्रेलिया के बीच रविवार को विश्व कप के फाइनल मैच में भारत की जीत को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शीतला माता मंदिर में हवन-यज्ञ किया। मां शीतला से भारत की जीत की कामना की।

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड कप के फाइनल मैच को लेकर प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर है।कहीं बड़ी स्क्रीनों पर मैच दिखाने की तैयारी है तो कहीं जीत के बाद जश्न मनाने की तैयारी है। कहीं हवन-यज्ञ किए जा रहे हैं। गुरुग्राम में मॉल्स व अन्य कई स्थानों पर मैच के प्रसारण के लिए बड़ी स्क्रीनें लगाई गई हैं। दूसरी तरफ शीतला माता मंदिर में भारत की जीत के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हवन-यज्ञ किया। हवन में शामिल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि पिछले सभी मैचों की तरह आज फाइनल में भी भारत की जीत पक्की है। मां शीतला से भी यही प्रार्थना की गई है। कप्तान रोहित शर्मा के नेतृत्व में टीम ने करिश्माई क्रिकेट खेला है। उन्होंने कहा कि अभी जीत होने के लिए हवन किया गया है। जीत के बाद जश्न भी मनाया जाएगा। शहर में करीब 200 स्थानों पर भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले फाइनल मैच को दिखाया जाएगा। इसकी पूरी तैयारियां की गई हैं। यहां के रमाडा होटल में वर्ल्ड कप मैच को लेकर डिशेज के नाम भी खिलाड़ियों के नाम पर रखे गए हैं।

# तिरंगा रोशनी से जगमग हुईं सोहना की सड़कें, दो दिन में लगीं 100 लाइटें

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**नगर** परिषद का शहर की सड़कों पर तिरंगा लाइट से जगमग करने के अभियान ने गति को तेज किया। दो दिन में 100 अधिक स्ट्रीट पोलों पर तिरंगा लाइटें लगाई। शहर की 8 मुख्य सड़कों पर तिरंगा लाइट लगाई जाएगी।

नगर परिषद का शहर को तिरंगा रोशन से जगमग करने की योजना भले ही देर से रंग ला रही है। लेकिन शहर को तिरंगा रंगने का अभियान धीरे-धीरे गति पकड़ने लगा है। दीपावली से पहले शुरु किया अभियान बीच में रुक गया था। लेकिन गुरुवार से ठेकेदार ने तिरंगा रोशनी से जगमग करने के अभियान को फिर से शुरु करते हुए दो दिन में 100 से अधिक स्ट्रीट पोल पर तिरंगा लाइट लगाते हुए शहर को देश के राष्ट्रीय झंडा के तिरंगा रंग से जगमग कर दिया है।

**अस्पताल मार्ग पर लगी लाइटें :** ठेकेदार ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए पर लगे स्ट्रीट लाइट पोल पर तिरंगा लाइट लगाने के अभियान को शुरु किया था। राष्ट्रीय मार्ग पर सामान्य बस स्टैंड से दमदमा चौक और चूंगी नंबर दो से नागरिक अस्पताल रोड पर अनाज मंडी के आखिर कोने तक लगे स्ट्रीट लाइट के पोल तक तिरंगा रोशनी की लगाई गई।

**शहर के सौदर्यीकरण की शुरुआत :** नगर परिषद की विभिन्न विकास की योजनाओं को अमलीजामा पहनाते हुए शहर का सौदर्यीकरण करने की योजनाओं की शुरुआत होने लगी है।



सोहना का नागरिक अस्पताल मार्ग तिरंगा रोशनी से जगमगाता हुआ।

> “ तिरंगा रोशनी लगाने वाली एजेंसी के कर्मचारी दीपावली पर अपने घरों को चले गए थे। जिसके कारण दीपावली पर कार्य बंद रहा। अब फिर से तिरंगा रोशनी लाइट लगाने के अभियान को शुरु कर दिया है। अब यह कार्य पूरा होने पर ही बंद होगा।
>
> **( राजपाल खटाना- एसडीओ नप )**

शहर में अन्य कई करोड़ों रुपये की विकास कार्य योजनाएं है। जिनके पूरा होने पर शहर की चमक बढ़ेगी।

# छठ से एक दिन पहले ढलते हुए सूरज को दिया अर्घ





सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में रविवार की शाम छठ से एक दिन पहले ढलते हुए सूरज का अर्घ देते हुए।



**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**सोहना** के देवीलाल खेल स्टेडियम में रविवार की शाम छठ का व्रत करने वालों ने ढहलते सूरज को अर्घ दिया। छठ से एक दिन पहले व्रतियों ने रविवार की शाम को ढहलते हुए सूरज का अर्घ दिया।

अर्घ देने वालों का सायं पांच बजे से ताता लग गया था। यहां बने तालाब को रविवार की सुबह ही जल से भरा गया। छठ पूजन कमेटी द्वारा अर्घ देने वालों के लिए विशेष सुविधा की गई थी। रविवार को 100 से 125 व्रतियों ने ढहलते सूर्य को अर्घ दिया। जिसकी तैयारी दो दिन से खेल स्टेडियम में की जा रही थी। सोमवार की सुबह उगते हुए सूरज अर्घ देना होगा। छठ कमेटी ने इस बार पहले से अधिक सुविधाएं व्रतियों के लिए की गई थी।

**ढोल-बाजों पर नाचते हुए पहुंचे :** सूरज को अर्घ देने के लिए व्रतियों साथ परिजना ढोल व बाजों के साथ पहुंचे। जहां पर पूरी खुशियां मनाई तालाब के आस पास पूरी लाइट से जगमग किया हुआ था। जिसकी चमक दूर-दूर तक नजर आ रही थी।

# अगले पांच दिन में सभी क्षेत्रों में दुरुस्त हो जाएगी सफाई व्यवस्था : पीसी मीणा

## निगम प्रशासन ने कचरा उठान किया तेज

## सभी संयुक्त आयुक्त अपने-अपने जोन में लगातार कर रहे निगरानी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम ने शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए और अधिक तेजी से कार्य शुरू कर दिया गया है। सप्ताह के सातों दिन कचरा उठान पर जोर दिया जा रहा है। कई क्षेत्रों में दिन ही नहीं, बल्कि रात के समय भी सफाई व्यवस्था व कचरा उठान कार्य तेज गति से किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त पीसी मीणा भी चुनाव ड्यूटी से वापस आने के बाद लगातार शहर का दौरा कर रहे हैं।



गुरुग्राम में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते निगमायुक्त पीसी मीणा।

नगर निगम गुरुग्राम के सभी संयुक्त आयुक्त अपने-अपने जोन में पूरी क्षमता के साथ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करवाने सहित कचरा उठान तेज गति से करवा रहे हैं। अब तक पुराने पड़े कचरे को उठाया जा चुका है। दावा है कि अगले 4-5 दिन में सभी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाएगी। नगर निगम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सफाई व्यवस्था उपलब्ध करवाना है, जिसमें कई आरडब्ल्यूए, वरिष्ठ नागरिकों, पूर्व पार्षदों व अन्य गणमान्य व्यक्तियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।

निगम की ओर से कहा गया है कि सफाई कर्मचारियों की चल रही बेबुनियादी हड़ताल अब धीरे-धीरे दम तोड़ती जा रही है। सफाई कर्मचारी भी अब हड़ताल पर बैठने की बजाए काम पर वापस लौट रहे हैं। निजी एजेंसियों के माध्यम से नियुक्त होकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के साथ ही अपने परिवार की रोजी-रोटी चलाने को महत्व दे रहे हैं। इसके अलावा 200 से अधिक निगम रोल के कर्मचारी भी अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने में जुट गए हैं

**बाधा उत्पन्न करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई:** दूसरी ओर उन कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है, जो काम पर लौटने की बजाए, निगम प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्य में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश कर रहे हैं। निगम प्रशासन द्वारा स्पष्ट कर दिया गया है कि हरियाणा नगर निगम अधिनियम-1994 की धारा-303 के तहत बिना अनुमति के कोई भी सफाई कर्मचारी अगर अनुपस्थित रहता है, तो वह कार्रवाई के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। वहीं, कई कर्मचारियों को टर्मिनेट किया गया है तथा शेष अन्य को टर्मिनेट करने की योजना पर विचार हो रहा है। साथ ही भ्रष्टार के आरोप में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए सफाई यूनियन के प्रधान व सचिव को भी बर्खास्त करने के आदेश जल्द ही जारी किए जाएंगे।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 20 नवंबर, 2023



# शहर के चार पार्कों की दशा सुधारकर चकाचक बनाएगा नगर निगम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नगर** निगम ने स्मार्ट सिटी के चार पार्कों को संवारने की योजना तैयार की है। पार्कों में गेट लगाने के साथ पत्थर लगाए जाएंगे। अगले माह से चारों पार्क का काम शुरू हो जाएगा। दो महीने में इसे पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है। सेक्टर-31 में मकान नंबर-155 के पास पार्क का गेट क्षतिग्रस्त है।

सेक्टर एरिया के लोगों से शिकायत मिलने के बाद नगर निगम ने इस गेट के जीर्णोद्धार करने की योजना तैयार की है। पार्क गेट के सुधारीकरण पर 32,995 रुपये का बजट खर्च होगा। इसके साथ-साथ सेक्टर-28 में मकान नंबर-464 के नजदीक बने पार्क को भी संवारा जाएगा। यहां पर एक लाख 40 हजार रुपये खर्च होंगे। वहीं सेक्टर-28 के मकान नंबर-1128 के नजदीक बने पार्क पर तीन लाख 11 हजार 825 रुपये का बजट खर्च होगा। ओल्ड फरीदाबाद की गोपी कॉलोनी के बड़े पार्क पर धौलपुर पत्थर लगाए जाएंगे। वहीं पर पार्क की दीवार भी बनाई जाएगी। इस पर नगर निगम प्रशासन तीन लाख 85 हजार 831 रुपये का बजट खर्च करेगा। नगर प्रशासन ने चारों पार्क की मरम्मत का बजट तैयार कर निर्माण कार्य के लिए कंपनियों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### दो माह में कार्य पूरा करने का है लक्ष्य



> "**विभाग** की ओर से पार्कों को संवारने के लिए बजट मंजूर कर दिया गया है। दिसंबर माह से इन पार्कों में निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।
> **-ओमबीर सिंह, अधीक्षण अभियंता, नगर निगम**

**सेक्टर-25 के अटल पार्क में हाईमास्ट लाइट लगेंगी :** सेक्टर-25 के अटल पार्क में रोशनी के पुख्ता बंदोबस्त नहीं हैं। इस वजह से रात के समय पार्क में अंधेरा छाया रहता है। उद्यमियों से लगातार शिकायत मिलने पर नगर निगम ने यहां पर हाईमास्ट लाइट लगाने की योजना तैयार की है।

इस पार्क में हाईमास्ट लाइट लगाने पर 11 लाख 88 हजार 499 रुपये खर्च होंगे। इस माह के अंत तक इस पार्क में लाइट लगाने का व शुरू हो जाएगा। मैन्युफेक्चरर एसोसिएशन ऑफ फरीदाबाद के पूर्व प्रधान अजय जुनेजा ने बताया कि सेक्टर-25 में कई तरह की समस्याएं हैं, नगर निगम को इस बारे में बताया जा चुका है। सेक्टर में स्ट्रीट लाइटों को भी दुरुस्त करना चाहिए।

# एक्सप्रेस वे पर हादसे में ईको के परखचे उड़े, चालक की मौत

### मुंबई-बड़ोदरा एक्सप्रेस-वे पर पानी के टेंकर से टकराई

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**मुंबई-बड़ोदरा** एक्सप्रेस-वे पर कैली गांव के नजदीक एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें कार सवार 40 वर्षीय सोनू की जान चली गई। उसकी ईको कार की पानी के टेंकर से टक्कर हो गई। कार चला रहा सोनू उसके अंदर ही फंस गया। उसका टैक्सी का काम था। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने बीके नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखा है।

बल्लभगढ़ के आदर्श नगर में रहने वाले रामनरेश ने बताया कि 40 वर्षों से वे यहां पर रह रहे हैं। मूल रूप से वे उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद के रहने वाले हैं। उनका बेटा सोनू किसी काम के सिलसिले में मानेसर गया था। वह मुंबई-बड़ोदरा एक्सप्रेस से होते हुए फरीदाबाद लौट रहा था कि कैली गांव के पास एक्सप्रेस वे पर पेड़ पौधों में पानी डालने वाले एक पानी के टेंकर से सोनू की ईको की टक्कर हो गई।

सोनू अपनी ईको कार में ही फंस गया। वह हादसे के समय कार में अकेला था। हादसे के बाद सोनू को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकला गया, लेकिन तब तक सोनू की मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि उनके ड्राइवर विशाल के पास इसकी सूचना पुलिस ने दी थी, क्योंकि सोनू ने अपने फोन से आखरी कॉल विशाल को ही की थी। इसके चलते पुलिस ने आखिरी कॉल विशाल को मिलाई। जिसके बाद उन्हें यह जानकारी प्राप्त हुई। फिलहाल सोनू के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**बुलेट की टक्कर से महिला की मौत :** वहीं दूसरी तरफ नेशनल हाईवे नंबर पर पहले दिन ड्यूटी पर जा रही 24 वर्षीय महिला को तेज रफ्तार बुलेट ने टक्कर मार दी। बुलेट के चालक ने ऑटो में बैठाकर घायल महिला को बल्लभगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचा। शाम को महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान शारदा के रूप में हुई है। मृतका के भाई कृष्ण ने बताया कि बहन शारदा बल्लभगढ़ के सुभाष कॉलोनी में रहती थी। वह शनिवार को पहले ही दिन सेक्टर 58 में किसी कंपनी में काम करने के लिए जा रही थी। सड़क पार करते समय जेसीबी चौक के पास एक बुलेट चालक ने उसे टक्कर मार दी और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कृष्ण ने आरोप लगाया कि घटना के समय ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौजूद थे जिन्होंने बुलेट चालक को पकड़ लिया था, लेकिन फिर बाद में उसे छोड़ दिया।

बुलेट चालक ही उसे बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल में इलाज में भर्ती करा कर आया था, लेकिन डॉक्टर के पास भर्ती कराने वाले बुलेट चालक का कोई रिकॉर्ड नहीं है और न ही वहां पर इसे एक्सीडेंट दर्शाया गया है। उसकी बहन शारदा को भर्ती करने के बाद से बुलेट चालक फरार है। चालक को भगाने में पुलिस ने मदद की है। वह चाहते हैं कि इस मामले में पुलिस बुलेट चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करें, क्योंकि उसकी बहन शारदा के दो छोटे-छोटे बच्चे थे, जो अब अनाथ हो गए हैं, उन्हें न्याय मिलना चाहिए।

# अध्यापक संघ ने मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**हरियाणा** विद्यालय अध्यापक संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ व स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया की ब्लॉक इकाई होडल के प्रधान वीर सिंह सौरोत के नेतृत्व में होडल खंड के अध्यापकों ने विधायक जगदीश नायर को अंतर जिला तबादले करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला उपप्रधान गीतेश कुमार, ऑडिटर वेदपाल एवं खंड प्रधान वीर सिंह सौरोत ने बताया कि ज्ञापन में अध्यापकों ने मांग की जेबीटी के जो अंतर जिला तबादला प्रक्रिया चली हुई है, उसमें ब्लॉक और स्कूल अलॉट किए जाएं। सरकार की इस तबादला नीति की प्रशंसा देश के अन्य राज्यों में भी की जा रही है, इसलिए अपने ही राज्य में इसको लागू करने में देरी क्यों की जा रही है। इस तबादला नीति से 99 प्रतिशत अध्यापक संतुष्ट हैं और मुख्यमंत्री के इस कदम की सराहना करते हैं। 2016 के बाद पहली बार इस तरह की नीति बनाई गई है, इसको क्रियमान करने में सरकार को पूरा जोर लगा देना चाहिए, जिससे अध्यापकों की गृह जिलों में वापसी हो सके। विधायक जगदीश नायर ने आश्वासन दिया है कि वह आपकी आवाज को मुख्यमंत्री तक पहुंचा देंगे और अपने स्तर पर भी अंतर जिला तबादला करने की सिफारिश मुख्यमंत्री से करेंगे। अध्यापक संघ ने 20 नवंबर को पलवल जिले में आ रहे मुख्यमंत्री से मिलने के समय की मांग की। परंतु मुख्यमंत्री का शेड्यूल टाइट होने की वजह से विधायक ने मिलने का समय देने में असमर्थता जताई। इस अवसर पर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के दारा सिंह, शिवचरण, विनय, प्रमोद कुमार, संजय, बलजीत, जगरूप, विजय कुमार, उमेश कुमार, संदीप कुमार, राजेश कुमार, यादराम आदि अध्यापकों ने भाग लिया।

# गाड़ियों पर ब्लैक फिल्म या जाली लगाई तो होगी कार्यवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**पुलिस** अधीक्षक पलवल डॉ. अंशु सिंगला ने वाहन चालकों को संदेश देते हुए कहा है कि गाड़ियों के काले शीशे करवाना या उस पर किसी तरह की जाली लगाना यातायात के नियमों का उल्लंघन है और साथ ही गैरकानूनी भी है। ट्रैफिक नियमों के अनुसार कार के शीशों पर जीरो विजिवलटी वाली ब्लैक फिल्म लगाने पर 10 हजार रुपये के चालान करने का प्रावधान है।

उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति अपनी गाड़ी के शीशों में काली फिल्म नहीं लगा सकता। काला शीशा लगे वाहन के अंदर कौन है, इसका पता न तो पुलिस को चल पाता है और न ही जनता को। काले शीशा लगे वाहनों का उपयोग अक्सर आपराधिक गतिविधियों के लिए होता आया है तथा इस प्रकार की गाड़ियों से हत्या, अपहरण जैसी अन्य वारदातों को भी अंजाम दिया जा सकता है। आपराधिक प्रवृत्ति वाले लोग अपनी पहचान छिपाने के लिए ऐसे वाहनों का उपयोग करते हैं। इसलिये ब्लैक फिल्म या जाली वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। जिला पलवल में ट्रैफिक पुलिस के साथ-साथ संबंधित थाना पुलिस भी ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करेगा।

# शर्तें पूरा नहीं करने पर 53 शस्त्र धारकों के लाइसेंस किए रद्द

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



### पूर्व में 64 लाइसेंस किए गए थे रद्द। अब तक 117 शस्त्र लाइसेंस को रद्द किया जा चुका है, आगे कार्रवाई जारी रहेगी

**शस्त्र** लाइसेंस नियमों के अनुसार समय समय पर शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण करवाया जाना अनिवार्य है। जोकि एक जरूरी प्रक्रिया है। जवाइंट पुलिस कमिश्नर ओपी नरवाल द्वारा ऐसे 53 सशस्त्र धारकों के लाइसेंस को रद्द किया गए है। खुद की सुरक्षा व हथियार की प्रति गैर जिम्मेदार रवैया रखने वाले सशस्त्र लाइसेंस धारकों के रिन्यू, नवीनीकरण न कराए जाने के बारे में संतोषजनक कारण नहीं बता पाए और उनके लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं।

पूर्व में 64 लाइसेंस अक्टूबर माह में रद्द किए गए थे। इस प्रकार अब तक 117 शस्त्र लाइसेंस को रद्द किया जा चुका है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शस्त्र लाइसेंस का लाइसेंस धारक को नवीनीकरण की तारीख से 60 दिन पहले सरल पोर्टल पर अप्लाई करना होता है, ताकि समय रहते लाइसेंस रिन्यू हो सके। लाइसेंस पॉलिसी के मुताबिक लाइसेंस धारक के लिए एक जरूरी प्रक्रिया है, जिसमे जांचा जाता है कि लाइसेंस धारकों की कैपेबिलिटी क्षमता क्या है, क्या आंखों की रोशनी ठीक है, फिजिकल फिटनेस इत्यादि कैसी है, जिसके लिए शस्त्र धारकों का मेडिकल फिटनेस करवाकर सर्टिफिकेट लगाना अनिवार्य है और शस्त्र की कंडीशन के लिए आर्म्स लाइसेंस ब्रांच में हथियार विशेषज्ञ चेक करता है। शस्त्र धारक ने लाइसेंस बनवा तो लिया, लेकिन इसके बाद किसी ने समय पर नवीनीकरण नहीं कराया, जिससे प्रतीत होता है कि लाइसेंस धारकों को शस्त्र की जरूरत नहीं है और वह अपने शस्त्र के प्रति सजग नहीं है व उन्हें शस्त्र की आवश्यकता नहीं है। ऐसे शस्त्र लाइसेंस यदि नवीनीकरण नहीं करवाते हैं तो उनके शस्त्र लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे।

कुछ शस्त्र धारकों ने पिछले एक से पांच वर्षों से भी अधिक समय में लाइसेंस को रिन्यू नहीं करवाया है। स्कूटनी करने पर पाया गया कि 248 लाइसेंस धारक ऐसे हैं, जिन्हें लाइसेंस रिन्यू करवाए पांच साल से अधिक हो चुके हैं तथा 52 ऐसे हैं जिन्हें 4.5 साल हो चुके हैं। ऐसे गैर जिम्मेदार शस्त्र धारकों की लिस्ट बनायी जा रही है।

# बैटरी चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर सुलझाए चार मामले

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने मोबाइल टावर से बैटरी चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी के चार मामले सुलझाने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम विनय है, जो जींद जिले के जुलाना एरिया का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुरुग्राम जेल में बंद आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की, जिसमें सामने आया कि आरोपी ने अगस्त 2023 में फरीदाबाद में लगे मोबाइल टावरों से बैटरी चोरी की चार वारदातों को अंजाम दिया था। जिसमें आरोपी ने टावर में लगी बैटरी और पत्तियां चोरी की थी। आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर मामले में चोरी की गई बैटरियों को बेचकर प्राप्त किए गए 29000 रुपये बरामद किए। आरोपी पहले इलेक्ट्रिशियन का काम करता था।

# पंडित लखमीचंद की रागिनियों संग दी गई स्वतंत्रता सेनानी स्व. दुलीचंद सरपंच को श्रद्धांजलि

## ततारपुर गांव में आठ गांवों का भोज व सांस्कृतिक कार्यक्रम बना इलाके में चर्चा का विषय

### अपने दादा की श्रद्धांजलि सभा में आए हुए सभी महानुभावों की आवभगत में दीपक कौशिश आगे रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल




**स्वतंत्रता** सेनानी स्व. दुलीचंद सरपंच के निधन पर रविवार को आठ गांवों की सरदारी व लोगों ने श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पलवल जिले के लगभग सभी बड़े नेता इस श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे।

श्रद्धांजलि सभा की खासियत यह रही कि इसमें मशहूर रागिनी गायक नरदेव एवं उनकी टीम ने पंडित लख्मीचंद की रागिनियों से उपस्थित श्रोतागणों को लोक सांस्कृतिक परंपराओं, कुरीतियों और रीति-रिवाजों से अवगत कराया। स्व. दुलीचंद सरपंच के भ्राता पंडित गोवर्धन ने सदी के महानायक रागिनी कलाकार स्व. पंडित लख्मीचंद जी की रागिनी, कित तै आए, कित जाएंगे, वो जगह ढूंढी पाई न, ये दुनिया आनी जानी है, ये बात समझ में आई न, पेश करके समाज में संदेश दिया कि जीवन प्रवाहवान है, ये आता-जाता रहता है लेकिन कर्मों की गठरी को जितना सुसज्जित और अच्छा बना लो, उतना ही आने और जाने वाला लोकनायक बन जाता है। श्रद्धांजलि सभा का संचालन स्व. दुलीचंद सरपंच के पौत्र दीपक कौशिश ने किया। दीपक कौशिश ततारपुर गांव में उभरता हुए समाजसेवी है। दीपक सदैव ही ग्रामीण जनों की सेवा भाव में तत्पर रहते हैं। अपने दादा की श्रद्धांजलि सभा में आए हुए सभी महानुभावों की आवभगत में दीपक कौशिश आगे रहे। आठ गांवों के भोज में ककड़ीपुर, बघौला, जटौला, ततारपुर, मांदकौल, मैदापुर, ताराका और देवली के ग्रामीण शामिल हुए। सभी ने ब्रहमभोज ग्रहण किया और रागिनी टीम के द्वारा लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद भी लिया। श्रद्धांजलि सभा के अंत में रस्मपगड़ी कार्यक्रम हुआ, जिसमें स्व. स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र पंडित लेखराज कौशिश को परिवारजनों ने पगड़ी पहनाई।

रागिनी कार्यक्रम में पायल चौधरी का सांस्कृतिक नृत्य, छोटी पायल चौधरी का नृत्य व मनिहारे द्वारा राजमहल की रानी को चूड़ियां पहचाने का स्वांग सुनाकर सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से लख्मीचंद, मुकेश, राकेश, रमेश, सुरेश, प्रभुदयाल, प्रकाश, सुनील, विनय, अजय, तुषार इत्यादि ने आई हुई संगत का सत्कार कर उनका धन्यवाद भी जताया।

## संक्षिप्त समाचार

### 25 व 26 नवंबर को मतदान केंद्रों पर आयोजित होंगे विशेष शिविर



**पलवल।** स्वस्थ व सुदृढ़ लोकतंत्र में जागरूक मतदाता और त्रुटिरहित मतदाता सूची मजबूत आधार स्तंभ होते हैं। नया वोट बनवाने व मतदाता सूची में व्याप्त त्रुटि ठीक करवाने, रिहायशी पता बदलवाने आदि संबंधित कार्य वोटर हेल्पलाइन एप और वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला पलवल की तीनों विधानसभा चुनाव क्षेत्र की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का एक जनवरी 2024 को क्वालीफाइंग तिथि मानकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य नौ दिसंबर तक किया जाना है। डीसी नेहा सिंह ने बताया कि जिला के सभी मतदान केंद्रों पर 25 व 26 नवंबर को वोट बनाने व अन्य त्रुटि ठीक करने के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। संबंधित बीएलओ अपने अपने बूथों पर मतदाता सूची और मतदाता सूची शुद्धिकरण से संबंधित फार्मों के साथ मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि जो युवा एक जनवरी 2024 को अपनी 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, ऐसे पात्र युवा अपना वोट जरूर बनवाएं।

### नूंह हिंसा में गंभीर घायल यशपाल को आर्थिक सहायता मिले



**पलवल।** अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल एकता संगठन के फरीदाबाद लोकसभा अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने प्रदेश सरकार की इस बात के लिए सराहना की है कि उसने नूंह हिंसा के मामले में पीड़ित लोगों को 48 लाख 39236 रुपए की सहायता राशि जारी की है। गुप्ता ने सरकार से मांग करते हुए कहा है कि सरकार हिंसा में घायल हुए वैश्य समाज के लोगों को आर्थिक सहायता भी प्रदान करें। संगठन के लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा सरकार ने हिंसा पीड़ितों की मदद की इसके लिए अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल एकता संगठन उनका आभार व्यक्त तकरता है। गुप्ता ने कहा कि यह खुशी कि बात है कि 20 नवंबर को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल पलवल आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि नूंह हिंसा में गंभीर रूप से घायल हुए पलवल के बेटे आर्य यशपाल गोयल को भी सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान कि जाए। उन्होंने कहा कि आर्य यशपाल गोयल समाज का बेहद कर्मठ व जुझारु कार्यकर्ता है। आर्य यशपाल गोयल पर परिवार की जिम्मेवारियां हैं। उन्होंने कहा कि नूंह हिंसा में आर्य यशपाल गोयल बहुत गंभीर रूप से घायल हुए थे।

### परिवहन मंत्री ने पलवल रैली को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली




**फरीदाबाद।** बल्लबगढ़ सेक्टर-2 कार्यालय पर प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने विधानसभा-88 के सभी भाजपा पदाधिकारियों के साथ पलवल में सेक्टर-2 के अंदर होने वाली प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की रैली को लेकर चर्चा की। 20 नवंबर को यह रैली वीर स्वतंत्रता सेनानी वीरांगना महारानी लक्ष्मी बाई जी की सेना की सेनापति वीरांगना झलकारी बाई जी की जयंती के उपलक्ष में आयोजित की जा रही है। इसके अलावा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा को बल्लभगढ़ में बनाए जाने वाले एलिवेटेड पुल को लेकर मिठाई खिलाई और मुख्यमंत्री का भी आभार प्रकट किया। मोहना रोड एलिवेटिड पुल का टेंडर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा लगाया जा चुका है जल्द ही प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसकी आधारशिला प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल रखेंगे। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

### जिला में कौमी एकता सप्ताह का आगाज

**पलवल।** देश भर में सांप्रदायिक सद्भाव की भावना को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 19 नवंबर से 25 नवंबर तक कौमी एकता सप्ताह मनाया जाएगा। डीसी एवं जिला सैनिक बोर्ड की चेयरपर्सन नेहा सिंह ने जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लोगों में एकजुटता, आपसी भाईचारे व सांप्रदायिक सद्भाव की भावना जागृत करने के लिए जिला में कौमी एकता सप्ताह का आयोजन करें, ताकि सांप्रदायिक सद्भाव एवं राष्ट्रीय एकता के संदेश को देश एवं समाज के हर हिस्से तक पहुंचाया जा सके। डीसी ने कहा कि प्रतिवर्ष 19 नवंबर से 25 नवंबर तक साम्प्रदायिक सद्भाव अभियान सप्ताह मनाया जाता है। यह अवसर एक मौका देता है कि एक बहु सांस्कृतिक एवं बहुधार्मिक समाज में सहिष्णुता, सह-अस्तित्व एवं भाईचारे के मूल्यों की सदियों पुरानी परंपराओं को मजबूत किया जाए। देशभर में सांप्रदायिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत बनाने और जीवंत, समग्र संस्कृति एवं भाईचारे को लेकर गौरव की भावना के संचार के मकसद से 19 नवंबर से 25 नवंबर तक कौमी एकता सप्ताह मनाया जाएगा। इस सप्ताह का पहला दिन 19 नवंबर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में, दूसरा दिन 20 नवंबर अल्पसंख्यक कल्याण दिवस, तीसरा दिन 21 नवंबर भाषाई सद्भाव दिवस, चौथा दिन 22 नवंबर कमजोर वर्ग दिवस, पांचवां दिन 23 नवंबर सांस्कृतिक एकता दिवस, 24 नवंबर को झंडा दिवस तथा 25 नवंबर को सांप्रदायिक सद्भाव दिवस के तौर पर मनाया जाएगा।

### आज झलकारी बाई जयंती पर होगा ऐतिहासिक समारोह




**पलवल।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल 20 नवंबर को पलवल में सेक्टर-2 चौक के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय झलकारी बाई जयंती समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। यह समारोह ऐतिहासिक होगा, जिसके लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने समारोह स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। उनके साथ सांसद कृष्णलाल पंवार, विधायक होडल जगदीश नायर, विधायक पलवल दीपक मंगला, विधायक हथीन प्रवीण डागर, भाजपा जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, एसडीएम शशि वसुंधरा, डीएसपी साकिर हुसैन सहित अन्य प्रशासनिक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। सहकारिता मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर सेक्टर-2 के समीप आयोजित होने वाले इस जयंती समारोह को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। पलवल में इस समारोह का आयोजन होना, इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इतिहास में झलकारी बाई की वीरता के अनेक प्रमाण हैं। ऐसी वीरांगना के सम्मान में इस कार्यक्रम का आयोजन कर सरकार महान स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का काम कर रही है। इस समारोह के आयोजन को लेकर प्रदेश की जनता में भी उत्साह का माहौल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह में आने वाले लोगों के लिए सभी सुविधाएं सुचारू रूप से होनी चाहिएं। कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पार्किंग, सुरक्षा, सेक्टर वाइज बैठने की व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पीने का पानी व टायलेट आदि की व्यवस्था सही प्रकार से करवाई जाए।

# हिमालयी क्षेत्र

## विकास परियोजनायें

**हिमालयी क्षेत्र में 'भारी' विकास परियोजनाओं** पर सवाल उठ रहे हैं। प्रकृति ने बार-बार संकेत दिए हैं कि हिमालय की परिस्थितिकी बहुत संवेदनशील है। लेकिन हिमाचल प्रदेश, सिक्किम व उत्तराखंड में पहले सामने आई चेतावनियों से हमने कोई सबक नहीं सीखा और प्रकृति के साथ छेड़छाड़ जारी है। अब उत्तरकाशी में 40 निर्माण कर्मियों की जान एक धंसी सुरंग में फंस गई है, हालांकि मलबा हटाने के लिए भारी मशीनें लगाई गई हैं। यह निर्माण कार्य 'चार धाम' यात्रा सहज बनाने के लिए हो रहा था जहां लाखों तीर्थयात्री हर साल जाते हैं। लेकिन ऐसी परियोजनाओं का संवेदनशील परिस्थितिकी पर प्रभाव बहुत विवाद का विषय है। ग्लेशियरों के पिघलने से अचानक आने वाली बाढ़ों तथा भारी बरसात के कारण भूस्खलन के मामले बढ़ने से पर्यावरणविदों व अदालत द्वारा नियुक्त विशेषज्ञों में चिन्ता फैल गई है। उत्तराखंड में तनाव बढ़ रहा है क्योंकि कर्मियों के परिवार और सहयोगी तेज कार्रवाई के लिए आंदोलन कर रहे हैं। रविवार से कर्मी सुरंग के प्रवेश से 500 फीट दूर फंसे हैं और वे पाइपों से भेजे जाने वाले भोजन, पानी और आक्सीजन पर जीवित हैं। ड्रिलिंग उपकरणों और एक्सकैवेटरों के प्रयोग से किए जाने वाले बचाव प्रयास छोड़ने पड़े हैं क्योंकि भारी मशीनों के प्रयोग से और मलबा गिरने लगा जिससे बचाव कर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने अब ज्यादा संवेदनशील मशीनें काम में लगाई हैं जो मलबे से होकर ड्रिलिंग कर सकती हैं। योजना में स्टील पाइपों के माध्यम से एक रास्ता बनाना शामिल है ताकि कर्मी बिना गिरते मलबे की चिन्ता किए बाहर निकल सकें।

अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की सेवायें भी फंसे कर्मियों को निकालने के लिए ली जा रही हैं। इनमें नार्वे का जियोटेक्निल इंस्टीट्यूट तथा थाईलैंड की कंपनी शामिल है जिसने 2018 में सुरंग में फंसे लोगों को निकाला था। हिमालयी राज्यों व खासकर उत्तराखंड ने बार-बार प्राकृतिक विभीषिकाओं का सामना किया है जिनमें भूकंप, भूस्खलन तथा ग्लेशियरों के कारण आने वाली बाढ़ें शामिल हैं। 1991 में उत्तरकाशी का भूकंप, 1998 में मालपा भूस्खलन, 1999 में चमोली भूकंप, 2021 में चमोली ग्लेशियर बाढ़ तथा 2013 में केदारनाथ की भयानक विनाशकारी बाढ़ इसके उदाहरण हैं। विनाश तथा मौतों के इस भयानक बार-बार आने वाले दुष्चक्र ने स्थानीय जनता को भ्रमित किया है। वे एक ओर 'विकास' के नाम पर आने वाली विशाल ढांचागत परियोजनाओं से आकर्षित हैं, पर दूसरी ओर इनके साथ आने वाली जलवायु-संबंधी विभीषिकाओं का खामियाजा भुगत रहे हैं। लगातार धंस रहा जोशीमठ एक गंभीर चेतावनी है। इसके बावजूद निर्माण व विनाश का दुष्चक्र मानव जीवन को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। उत्तरकाशी में बचाव कर्मी अपना काम कर रहे हैं, पर इस घटना ने एक बार फिर कोई बड़ी परियोजना शुरू करने से पहले सावधानी से विचार करने की आवश्यकता उजागर की है। यह बात देश के सभी परिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों पर लागू होती है जिनमें सुदूर क्षेत्रों में घने जंगल, पश्चिमी घाट और हिमालयी क्षेत्र शामिल हैं। हालांकि, वर्तमान प्राथमिकता सुरंग में फंसे कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकालना है, पर विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलित विकास के महत्व को दूरगामी दृष्टिकोण से भी रेखांकित किया जाना चाहिए। हिमालय के निचले क्षेत्रों की संवेदनशील परिस्थितिकी पर समुचित ध्यान देने से ही स्थानीय जनता तथा पूरे क्षेत्र की बेहतरी सुनिश्चित की जा सकती है।




# एनपीए से निपटने के प्रयास

मोदी सरकार ने लगातार बकायेदारों से भुगतान प्राप्त करने के साथ ही यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए हैं कि नए एनपीए का सृजन न होने पाए।

**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई ने एक आरटीआई के जवाब में सूचना दी है कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंको-एससीबी ने पिछले पांच साल में 10,57,000 करोड़ रुपये की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों-एनपीए को बट्टे खाते में डाला है। इसे बुरे या डूबने वाले कर्ज कहा जा सकता है। विपक्ष तथा देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस अक्सर इसका प्रयोग मोदी की निन्दा करने के लिए करती है कि सरकार ने बड़े उद्योगपतियों व बिजनेसमैनों का इतना 'कर्ज माफ' कर दिया है। सवाल है कि क्या मोदी ने वास्तव में बड़े बिजनेसों का पक्ष लिया है? इसके लिए हमें दो मूल सवालों के जवाब खोजने होंगे। कोई कर्ज कब एनपीए हो जाता है? तथा बैंक इससे कैसे निपटते हैं? एक कर्ज खाता उस समय एनपीए हो जाता है जब इस पर ब्याज या मूलधन 90 दिनों से अधिक बकाया हो जाता है।

ऐसी स्थिति में कर्जदार को तीन अलग स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। पहला, बैंक अधिकारियों ने पूरी सावधानी के साथ परियोजना या उद्यम की जीवन्तता का अध्ययन किया हो जिसके लिए कर्ज दिया गया। उन्होंने क्या कर्जदारों की विश्वसनीयता का परीक्षण कर उसके द्वारा धन के प्रयोग, उद्यम के कामकाज, उसके मुनाफे तथा मुद्रा कमाने, आदि पर नजर रखी। ऐसे में कर्ज खाते के एनपीए में बदलने की संभावना न्यूनतम होती है। ऐसा कर्जदार के नियंत्रण से बाहर वाली परिस्थितियों जैसे कोविड वैश्विक महामारी आदि के कारण हो सकता है। दूसरा, अधिकारियों ने बिना समुचित सावधानियां बरते या परियोजना-उद्यम की जीवन्तता की जांच किए बिना कर्ज दे दिया हो तथा पैसें के उपयोग पर नजर रखने वाली व्यवस्थाओं का समुचित उपयोग न किया हो। ऐसे में कर्ज के एनपीए में बदलने की ज्यादा संभावना होती है। तीसरा, बैंक के सर्वोच्च अधिकारियों ने बुरे उद्देश्य से समुचित सतर्कता न बरती हो। सरल भाषा में कहें तो उन्होंने रिश्वत लेने के बदले कर्ज दे दिया हो। इस परिदृश्य में यह लगभग निश्चित होता है कि कर्ज एनपीए में बदल जाएगा क्योंकि इसे अदा न करने का इरादा पहले से ही पक्का होता है।




फरवरी, 2018 में संसद के बजट सत्र में राष्ट्रपति के संबोधन पर बहस का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि सत्तारूढ़ राजनीतिक अवस्थापना के निर्देश पर बैंकों द्वारा दिए कर्जों का भारी दुरुपयोग हुआ है, जबकि उसने कुछ खास उद्योगपतियों व बिजनेसमैनों का पक्ष लिया था। 2008-2014 के बीच 3500,000 करोड़ रुपये कर्ज दिए गए। इन कर्जों का बड़ा हिस्सा दूसरी व तीसरी श्रेणी में आते थे, अतः इनका एनपीए में बदलना लगभग निश्चित था। इसकी पुष्टि आरबीआई के डेटा से हुई। 2009-10 व 2015-16 के बीच नए एनपीए के आंकड़ों से भी इसकी पुष्टि होती है। 2009-10, 2011-12 और 2015-16 में नए एनपीए का सृजन उनके ओपनिंग बैलेंस की तुलना में अधिक था। 2010-11, 2012-13, 2013-14 व 2014-15 में ओपनिंग बैलेंस की तुलना में नया एनपीए कम से कम 90 प्रतिशत था। 2015-16 के बाद इस अनुपात में लगातार गिरावट आई और यह 2020-21 व 2021-22 में लगभग एक तिहाई था। सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों-पीएसबी के मामले में इसका प्रभाव ज्यादा स्पष्ट था, हालांकि 2021-22 में यहां भी अनुपात गिर कर 22 प्रतिशत रह गया था। इससे स्पष्ट है कि मोदी सरकार के अंतर्गत बैंकों व खासकर पीएसबी ने कर्ज देने के मामले में बहुत सावधानी बरती जिसके परिणामस्वरूप एनपीए बहुत कम हुआ। 2008-2014 के बीच संप्रग सरकार तथा 2014 के बाद से मोदी सरकार के कार्यकाल में एक और अंतर सामने आया। संप्रग सरकार के दौरान बैंक एनपीए को विभिन्न तकनीकों, जैसे कर्जों की 'एवरग्रीनिंग' के आधार पर एनपीए को छिपाये रखते थे। इसका अर्थ है कि बैंक पुराना कर्ज अदा करने के लिए कर्जदार को और कर्ज दे देते थे। इस प्रकार कर्ज खाता सामान्य दिखता था। लेकिन मोदी सरकार के दौरान उनको अपनी बैलेंसशीट में एनपीए 'ईमानदारी' के साथ दिखाना पड़ता था। मोदी सरकार ने 2015 में आरबीआई से सभी एससीबी से असेट क्वालिटी रिव्यू-एक्यूआर करने को कहा ताकि एनपीए की पहचान की जा सके। इस प्रकार संप्रग सरकार के दौरान दिए कर्जों की असलियत उजागर हो गई। इसके परिणामस्वरूप 31 मार्च, 2018 को सकल एनपीए 1036,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।


सवाल है कि बैंक एनपीए से कैसे निपटते हैं? आरबीआई के दिशानिर्देशों व व्यावहारिक एकाउंटिंग का प्रयोग करते हुए वे इन कर्जों को बट्टे खाते में डाल देते हैं। यह अनिवार्य आवश्यकता है क्योंकि इससे बैंक का सच्चा वित्तीय स्वास्थ्य प्रकट होता है। इसे कर्जमाफी नहीं कहा जा सकता है, जबकि विपक्षी पार्टियां तथा कांग्रेस जनता को यही बता रही हैं। बैंक बकायेदारों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया से वसूली का प्रयास करते रहते हैं। बैंकों द्वारा कर्ज वसूली प्रयासों में तेजी लाने के लिए 2016 में सरकार ने इन्साल्वेंसी एंड बैंकरप्टसी कोड-आईबीसी लागू किया जिसे सभी पहले के कानूनों पर वरीयता प्राप्त थी। 2017 में उसने बैंकिंग रेग्युलेशन एक्ट-बीआरए में संशोधन कर आरबीआई को उन बैंकों के खिलाफ कार्रवाई के अधिकार दे दिए जो स्वतः इस दिशा में सक्रिय नहीं थे। 12 फरवरी, 2018 को आरबीआई ने एक सर्कुलर जारी कर स्पष्ट किया कि यह काम कैसे किया जाना चाहिए। सरकार ने जानबूझ कर कर्ज न अदा करने वालों के खिलाफ काफी कठोर कदम उठाए। उनको बैंकों या अन्य वित्तीय संस्थाओं द्वारा अतिरिक्त सुविधायें देने पर प्रतिबंध लगा दिए गए तथा उनकी इकाई को अगले पांच साल के लिए नए वेंचर पेश करने पर भी रोक लगा दी। इसके साथ ही उनको तथा उनकी कंपनियों को पैसा एकत्र करने के लिए पूंजी बाजार में प्रवेश से भी प्रतिबंधित कर दिया गया। आईबीसी के अंतर्गत ऐसे प्रमोटर अपने उद्यम का नियंत्रण भी नहीं कर सकते थे। वित्त मंत्रालय द्वारा संसद में दी गई सूचना के अनुसार पिछले नौ साल में एससीबी ने लगभग 10,16,617 करोड़ रुपये की एनपीए वसूली की है। इसमें से केन्द्र सरकार ने पीएसबी को बजटीय समर्थन के रूप में 2016-2021 क बीच लगभग 300,000 करोड़ रुपये की सहायता दे दी। इसके साथ ही 2021-22 के बजट में उसने एनएआरसीएल द्वारा जारी सिक्यूरिटी प्राप्तियों-एसआर के लिए 200,000 करोड़ रुपये की संप्रभु गारंटी भी दी है जहां अधिकांश शेयर पीएसबी के हों।

इस प्रकार 500,000 करोड़ रुपये के सरकारी योगदान को अलग रख कर भी बैंकों ने बकायेदारों से 516,617 करोड़ रुपये की वसूली की है। यदि आईबीसी की इन्साल्वेंसी प्रक्रियाओं में न्यायिक बाधायें न आतीं तो यह वसूली और अधिक हो सकती थी। वर्तमान समय में नेशनल कंपनी ला ट्राइब्यूनल-एनसीएलटी के ऐसे निर्णयों पर नेशनल कंपनी ला अपीलेट ट्राइब्यूनल-एनसीएलएटी, उच्च न्यायालयों व सर्वोच्च न्यायालय में अपील की जा सकती है। इसके कारण विलंब होता है क्योंकि बड़े बकाएदार आमतौर से अपील कर देते हैं। इसके अलावा अप्रैल, 2019 में अनेक बकायेदारों की याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय ने 12 फरवरी, 2018 के आरबीआई सर्कुलर को असंवैधानिक घोषित कर दिया, जबकि यह बैंकिंग नियामक द्वारा चलाई जा रही इन्साल्वेंसी प्रक्रिया का मुख्य अंग था। इससे ऐसी स्थिति पैदा हो गई जहां वे एनपीए या उस पर ब्याज अदा करने के लिए मजबूर नहीं रह गए। इसके बावजूद आईबीसी ढांचे ने बकायेदारों के व्यवहार में मूलभूत परिवर्तन लाने में सफलता पाई है। बकायेदारों में फर्म पर नियंत्रण खोने का भय सबसे अधिक है। इसके कारण बड़ी संख्या में बकायेदारों ने भुगतान किया है। सरकार द्वारा पीएसबी में किए अनेक सुधारों ने उनको फौरन संकटग्रस्त परिसंपत्तियों की पहचान व बकाया वसूली के कठोर उपायों के लिए प्रेरित किया है। संक्षेप में कहें तो मोदी सरकार ने बकायेदार उद्योगपतियों व बिजनेसमैनों को राहत देने के बजाय उन पर कठोर शिकंजा कसा है। इससे उनको कर्ज का भुगतान करना मजबूरी बन गया है तथा किसी नए एनपीए का सृजन नहीं हो रहा है।

# प्रकृति के साथ पवित्र संबंध

"प्राचीन भारतीय ग्रंथों ने प्रकृति की पूजा को बढ़ावा देकर ब्रह्मांड में उपस्थित सभी जीवों व वनस्पतियों के बीच परस्पर निर्भरता पर जोर दिया है।"

**स्वामी चरणाश्रत**
(लेखक, आध्यात्मिक गुरु हैं)



भारत विविध संस्कृतियों और समृद्ध परंपराओं का देश है। भारत में रहने वाले सभी धर्मों व संस्कृतियों के लोगों का प्रकृति के साथ संबंध अनेक धर्मग्रंथों तथा सांस्कृतिक व्यवहारों पर आधारित है। भारत में लगभग सभी धर्मों के प्राचीन ग्रंथों में दिए उपदेश समय की सीमाओं को पार करने वाले हैं। भारतीय धर्म व दर्शन ने हमेशा प्रकृति से मनुष्यों की एकजुटता व अविभाज्यता का संदेश दिया है।

प्राचीन भारतीय ग्रंथों में अनेक धार्मिक व दार्शनिक पाठ शामिल हैं। वे सभी पर्यावरण के प्रति गंभीर चिन्ता प्रकट करते हुए मनुष्य व प्रकृति के बीच सामंजस्यपूर्ण संबंधों की पैरवी करते हैं। इस लेख में पर्यावरण चेतना तथा भारतीय प्राचीन ग्रंथों में वर्णित प्रकृति की प्रासंगिकता पर विचार किया गया है।

हिंदू धर्म के सबसे पुराने पवित्र ग्रंथ ऋग्वेद में प्रकृति का ईश्वरीय मूल स्वीकार किया गया है। इसके अनुसार, नदियां, पहाड़ और पेड़ पौधे पूजा करने योग्य देवताओं के समान हैं। ऋग्वेद की ऋचाओं में सभी जीवित वस्तुओं के परस्पर संबंध पर जोर दिया गया है। इसके साथ ही इनमें प्राकृतिक व्यवस्था संरक्षित करने का महत्व रेखांकित है।

वेदान्त दर्शन का मूल आधार माने जाने वाले उपनिषदों की त्रयी में स्वयं व ब्रह्मांड के बीच संबंधों पर गहराई से विचार किया गया है। उन्होंने 'ब्रह्म' की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि इसमें ब्रह्मांड की सभी चीजें निहित हैं। इस परस्पर निर्भरता वाले विश्व दृष्टिकोण से प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी वाली भावना पैदा होती है तथा इसे ईश्वरीय सत्ता का विस्तार माना जाता है।

भारतीय महाकाव्य महाभारत के पवित्र अंश श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान कृष्ण अर्जुन को आध्यात्मिक ज्ञान देते हैं।



गीता में 'धर्म', अर्थात उचित कर्म पर जोर दिया गया है जिसमें पर्यावरण का संरक्षण व संवर्धन शामिल है। भगवान कृष्ण ने प्रकृति की पवित्रता को रेखांकित करते हुए कहा है कि व्यक्तियों को जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करते हुए परिस्थितिकी के संवेदनशील संतुलन का सम्मान करना चाहिए।

प्राचीन भारतीय जैन धर्म ने अहिंसा तथा सभी जीवित वस्तुओं के प्रति सद्भावना का संदेश मानवजाति को दिया है। प्राचीन जैन ग्रंथों में ऐसी जीवनशैली की पैरोकारी की गई है जिससे प्रकृति को कम से कम नुकसान हो। इसमें शाकाहार और पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित किया गया है। जैन दर्शन में मनुष्यों, जीव जंतुओं तथा वनस्पतियों ककी परस्पर निर्भरता को केन्द्रीय स्थान देते हुए सभी जीवों के बीच भी परस्पर निर्भरता पर जोर दिया गया है। जैन धर्म की शिक्षायें समय की सीमाओं को पार करते हुए आज भी पर्यावरण संरक्षण, हिंसा व युद्ध की चुनौतियों को देखते हुए प्रासांगिक बनी हुई हैं।

भगवान बुद्ध-सिद्धार्थ गौतम की शिक्षाओं में पर्यावरणीय नैतिकता से जुड़ने को शामिल किया गया है। बौद्ध धर्म सम्यक विचार और जागरूकता पर जोर देते हुए व्यक्तियों को प्राकृतिक दुनिया से गहरे सबंध स्थापित करने का आह्वान करता है। बौद्ध धर्म में परस्पर निर्भरता या प्रतीत्वसमुत्पाद अस्तित्व वाले सभी तत्वों के बीच संवेदनशील संजाल की पहचान करते हुए पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया है।

हिंदू धर्म में अनेक उपासना पद्धतियों व कर्मकांडों के बीच प्रकृति पूजा पर जोर दिया गया है। प्राचीन काल से चले आ रहे और हमारी संस्कृति का अंग बन चुके अनेक हिंदू त्योहार व कर्मकांड प्रकृति पूजा पर केन्द्रित हैं। उदाहरणार्थ, नवरात्रि प्रकृति में नारीत्व ऊर्जा की उपस्थिति का उत्सव मनाता है। इसके साथ 'पृथ्वी पूजा' जैसे कर्मकांड पर्यावरण की पवित्रता प्रकट करते हैं। ये व्यवहार प्रासांगिकता व दायित्व की भावना पैदा करते हुए धरती के संरक्षण को प्रोत्साहित करने का संदेश मनुष्यों को देते हैं।

प्राचीन भारतीय ग्रंथों में प्रकृति के प्रति सरोकार केवल सांस्कृतिक या धार्मिक विश्वास न होकर एक गहन दर्शन है जो मनुष्यों और पर्यावरण के बीच अंतर्निहित संबंध रेखांकित करता है। इन ग्रंथों में समाहित प्राचीन विवेक एक ऐसा निर्देश देता है जो प्रकृति के साथ टिकाऊ व सामंजस्यपूर्ण संबंध के लिए जरूरी है। यह संदेश समय की सीमाओं को पार करते हुए आज भी प्रासांगिक बना हुआ है। आज दुनिया पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रही है, ऐसे में प्राचीन भारतीय ग्रंथों में निहित गहन अंतर्दृष्टि हमें उस पवित्र बंधन की याद दिलाती है जो सभी जीवों को इस धरती और पर्यावरण से जोड़ता तथा पर्यावरण संरक्षण पर जोर देता है।

## आप की बात

### मोदी की चिन्ता

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने डीप फेक वीडियो को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दुरुपयोग है। सोशल मीडिया से जुड़े हुए सभी लोगों को इस कारण सावधानी बरतनी होगी। जो लोग सेलेब्रिटीज़ के फेक वीडियो बना सकते हैं व उनको ट्रोल कर सकते हैं, वे आम लोगों को साइबर ठगी का माध्यम बड़ी आसानी से बना सकते हैं। कई ख्यातनाम व्यक्तियों को उनके फेक अश्लील वीडियो और भद्दे वीडियो प्रसारित कर निशाना बनाया गया है। इससे उनके व्यक्तित्व पर धब्बा लग सकता है। ऐसे लोग आम लोगों को भी वीडियो कॉल द्वारा बातचीत के बहाने उन्हीं का चेहरा लगाकर अश्लील वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करना शुरू कर देते हैं। विडंबना है कि कुछ लोग इसकी सत्यता जाने बिना इसे आगे फॉरवर्ड करते रहते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई के माध्यम से कई तरह की साइबर ठगी और बैंक से अकाउंट खाली कर देने जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही है। इसे देखते हुए अब लोगों को कुछ भी फारवर्ड करने के पहले अधिक सावधानी बरतनी चाहिए। सोशल मीडिया मंचों को भी एआई के दुरुपयोग से बचने के लिए उपयुक्त तकनीकी विशेषज्ञता प्राप्त कर उसका प्रयोग अविलंब शुरू करना चाहिए।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### रेलवे के प्रयास

**अगले चार वर्षो** में रेलवे द्वारा सभी यात्रियों को कंफर्म टिकट देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जो कि सराहनीय है। लेकिन सत्य यह है कि वर्तमान आवश्यकता के अनुपात 50 प्रतिशत उपलब्धता भी नहीं है। नई रेल पटरिया बिछाने तथा नई रेले चलाने के साथ-साथ ट्रेनों में डिब्बो की संख्या डबल करके अधिक पावरफुल इंजन के साथ चलाने की योजना बनाई जाए। ट्रेनों की गति बढ़ाई जाए और वर्तमान रेलवे ट्रैक पर भी इतनी ट्रेने चलाई जाए कि ट्रैक लगातार प्रयोग में आता रहे। यदि ट्रैक के लगातार प्रयोग किए जाने की योजना पर अमल किया जाए तो वर्तमान से लगभग दो गुना अधिक ट्रेनें चलाई जा सकती है। हालांकि, इसके लिए ढांचागत प्रबंधन तथा उसका नियमित परीक्षण मजबूती से करना होगा। सरकार वंदे मातरम ट्रेने चलाने के चक्कर में छोटे स्टेशन से यात्रा करने वालों के लिए लोकल ट्रेनें चलाने पर कतई ध्यान नहीं दे रही है। इससे थोड़ी दूरी की यात्रा करने वाले लोग बहुत कष्ट झेलने को मजबूर है। एक्सप्रेस ट्रेनों के साथ-साथ पर्याप्त संख्या में लोकल ट्रेन में भी चलाई जाना चाहिए। अधिक ट्रेनों की उपलब्धता से लोग निजी वाहनों का प्रयोग नहीं करेंगे जिससे पर्यावरण संरक्षण होगा।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### कोरोना का असर

**कहने को** अब कोरोना काल का भयावह दौर समाप्त हो गया है, मगर उसका असर व उसका दुष्प्रभाव जारी है। पहले ही अनुमान लगाया गया था कि लंबे समय तक हमारे स्वास्थ्य, हमारी अर्थव्यवस्था व हमारे रोजमर्रा के जीवन पर इसका असर बना रहेगा। केंद्र सरकार ने स्वीकार किया है कि जिन्हे भी कोरोना हो चुका है उन्हें भारी परिश्रम नहीं करना चाहिए। शायद इसके कारण ही कम उम्र के लोगों में भी दिल का दौरा ज्यादा देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही अर्थव्यवस्था, कल कारखानों एवं रोजगार में गिरावट के नए आंकड़ों के अनुसार पिछले दो साल में 40 हज़ार से अधिक छोटी मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां बंद हो गयीं हैं। कोरोना से पहले 8 लाख 16 हज़ार 21 कंपनियों ने टैक्स भुगतान किया था, मगर कोरोना के बाद 2021-22 में सिर्फ7 लाख 15 हज़ार 846 लिस्टेड कंपनियों ने ही टैक्स का भुगतान किया। सरकार को संसद के अगले सत्र में देश की जनता के स्वास्थ्य तथा अर्थव्यवस्था पर कोरोना के असर के बारे में जानकारी देते हुए बताना चाहिए कि इसका कितना असर अभी बचा हुआ है और इससे निपटने के क्या प्रयास हो रहे हैं।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### भीड़ से समस्या

**ट्रेन** में एक यात्री की भीड़ में दम घुटने के कारण मृत्यु ने सबको विचलित किया है। हालांकि, जीआरपी ने यात्री को उतार कर अस्पताल पहुंचाया लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। पूर्वांचल के यात्री छठ पूजा पर लाखों की संख्या में ट्रेन से अपने घर जाते हैं और वापस आते हैं और उनको भयानक भीड़ के कारण कष्ट उठाने पड़ते हैं। हालांकि, छठ के अवसर पर सरकार ने पिछली बार की तुलना में लगभग दूनी विशेष ट्रेनें चलाने का दावा किया है, पर इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि उनकी इतनी संख्या भी आवश्यकता के अनुरूप नहीं थी। बिहार सरकार ने नीतीश कुमार के नेत्त्व में बड़े-बड़े दावे किए हैं कि अब बिहार से पलायन नहीं होता है, पर छठ के लिए यात्रियों की भीड़ ने उनके दावों पर पानी फेर दिया है। यह भी तथ्य है कि अधिकांश लोग निजी क्षेत्र या असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं और वे अधिकाधिक काम कर ही अपने घर लौटना चाहते हैं। इससे भी भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। इससे निपटने के लिए बिहार सरकार को भी सहयोग करना चाहिए।

– **वीरेन्द्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# देश-धर्म की रक्षा की प्रेरणा देता है सिख गुरुओं का बलिदान

- मुख्यमंत्री ने आलमबाग में खालसा चौक का किया लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आलमबाग में खालसा चौक का लोकार्पण किया। टेढ़ी पुलिया के नाम से जाना जाने वाला यह चौराहा अब खालसा चौक के नाम से जाना जाएगा। इस दौरान उन्होंने लोगों को बधाई देते हुए इशारों.इशारों में सपा सरकार के कार्यकाल में मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित होने वाली इफ्तार पार्टी पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि उनसे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय में अन्य तरह के आयोजन होते थे। वहीं प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय में गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व का भव्य आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिख धर्म के दसवें गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिन्द सिंह जी के ज्योति ज्योत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि गुरू गोविंद सिंह महाराज ने विदेशी आक्रांताओं से भारत के धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस पंथ ने मातृभूमि की रक्षा में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं का त्याग और बलिदान हम सबको देश और धर्म की रक्षा की प्रेरणा प्रदान करता है। सीएम योगी ने कहा कि सिख गुरुओं का इतिहास हमें भारत की गौरवशाली विजयगाथा का स्मरण कराता है। उन्होंने सिख समाज के त्यागए बलिदान परंपराए धर्म के प्रति समर्पण और समाज के प्रति सेवाभाव को नमन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में हम लोगों को अनेक कार्यक्रमों में सहभागी बनने का अवसर प्राप्त होगा। 24 नवंबर को ही गुरु तेग बहादुर जी का पावन शहीदी दिवसए 27 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के दिन गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व और 26 दिसंबर बीरबाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सबको अपने इतिहास पर गौरव की अनुभूति करनी चाहिए। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यमंत्री परमिंदर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान राजेन्द्र सिंह बग्गा, प्रधान गुरुद्वारा शंकरनगर आलमबाग के प्रधान सरदार मनमोहन सिंह सेठी समेत सिख समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

# मलिन बस्तियों पर विशेष ध्यान दिया जाये: सीएस

- मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के सम्बन्ध में मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ बैठक की
- शहरी क्षेत्रों के लिए 19 तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 486 विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन्स आवंटित



**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि आजादी के 100वें वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है। इस यात्रा का शुभारम्भ जन जातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा 15 नवम्बर 2023 को झारखंड के खूटी जिले से किया गया है, इसमें प्रदेश के जनजाति आबादी वाले जनपद लखीमपुर खीरी एवं सोनभद्र सम्मिलित थे। उप्र के अन्य जनपदों में इस यात्रा का शुभारम्भ 23 व 24 नवम्बर को संभावित है। यह यात्रा 26 जनवरी 2024 को समाप्त होगी।

हर घर तिरंगा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की भांति विकसित भारत संकल्प यात्रा को भी सफल बनाया जाए। यात्रा के दौरान जन जागरूकता के माध्यम से केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ वंचित व असंतृप्त लोगों तक पहुंचाया जाये। मेरी कहानी मेरी जुबानी के लिये लाभार्थियों का चयन कर उनके द्वारा सरकारी योजनाओं के बारे में व्यक्तिगत अनुभवों व कहानियों को साझा कराया जायेए साथ ही योजना से वंचित लाभार्थियों का यात्रा के दौरान ही नामांकन सुनिश्चित कराया जाये। विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन के माध्यम से भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के सम्बन्ध में ऑडियो विजुअल प्रदर्शन द्वारा प्रचार प्रसार किया जाये। कार्यक्रम के क्रियान्वयन और अनुश्रवण एवं कार्यक्रमों की प्रगति हेतु आईटी प्लेटफॉर्म एवं मोबाइल ऐप का उपयोग किया जाए। विस्तृत कार्य योजना का नियोजन, समन्वय, क्रियान्वयन एवं निगरानी के लिये राज्य, जिला और ग्राम पंचायत स्तरीय समितियों का गठन समय से सुनिश्चित करा लिया जाये। कार्यक्रम के बेहतर समन्वय एवं क्रियान्वय के लिए राज्य और जिला नोडल अधिकारियों को नियुक्त किया जाये।

विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन में एलईडी स्क्रीन, स्टैंडीज़, पैनल, बुकलेट, ब्रोशर और अन्य आडियो विजुअल ऐड, लाभार्थियों के बाइट्स की व्यवस्था होगी। शहरी क्षेत्र के लिए आवंटित 19 मोबाइल वैन्स तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 486 मोबाइल वैन्स का आवंटन किया गया है। मोबाइल वैन द्वारा 777 शहरी स्थानीय निकाय 10000 से अधिक आबादी वालेद्ध में विभिन्न 2341 स्थानों तथा 57709 ग्राम पंचायतों को अभियान से आच्छादित किया जाये। मलिन व घनी शहरी बस्तियों के आच्छादन पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाये। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों की संख्या के अनुरूप भारत सरकार द्वारा जनपद हेतु वैन की संख्या का निर्धारण किया गया हैए जिससे कार्यक्रम प्रत्येक दशा में 60 दिन 26 जनवरी, 2024 तक के अन्दर समाप्त हो जाये। यदि किसी जनपद में कुछ ग्राम पंचायतें भारत सरकार द्वारा उपलब्ध विवरण के अनुसार संतृप्त न हो सकें तो सम्बन्धित जिलाधिकारी द्वारा अपने स्तर से एक दिन में तीन ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजन हेतु वैन का रूट चार्ट तैयार कराया जा सकता है। विकसित भारत संकल्प यात्रा से सम्बन्धित पोर्टल हेतु जिलाधिकारियों के लॉगिन क्रेडेंशियल एवं पोर्टल पर सूचनाओं को अपलोड करने के संबंध में भारत सरकार के आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय द्वारा जनपद के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, एनआईसी को प्रशिक्षित किया जा चुका है। डीएम जनपद के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी से संपर्क कर संबंधित के लॉगिन क्रेडेंशियल क्रिएट कराने एवं समस्त आवश्यक सूचनाओं को पोर्टल पर अपलोड कराने का कार्य समय से सुनिश्चित कराएँ।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीण जागरूकता के लिये आयुषमान भारत पीएमजेएवाई, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्डए पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम, नैनो फर्टिलाइजर आदि प्रमुख भारत सरकार की योजनाओं पर फोकस किया जायेगा।

जनजातीय जिलों में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में नामांकन, छात्रवृत्ति योजनाएं, वन अधिकार शीर्षक व्यक्तिगत और सामुदायिक भूमि, वन धन विकास केन्द्र स्वयं सहायता समूहों का आयोजन आदि योजनाओं पर अतिरिक्त रूप से फोकस किया जायेगा। अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार, प्रमुख सचिव परिवहन वेंकटेश्वर लू, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डॉ. शंमुगा सुंदरम एमके, ग्राम्य विकास आयुक्त गौरी शंकर प्रियदर्शी, प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, सचिव बाल विकास एवं पुष्टाहार अनामिका सिंह, प्रबंध निदेशक उप्र जल निगम ग्रामीण बलकार सिंह, राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# समाजवादी महिला सभा की बूथ व वार्ड स्तर की बैठक आयोजित



**लखनऊ।** लखनऊ पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में रविवार को समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह की अध्यक्षता में बूथ एवं वार्ड स्तर पर समीक्षा बैठक हुई जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में वार्ड एवं बूथ कमेटियों को मजबूत बनाने एवं संगठन को गतिशील बनाने पर बल दिया गया। बैठक में समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव, मुन्नी पाल महानगर अध्यक्ष महिला सभा, शीबा खान विधानसभा अध्यक्ष 171 लखनऊ पश्चिम, शबीना खान प्रदेश सचिव, लता जायसवार राष्ट्रीय सचिव महिला सभा, शबनम खान प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक सभा, सलमा अध्यक्ष कैण्ट विधानसभा, शुभी खान, शाहीन खान, रहीसा, खुर्शीदा खान, नज़्मा अंसारी, अफसर, दीप शिखा यादव आदि प्रमुख नेता शामिल हुई।

# मऊ से मुंबई के बीच नई ट्रेन को मिली मंजूरी

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के प्रयासों से पूर्वांचल सहित उत्तर प्रदेश को छठ पर्व पर भारत सरकार ने एक बड़ा तोहफा दिया है। भारत के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी ने नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री मंत्री एके शर्मा के पत्र का संज्ञान लेते हुए एवं उनके अनुरोध पर एक नई साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलगाड़ी मऊ से मुंबई तक को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव जी ने इस बात की जानकारी स्वयं मंत्री शर्मा जी को फोन पर दी। लोक आस्था के इस महापर्व छठ पूजा पर भारत सरकार द्वारा मऊ से मुंबई तक एक नई साप्ताहिक रेलगाड़ी की मंजूरी मिलना पूर्वांचल सहित उत्तर प्रदेश के लिए एक तोहफे से कम नहींए जिसके लिए प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का हृदय से धन्यवाद् किया है। मंत्री श्री शर्मा ने भारत सरकार के रेल मंत्रालय से मऊ, आजमगढ़, शाहगंज, मुम्बई वाया प्रयागराजए कानपुर से नई ट्रेन संचालन के लिए आग्रह पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने लिखा कि पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के जनपद मऊ शाहगंज मुंबई वाया प्रयागराज.कानपुर रेल खंड पर मुंबई जाने हेतु एक मात्र ट्रेन गोदान एक्सप्रेस संचालित है। मऊ जनपद भ्रमण के दौरान आम जनमानस द्वारा संज्ञान में लाया गया कि यह ट्रेन मऊ से मुंबई तक वाया प्रयागराज, कानपुर, आगरा, कोटा, रतलाम, सूरत होकर जाती है। इस ट्रेन में लोगों को जगह नहीं मिलती है और काफी भीड़ भी होती है। अत: इस रूट पर एक नई ट्रेन संचालित किये जाने की आवश्यकता हैए जिसका संज्ञान लेते हुए भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने नई साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलगाड़ी मऊ से मुंबई तक को मंजूरी दे दी है। जिसकी जानकारी केंद्रीय रेल मंत्री श्री वैष्णव जी ने स्वयं फोन कर मंत्री श्री एण्केण् शर्मा जी को दी है।

मंत्री श्री शर्मा ने बाताया कि उनके आग्रह पर ही आगामी 22 नवम्बर दिन बुधवार को केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी इस ट्रेन का वर्चुअल उद्घाटन करते हुए हरी झंडी दिखायेंगे, जिसके साक्षी हम सब पूर्वांचल वासी बनेंगे। यह नई साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलगाड़ी मऊ से शुरू होकर मुहम्मदाबाद गोहना, आज़मगढ़, शाहगंज, जौनपुर, प्रयाग राज होती हुई मुंबई जाएगी।

मंत्री शर्मा ने छठ के पावन पर्व पर पूर्वांचल सहित उत्तर प्रदेश को दिए गए तोहफे के लिए भारत के प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री को हृदय से धन्यवाद् दिया और प्रदेश की जनता को बधाई दी है। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि इस नई रेल गाड़ी से पूर्वांचल के विकास को और गति मिलेगी। रेल सेवा शुरू होने से यात्री सुविधा के साथ ही मऊ एवं पूर्वांचल से वस्त्र, कृषि उत्पाद, खाद्य और अन्य सामग्रियों का परिवहन भी सुगम होगाए जिससे व्यापार और उद्योग में सुधार होगा। रेल सेवाएं एक समय पर बहुत अधिक मात्रा में सामान को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचा सकती हैंए जिससे बाजार में सामान की उपलब्धता में सुधार होगा। इस रेलगाड़ी से सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा। रेलवे ट्रांसपोर्ट पर्यावरण के लिए उत्तम हैए क्योंकि अन्य परिवहन साधनों की तुलना में इसमें कम प्रदूषण और ऊर्जा की खपत होती है।

## सपा अधिवक्ता सभा में प्रदेश सचिव नामित

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की स्वीकृति से सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम की अनुमति से सिकन्दर यादव प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी अधिवक्ता सभा द्वारा संजय कुमार यादव एड. पुत्र सुफल यादव निवासी परसिया पोस्ट सांडा गौरी बाजार देवरिया को समाजवादी अधिवक्ता सभा उप्र का प्रदेश सचिव इम्तियाज अहमद निवासी ग्राम व पोस्ट हिलौली थाना मौरॉवा उन्नाव को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा यूपी का प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

## सपा मुखिया ने छठ महापर्व पर दी शुभकामनाए

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर कहा है कि यह लोकजीवन का पर्व है और प्रकृति के साथ सबसे करीबी रिश्ता बनाता है। अस्ताचलगामी सूर्य की उपासना के उपरान्त उदयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर पूरा होने वाला यह विशिष्ट पर्व है।

# 2024 में केन्द्र में सरकार बदलने पर सपा अग्निवीर योजना समाप्त करेगी: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने जो अग्निवीर योजना शुरू की है वह नौजवानों के लिए सेना की अधूरी नौकरी है। इसमें जवानों का सम्मान नहीं हो रहा है। समाजवादी पार्टी अपने घोषणा पत्र में इसे शामिल करेगी और हमारा वादा है कि 2024 में केन्द्र में सरकार बदलने पर समाजवादी पार्टी अग्निवीर योजना समाप्त कर पहले की तरह नौजवानों को सेना की पक्की नौकरी दिलाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादियों ने देश में सबसे पहले जातीय जनगणना की मांग शुरू की। आज यह पूरे देश का मुद्दा बन गया है। देश में तमाम जातियां है जिनकी कोई पहचान नहीं है। समाजवादी पार्टी चाहती है कि देश में जातीय जनगणना हो। सभी जातियों को उनकी आबादी के हिसाब से हक और सम्मान मिले। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने पिछड़ों के लिए संविधान में जिस हक और सम्मान की बात की है, वह आरक्षण नहीं मिल पाया। जातीय जनगणना होने पर देश में सभी जातियों की संख्या का पता चलेगा और उनको अधिकार और सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने प्रदेश में महिलाओं को पेंशन देकर उनका मान सम्मान बढ़ाया था।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों पर तमाम अन्याय, अत्याचार किये। किसानों का शोषण किया। बड़ी संख्या में किसान शहीद हुए। लेकिन वे पीछे नहीं हटे और उनकी जीत हुई। अखिलेश यादव ने कहा कि हमने राजनीति को बहुत करीब से देखा है। बहुत उतार चढ़ाव भी देखे हैं। जो आज दिल्ली की सत्ता में बैठे हैं वे भी कभी छोटे दल थे। उनकी भी संख्या एक, दो और तीन में हुआ करती थी और जो बड़ा दल था किसी को भी चुनाव में खड़ा कर जिता देता था। आज ऐसा समय आया कि उसके प्रत्याशी जमानत नहीं बचा पाएं।

# देश भर में बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य के चलते लाभ वाला विभाग बना यूपी सेतु निगम

- 2017 में 1013 करोड़ का था टर्न ओवर, 2022-23 में 1946 करोड़ पहुंचा टर्न ओवर
- 2017 में 24.92 करोड़ के लाभ में था सेतु निगम, 2022-23 में 119.63 करोड़ का लाभ

**लखनऊ।** पूरे देश में वर्ष 2017 से पहले बीमारू राज्य के रूप में पहचाने जाने वाला उप्र योगी सरकार में नये कीर्तिमान रच रहा है। योगी सरकार में पिछले साढ़े छह वर्षों में स्थापित कानून का राज देश ही नहीं विदेशों में भी चर्चा का विषय बन गया है। साढ़े छह वर्ष पहले जहां प्रदेश के कई विभाग घाटे में चल रहे थेए वहीं योगी सरकार में वह न केवल घाटे से उबरे हैं बल्कि प्रॉफिट भी कमा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के अधीनस्थ उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड ने पिछले साढ़े छह वर्षों में पांच गुना अधिक लाभ कमाया है, जबकि तीन गुना टर्न ओवर में बढ़ोत्तरी हुई है।

## पिछले साढ़े छह वर्षों में बनाए 370 सेतु

योगी सरकार में उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड ने पिछले साढ़े छह वर्षों में 370 सेतुओं का निर्माण किया है। 253 नदी सेतुए 107 आरओबी और 10 फ्लाईओवर शामिल हैं। इन सेतुओं के निर्माण से विभाग के टर्न ओवर में पिछले साढ़े छह वर्षों में तीन गुना की बढ़ोत्तरी हुई है। निगम का वर्ष 2017-18 में टर्न ओवर 1013.74 करोड़ रहा, वहीं इस वर्ष 2800 करोड़ से अधिक होने की उम्मीद है जबकि पिछले साल 1946 करोड़ का टर्नओवर रहा। निगम के लाभांश में भी पिछले साढ़े छह वर्षों में पांच गुना की बढ़ोत्तरी हुई है। 2017-18 में निगम का लाभांश जहां 24.92 करोड़ का था, 2022-2023 में निगम ने रिकार्ड 119.63 करोड़ का लाभ कमाया था। निगम ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में 52 नदी सेतु और 45 आरओबी बनाने का लक्ष्य रखा। निगम ने अब तक 15 नदी सेतु और 15 आरओबी का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है जबकि 37 नदी सेतु और 30 आरओबी का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।

### एलिवेटेड फ्लाईओवर और अंडरपास बनाने जा रहा सेतु निगम

सेतु निगम राजधानी में अर्जुनगंज से मरीमाता मंदिर होते हुए शहीदपथ तक प्रीकॉस्ट सेगमेंटल बॉक्स प्रणाली पर आधारित एलिवेटेड फ्लाईओवर का निर्माण करने जा रहा है। निगम इस 2.10 किमी. के एलिवेटेड फ्लाईओवर का निर्माण कार्य 18 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इसमें शहीदपथ के नीचे अंडरपास का निर्माण कार्य भी शामिल है। निगम राजधानी के अतिव्यस्तम अवध चौराहे पर मेट्रो रेल की लाइन होने की वजह से जाम से मुक्ति दिलाने को पुशिंग तकनीक से अंडरपास का निर्माण करने जा रहा है। निगम की ओर से अयोध्या में निर्माणाधीन रेल उपरिगामी सेतुओं के नीचे वायाडक्ट भाग में आवश्यकतानुसार अयोध्या के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को दृष्टिगत रखते हुए सौंदर्यीकरण क्रीड़ा स्थल, पार्किंग, फूडस्टॉल, पार्क, शौचालय, फसाड, विज्ञापन स्थल इत्यादि का कार्य स्वपोषित अनुरक्षण मॉडल के अनुरूप विकसित कराया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री के दौरे से पहले मुख्यमंत्री ने मथुरा में परखी तैयारियां

- सीएम योगी ने मथुरा-वृंदावन के प्रमुख मंदिरों में किया दर्शन पूजन
- 23 नवंबर को ब्रजरज उत्सव में शामिल होने मथुरा आ रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**लखनऊ/मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर यहां हो रही तैयारियों की समीक्षा करने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक दिवसीय दौरे पर मथुरा-वृंदावन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने को व्यवस्थाओं व सुरक्षा संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। सीएम योगी ने यहां श्री द्वारिकाधीश मंदिर, श्रीकृष्ण जन्मस्थान मंदिर, श्रीबांके बिहारी मंदिर और प्राचीन मदन गोपाल मंदिर में दर्शन किया और विधि-विधान से पूजन.अर्चन करके समस्त प्रदेशवासियों के लिए मंगल कामना की। मुख्यमंत्री ने सभी मन्दिरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने आवागमन मार्गों, प्रवेश एवं निकास द्वारों का जायजा लिया तथा सुदृढ़ व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल का दौरा किया तथा अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की।

## ब्रजरज उत्सव मेले का सीएम ने लिया जायजा



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक दिवसीय दौरे पर रविवार को मथुरा पहुंचे। सीएम योगी धोली प्याऊ के रेलवे मैदान पर चल रहे ब्रजरज उत्सव मेले में पहुंचे। उन्होंने समूचे मैदान में भ्रमण कर व्यवस्थाओं को परखा। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 23 नवंबर को ब्रजरज उत्सव में शामिल होने वृंदावन आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद और पर्यटन विभाग की ओर से रेलवे मैदान पर 14 से 27 नवंबर तक ब्रजरज उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत संत मीराबाई का जन्मोत्सव भी मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश ब्रजतीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कान्त मिश्र ने मुख्यमंत्री को संत मीरा बाई की 525 वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में जन्मोत्सव आयोजन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 23 नवम्बर को सांसद हेमा मालिनी द्वारा भक्त मीरा.वैले की प्रस्तुति दी जायेगी, जिसमें प्रधानमंत्री सम्मिलित होंगे। मैदान में भ्रमण दौरान जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने योगी को 23 नवम्बर को प्रधानमंत्री के आगमन पर की जा रही तैयारियों के बारे में बताया। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं उत्तर प्रदेश ब्रजतीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने मेले के मानचित्र के माध्यम से प्रवेश एवं निकास द्वारए मंचए कार्यक्रम स्थल, पदर्शनी स्थल, फूड स्टॉल, झूला क्षेत्रए हस्तशिल्प प्रदर्शनी आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मेला परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, सीटिंग प्लान, प्रवेश एवं निकास द्वार, टॉयलेट, शौचालय आदि की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने ब्रज तीर्थ विकास परिषद कार्यालय में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की और कई दिशा.निर्देश दिये। जनपद को स्वच्छ बनाते हुए प्लास्टिक मुक्त किया जाये। अभियान चलाकर सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति कार्रवाई की जाये। सीएम ने नगर आयुक्त को निर्देश दिये कि कूड़े का डोर टू डोर कलेक्शन को और प्रभावी किया जाये, मार्गों पर कूड़े नहीं होना चाहिएए कहीं पर भी कूड़ा जलना नहीं चाहिए। जहां जरूरत पड़े वहां आउटसोर्स के माध्यम से कर्मचारियों को नियुक्त करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया जाये। जहां जहां वॉल पेंटिंग होनी हैए वहां पर समय से कार्य पूरा कराया जाये। निराश्रित गौवंशों का व्यवस्थित रूप से प्रबंधन किया जाये और धर्मगुरुओं के साथ निरंतर संवाद स्थापित करते रहें। लोनिवि के मुख्य अभियंता को निर्देश दिये कि समस्त सड़कों को गड्ढामुक्त किया जायेए पैचवर्क का कार्य किया जायेए कोई भी सड़क टूटी न हो तथा कहीं पर गंदगी न हो। विद्युत विभाग के एमडी को निर्देश दिये कि मार्गों पर बिजली के तारों को दुरुस्त कराएं तथा जहां अनावश्यक तार लटके हुए हैं उन्हें हटाया जाये। सड़कें साफ सुथरी दिखेंए लटके हुई केबल एवं बिजली की तारों को व्यवस्थित करायें। ब्रज रज उत्सव.2023 कार्यक्रम स्थल पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था दोनों तरफसे होनी चाहिए, जिसमें जनरेटर की व्यवस्था तथा विद्युत विभाग द्वारा निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाये। मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों से कहा कि 23 नवम्बर को हेमा मालिनी जी के भक्त मीरा वैले कार्यक्रम में लोगों को आमंत्रित करें। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए अधिकाधिक जनपदवासियों को कार्यक्रम में बुलायें। प्रधानमंत्री का स्वागत अभूतपूर्व होना चाहिए। ऐसी यातायात व्यवस्था बनायें कि मथुरा वृन्दावन में आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। जब प्रधानमंत्री का मन्दिरों का भ्रमण हो तब श्रद्धालुओं को विनम्रता पूर्वक मार्गों के किनारे कर दिया जाये। सुरक्षा व्यवस्था के लिए एडीजी आगरा जोन आगरा को निर्देश दिये कि भीड़ में आराजकतत्वों पर नजर रखें। प्रदेश सरकार के मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, सांसद हेमा मालिनी, बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार प्रभारी मंत्री संदीप सिंह, महापौर विनोद कुमार अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह, विधायक मांट राजेश चौधरी, विधायक गोवर्धन मेघश्याम सिंह, विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश व्यापार कल्याण बोर्ड रविकांत गर्ग, एमएलसी ओमप्रकाश सिंह, जिलाध्यक्ष निर्भय पाण्डेय, महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी, उप्र ब्रजतीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कान्त मिश्र, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद, एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ, मण्डलायुक्त आगरा मण्डल रितु माहेश्वरीए जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# सेना में अहीर रेजीमेंट बनाने की मांग,सड़कों पर उतरे युवा




**बरेली** ।वीर अहीर निर्माण सेना के कार्यकर्ताओं ने सेना में अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग करते हुए टोल प्लाजा से सैकड़ो की संख्या में रैली निकालकर जिला अधिकारी कार्यालय पहुचे जिला अध्यक्ष गौरव यादव के नेतृत्व में रक्षा मंत्री को संबोधित जिलाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन दिया।जिला अध्यक्ष गौरव यादव ने बताया सेना में अहीर रेजीमेंट बनाने की मांग को लेकर शनिवार को टोल प्लाजा से सैकड़ो संख्या में एक रैली निकाली जो इज्जत नगर , डेलापीर , स्टेडियम , गांधीउद्धान , चौकी चौराह होते हुए जिला अधिकारी कार्यालय पहुंची , कहा कि हम लोग रक्षा मंत्री , भारत सरकार से अहीर रेजिमेन्ट बनाने की मांग करते है क्योंकि यादवों का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। देश की सीमाओं पर दुश्मनों की जब बुरी नजर पड़ी तब-तब इस कोम ने बढ़- चढ़कर देश के दुश्मनों को मजबूत जवाब दिया है ।सन 1962 के विश्व प्रसिद्ध रेजांगला युद्ध क्षेत्र में 114 यादव ने चीन से लड़ते हुए वीरगति पाई थी। फलस्वरुप मेजर सेतान सिंह को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया इसी प्रकार 1999 के कारगिल युद्ध में यादव समुदाय के वीर योद्धा सूबेदार मेजर योगेंद्र सिंह यादव , जोकि चंद जीवित परमवीर चक्र धारियों में से एक हैं को उनके अदम्य साहस के लिए परमवीर चक्र से नवाजा गया है। इस समुदाय के योद्धा देश के लिए विभिन्न युद्धों में बड़ी कुशलता के साथ दुश्मनों के छक्के छुडाते रहे ।हम समय-समय पर यह मांग उठती रही है कि यादव जाति के सौंर्य को देखते हुए जाट रेजिमेंट, राजपूत रेजिमेंट, गोरखा रेजीमेंट, कुमाऊँ रेजीमेंट है इसी तरह अहीर रेजिमेंट का गठन सेना में होना चाहिए। ज्ञापन देने बालो में गौरव यादव , नीतीश यादव , सोमवीर यादव , आकाश यादव , हर्ष यादव , सोमवीर यादव , अनुज यादव नेमपाल यादव , आकाश , सुनील यादव , सपना यादव , नितेश यादव ,सत्यबेंद्रे यादव , सुदेश यादव सहित दर्जनों युवा सामिल हुए ।

## भाई के डाटने पर घर छोड़कर चली गई छात्रा

बरेली ।एक छात्रा को उसके भाई ने प्रेमी से बात करते हुए पकड़ लिया और जमकर डांट दिया गुस्से में छात्रा ने अपने प्रेमी को फोन कॉल किया और फिर घर छोड़कर चली गई परिवार वालों ने अज्ञात युवक के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली और छात्रा को तलाशने की कोशिश शुरू कर दी ।किला थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि उनकी 16 साल की बेटी बिहारीपुर में एक कोचिंग में पढ़ती है इसी कोचिंग में उनकी बेटी की सहेली सानिया भी पढ़ती है,जो आचार्य पीठ के सामने रहती है महिला ने आरोप लगाया कि सानिया ने उनकी बेटी की एक लड़के से बात कराई और लड़के का नंबर भी दिया छात्रा की लड़के से कॉल पर बात होने लगी महिला और उसका पति किसी काम से बाहर गए हुए थे घर में उनकी बेटी और बेटा था माता-पिता की गैर मौजूदगी में छात्रा मोबाइल से अपने प्रेमी से बात कर रही थी ।इस दौरान उसके भाई ने बात करते हुए पकड़ लिया जब भाई ने मोबाइल मांगा तो छात्रा ने देने से साफइनकार कर दिया इस पर उसे गुस्सा आ गया और उसने बहन को जमकर डांट दिया और अपने कमरे में चला गया गुस्से में छात्रा ने प्रेमी को कॉल किया और फिर उसके साथ घर छोड़कर चली गई घर पहुंचने पर छात्रा के माता पिता को जब प्रेमी की बात पता चली तो उन्होंने थाने में अज्ञात युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई।

### बड़ी मात्रा में नकली मोबिल आयल बरामद,एक गिरफ्तार

बरेली ।बाजार से खरीदा गया नकली मोबिल आयल कंपनी के ब्रांडेड मोबिल में बदलकर बेचने वाले एक युवक को पुलिस ने आज बड़ी मात्रा में नकली मोबिल मिल के साथ गिरफ्तार कर लिया ।इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव बिहारमान नगला निवासी मोहम्मद हसन पुत्र रौनक हुसैन को पुलिस ने आज अलग-अलग कंपनी के नकली कंपनियों के नकली मोबाइल के डिब्बो समेत गिरफ्तार कर लिया पूछताछ के दौरान मोहम्मद हसन ने बताया कि वह बाजार से खुला हुआ मोबिल ऑयल खरीदने के बाद उनको ऑनलाइन मंगवाए गए कंपनी के खाली डिब्बो में भरने के बाद कंपनियों के रैपर चिपका कर खुले बाजार में वाहनों की सर्विस करने वाले मैकेनिको के हाथों बेचता था।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर तैयारियों में जुटा प्रशासन

श्रावस्ती। जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जनपद में माह नवम्बर 2023 के तृतीय सप्ताह से 26 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रभावी क्रियान्वयन व विस्तृत रूपरेखा तैयार किये जाने के निर्देश दिए गये है। जनपद में विकसित भारत संकल्प यात्रा 26 जनवरी 2024 तक संचालित रहेगी जिसमें जन हितार्थ केंद्र.राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन के माध्यम से भारत सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं का ऑडियोध्विजुअल प्रदर्शन द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। उन्होने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि जनसामान्यध्आम नागरिकों को केन्द्रध्राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारीध्लाभार्थीपरक योजनाओं के विषय में जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया जाए ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ सुगमता से पहुंच सके और जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उनका लाभ पात्र व्यक्तियों को मिल सके।जिलाधिकारी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन हेतु जिला स्तर और ग्राम स्तर पर कमेटी का भी गठन किया गया है उन्होने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे आपस में सामंजस्य बनाकर विकसित भारत संकल्प यात्रा से सम्बंधित स्टाल लगाए और लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्लाक स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी एवं जिला स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है जो चलाए जा रहे हैं विभिन्न कार्यक्रमों की निरंतर मानिटरिंग करेंगे। उन्होंने इस कार्य में लगे सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि इस कार्यक्रम के द्वारा पात्र व्यक्तियों सरकार की योजनाओं से छूट गए हैं उनका चयन करके लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा हर गांव में जाएगी जिससे अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को जागरूक कर उन्हें लाभ प्रदान करना है।

उन्होने बताया कि यह कार्यक्रम भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा इस कार्य में लगाये गये अधिकारीध्कर्मचारी गांव.गांव जाकर लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दें। उन्होंने विभागवार सभी विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया कि उन्हें जो भी दायित्व दिए गए हैं उनका अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस कार्यक्रम में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत .

श्रावस्ती। भिनगा . कोतवाली भिनगा अंतर्गत ग्राम खाले पुरवा में रविवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने पति सास व ससुर के विरुद्ध भिनगा कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के हरिहरपुर गांव निवासी विश्राम ने अपनी पुत्री वंदना की शादी खाले पुरवा गांव निवासी शिव कुमार उर्फ ददुआ के साथ करीब 6 वर्ष पूर्व किया था रविवार की सुबह उसका शव घर में ही फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही मायके से परिजन मौके पर पहुच गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने भिनगा कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है उन्होंने तहरीर में आरोप लगाया है की ससुराल के लोग आए दिन वंदना के साथ मारपीट करते थे उन्होंने ने ही मेरी बेटी की हत्या कर दी है।

## महिला की हत्या कर पुआल में जलाया

बरेली । महिला की हत्या कर पुआल में जला दी गई आज सुबह लाश जलती देख गांव में सनसनी फैल गई मृतका के मायके वालों ने पति पर ही हत्या का शक जताया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी ।शाही थाना क्षेत्र के गांव खेऊ की गौटिया निवासी व्यक्ति ने बताया शनिवार देर रात जब उसकी आंख खुली तो उसकी पत्नी घर पर नहीं थी।बच्चे बिस्तर पर सो रहे थे उसने पत्नी को घर और आसपास तलाश किया, लेकिन कोई पता नहीं चला रविवार सुबह गांव के लोगों से गांव के बाहर पुआल में महिला की लाश जलने की सूचना दी मौके पर पति ने पहुंचकर शव की शिनाख्त की ग्रामीणों ने पुआल से अधजली लाश को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी कुछ देर बाद एसपी देहात मुकेश चंद्र मिश्रा, सीओ मीरगंज दीपशिखा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गईं पुलिस ने अधजली लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मृतका के पति से पूछताछ की पति ने गांव के ही एक युवक पर हत्या करने का आरोप लगाया घटना की सूचना पर पहुंचे मृतका के मायके वालों ने पति पर ही हत्या का आरोप लगाया बताया जा रहा है कि महिला के गांव निवासी युवक से अवैध संबंध थे पति इसका विरोध कर रहा था महिला के चार बच्चे हैं।एसपी देहात मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि घर से 400 मीटर दूर अधजली लाश मिली है मृतका के मायके वाले हत्या का आरोप लगा रहे है मामले की जांच जारी है ।

# जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत, हत्या का लगा आरोप

बरेली ।एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई मायके वालों ने ससुरालियों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर जहर देकर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी ।देवरनिया थाना क्षेत्र के गांव उद्रा निवासी दौलत राम की 26 वर्षीय बेटी नेहा का विवाह छह साल पहले शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सिया ठेरी निवासी युवक के साथ हुई थी उसके कोई संतान नहीं है नेहा को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया हालत गंभीर देख उसे डॉक्टरों ने दूसरे अस्पताल भेज दिया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई तब मायके वालों ने हंगामा शुरू कर दिया उनका आरोप है कि उनकी बेटी को जहरीला पदार्थ दिया गया है जिस कारण नेहा की मौत हो गई दहेज हत्या आरोप लगते देख पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी । ।

### बीड़ी से बुजुर्ग के कपड़ों में लगी आग, हालत गंभीर

बरेली ।घर के बाहर धूप सेकते हुए एक बुजुर्ग बीड़ी पी रहे थे जिससे उनके कपड़ो में आग लग गई और वह झुलस गए गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।बारादरी थाना क्षेत्र के सहसवानी टोला पीली मिट्टी के पास के रहने वाले 65 साल के अजीज खान को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया जहां उन्होंने बताया कि रविवार सुबह लगभग साढ़े सात बजे वह घर के बाहर धूप सेकते समय बीड़ी पी रहे थे इसी दौरान बीड़ी की चिंगारी उनके गर्म कपड़ों पर गिर गई और सुलगने लगी लेकिन इसका उन्हें पता नहीं चल पाया देखते ही देखते उनके कपड़ों में आग लग गई और वह गंभीर रूप से झुलस गए उनकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े और किसी तरह आसपास और परिजनों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दी और उन्हें आनन फानन मे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गय जहां उनका उपचार जारी है उनकी हालत नाजुक बनी हुई है ।

### मां के काम पर जाने के बाद बेटे उन्हें फांसी लगाकर दी जान

बरेली ।बेटे को चाय पिलाने के बाद मां काम पर चली गई उसके जाने के कुछ ही देर बाद बेटे ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मोहल्ले के लोगों इस सूचना पर वह घर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी ।बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र में ममता आश्रम के पास रहने वाली सरोज ने बताया कि वह ग्रीन पार्क में लोगों के घर में काम करती है बहन लगभग 10 सालों से यहां रह रही है लेकिन मूल रूप से वह भुता के गांव भिटौरा की रहने वाली है उसका 18 वर्षीय बेटा गौरव पुत्र नन्हे लाल मजदूरी करता था रविवार सुबह वह बेटे को चाय पिलाकर अपने काम पर ग्रीन पार्क जाने के लिए घर से बाहर चली गई उसके जाने के कुछ देर बाद ही बेटे ने छप्पर में लगे लोहे के पाइप से दुपट्टा बांधकर फांसी लगा ली कुछ ही देर में उनके पास फोन आया कि गौरव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है वह तुरंत घर वापस लौटी तो उन्होंने देखा कि दुपट्टे और लोहे के पाइप के सहारे उनके बेटे का शव लटका पड़ा था सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

# उर्स और मेले में हुए कुश्ती के मुकाबले



संडीला;हरदोईद्ध। नगर में विगत 16 नवंबर से चल रहे झाड़ी शाह के उर्स और मेले के चौथे दिन दूर दूर से आए पहलवानों ने कुश्ती के बेहतरीन दांव पेंच दिखाते हुए बड़े बड़े ईनाम जीते। मेले में होने वाले मशहूर दंगल में दूर दूर से मशहूर पहलवान प्रत्येक वर्ष प्रतिभाग कर अपने हुनर का प्रदर्शन हज़ारों दर्शकों के सामने करते हैं। इस बार दंगल का उद्घाटन दरगाह के सज्जादा नशीन सूफी शहनवाज़ आलम ने किया। उन्होंनें पहलवानों की पहली कुश्ती अयोध्या के पहलवान राकेश और कश्मीर के पहलवान शाह आलम के बीच संपन्न कराई। जिसमें राकेश पहलवान विजयी रहे। इसके अलावा पंजाब के पहलवान अशोक और दिल्ली के पहलवान सुधीर के बीच मुकाबला हुआ जो बराबर रहा जबकि काठमांडू के पहलवान थापा ने अयोध्या के पहलवान बाबा अशोक को हराया। मेरठ के पहलवान अहमद ने चंदर को और अमित पहलवान ने हरियाणा के सुनील पहलवान को अखाड़े में पटकनी दे दी जबकि गोंडा के कदीर पहलवान ने बरेली के हरि पहलवान को हराया।सूफ्यिाना कव्वाली का हुआ आयोजन:उर्स में शाम को सूफ्यिाना कव्वाली का आयोजन किया गया जिसमें कव्वाल अरशद हुसैन चिश्तीए समीर ताज वारसीए बेबी कव्वाल तथा मरूफ कव्वाल ने कव्वाली के फन का बेहतरीन तरीके से प्रदर्शन किया। कव्वाली का

## संडीला के औद्योगिक क्षेत्र में स्थानीय युवकों की उपेक्षा

### सपा नेता ने पीएमए सीएम और राज्यपाल को लिखा पत्र

संडीला;हरदोई। सपा के युवा तेज तरार नेता एवं हाई कोर्ट के एडवोकेट अभिषेक दीक्षित ने देश के प्रधानमंत्रीए मुख्यमंत्री और राज्यपाल को पत्र लिखकर संडीला की औद्योगिक इकाईयों में स्थानीय नवयुवकों को रोजगार न मिलने पर निराशा व्यक्त करते हुए स्थानीय युवक युवतियों को न्याय दिलाने की मांग की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल महामहीम आनंदी बेन पटेल को भेजे गए अपने पत्रों में सपा नेता अभिषेक दीक्षिक एडवोकेट ने कहा है कि संडीला क्षेत्र में पेपसिकोए पिस्टल निर्माण इकाईए बर्जर पेंट समेत लगभग दो दर्जन छोटी बड़ी औद्योगिक इकाईयों की स्थापना की गयी है जिनमें हज़ारों लोगों को नौकरी दी गयी है। जबकि इनके में अधिकांश बाहरी जनपदों के हैंए या औद्योगिक इकाई के लोग अपने अपने क्षेत्रों से लाए हैं। स्थानीय युवकों की एक मामूली संख्या को ही श्रमिक आदि का काम मिल पा रहा है। जबकि जनपद हरदोई और संडीला के अतरौली में आईटीआई होने के कारण यहा बड़ी संख्या में विभिन्न औद्योगिक ट्रेडों में प्रशिक्षित युवक पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं लेकिन उनकी उपेक्षा की जा रही है जो कि घोर चिंताजनक विषय है। उन्होंनें अर्थशास्त्र समझाते हुए लिखा है कि बड़ी संख्या में बाहरी लोगों के आकर प्रवास करने के कारण खाद्य तमाम दैनिक उपभोग की वस्तुओं के महंगा होने के कारण यह महंगाई तो स्थानीय लोगों को झेलनी पड़ती है। जबकि लाभ बाहरी लोगों को मिलता हैं। उन्होंनें कहा कि प्रदेश सरकार के जिम्मेदार नेताओं का बार बार यह कहना होता है कि औद्योगिक विकास से स्थानीय युवक यवुतियों को राजगार मिलेगा और क्षेत्र का विकास होगाए लेकिन संडीला के औद्योगिक क्षेत्र में इसके बिल्कुल विपरीत हो रहा है। उन्होंनें मांग की कि प्रदेश के मुख्यमंत्री इस संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश उद्योग विभाग को प्रदान करें।

## बात कर रहे दोस्तों पर चढ़ गया ट्रक, एक की मौत, दो लोग हुए घायल

बरेली ।सड़क किनारे खड़े होकर बातचीत कर रहे तीन दोस्तों को तेजी से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी एक की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । बदायूं के बिनावर थाना क्षेत्र के गांव सिंगरौली निवासी 19 वर्षीय असद अंसारी पुत्र आले हसन अंसारी को आज दोपहर इलाज के लिए बरेली के जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया मृतक के घर वालों ने बताया कि असद के दोस्त गांव में ही रहने वाले कमल हसन की बहन का विवाह होने वाला है और आज दोपहर जब फरमान बा असद एक मोटरसाइकिल पर कहीं जा रहे थे तो कमल हसन उन्हें रास्ते में मिला मोटरसाइकिल पर खड़े होकर वह दोनों कमल हसन से बातचीत करने लगे इसी दौरान पीछे से आए एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे तीनों दोस्त ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक मौके से फरार हो गया स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और उनके घर वालों को सूचना दी कुछ देर बाद अस्पताल पहुंचे घर वाले असद को इलाज के लिए बरेली के जिला अस्पताल लाये रास्ते में ही उसकी मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सबको मिल रहा योजनाओं का लाभ



अयोध्या। सांसद लल्लू सिंह ने विधानसभा मिल्कीपुर स्थित मजनाई प्रधानमंत्री सड़क से अगरबा पक्की सड़क के नवनिर्माण कार्य का लोकापर्ण किया। सड़क की लम्बाई 525 मीटर व लागत 38ण्70 लाख है। लोकापर्ण के बाद सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के उपरान्त सांसद लल्लू सिंह का स्थानीय लोगो ने स्वागत किया।सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सड़के किसी क्षेत्र के विकास का पैमाना होती है। गांवों को मुख्य मार्गो से बेहतर परिवाहन सुविधा के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। बेहतर परिवाहन सुविधा होने का लाभ व्यापरियों व किसानों को मिलता है। जिससे रोजगार सृजन होता है। अयोध्या लोकसभा की सभी सड़के जनता की अपेक्षानुरुप चौड़ी व बेहतर की जा रही है। उन्होंनें कहा कि केन्द्र प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। गरीबों के चेहरे पर खुशी का भाव लाना हमारी प्राथमिकता है। कृषि व कृषकों का उत्थान करने के लिए सरकार ने योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की है। मौके पर जिला पंचायत सदस्य बब्लू पासी व अशोक मिश्राए भाजपा मण्डल अध्यक्ष अर्जुन सिंहए सत्य प्रकाश शुक्लाए सुरेन्द्र गिरीए कैलाश जायसवालए अजीत मौर्या आदि प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

### बदायूं में ज़मीन बेचने के विवाद में युवक ने पिता की गोली मारकर हत्या की

बदायूं। बदायूं जिले के उघैती थाना इलाके में एक युवक ने जमीन बेचने को लेकर हुए विवाद के बाद रविवार को अपने पिता की कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। हत्या की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ओपी सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिवारजनों से बातचीत की। सिंह ने पत्रकारों को बताया कि उघैती थाना क्षेत्र के गांव सराय बरौलिया निवासी सुभाष चन्द्र शर्मा (56) आज अपने भाई सुनील शर्मा के साथ अपने खेत पर काम कर रहे थे और सुबह लगभग 11.30 बजे उनका बेटा सचिन (22) खेत पहुंच गया और नौ बीघा जमीन बेचने की बात को लेकर उसका अपने पिता से झगड़ा हो गया। एसएसपी ने बताया कि पिता-पुत्र के बीच कहासुनी व विवाद के दौरान सचिन ने सुभाष की तमंचे से गोली मार हत्या कर दी और फरार हो गया। उन्होने बताया कि गांव के लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सचिन अपने पिता से इसलिए नाराज़ था कि उन्होंने नौ बीघा जमीन बेच दी थी।

# पर्यावरण, स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूक होकर प्रतिभा निखारेंगे विद्यार्थीः पवन सिंह



लखनऊ। विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव के दौरान विद्यार्थी पर्यावरणए स्वास्थ्यए शिक्षा ए आत्मनिर्भर भारत के महत्व के प्रति जागरूक होकर अपनी प्रतिभा निखारेंगे ये वक्तव्य सीतापुर से विधानपरिषद पवन सिंह चौहान ने विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव की कोर टीम के सदस्यों से बैठक के पश्चात दिये बैठक में उपस्थित जनविकास महासभा के अध्यक्ष पंकज कुमार तिवारी प्रदेश मंत्री अजय यादव शोभा फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल एवं अंकेश सिंह चौहान उपस्थित रहे। बैठक में पंकज तिवारी ने विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम एन आर एल सी ट्रेनिंग संस्थान सहारा स्टेट रोड जानकीपुरम में 22ए 23 एवं 24 दिसम्बर को आयोजित होगा। विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण एवं जल संरक्षणए स्वास्थ्य एवं शिक्षाए आत्मनिर्भर भारत के महत्व के प्रति जागरूक करते हुये उन्हें उनकी प्रतिभा प्रदर्शन के लिये प्रेरित करना है इसके लिये विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव में आर्टध्ड्रॉइंग गैलरीए कबाड़ से जुगाड़ के अंतर्गत वेस्ट मेटेरियल से बनाएं गये उत्पादों की प्रदर्शनी कैरियर मार्गदर्शनए इत्यादि के साथ विद्यार्थियों को नृत्य गायन संगीत की प्रतिभा प्रदर्शन हेतु मंच उपलब्ध कराया जायेगा कार्यक्रम की शुरुआत पौधरोपण के साथ शुरू की जायेगी।

# कांग्रेसियों ने इंदिरा गांधी की जयंती मनाई

**बरेली** । पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी ने कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला के नेतृत्व में पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया ।इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी का जन्म 19 नवंबर को प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था, उनके पिता पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू थे, वह भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनी, उन्हें विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय द्वारा डायरेक्ट की उपाधि से सम्मानित किया गया था । इंदिरा गांधी बचपन से ही स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रही, 1930 में उन्होंने बच्चों के सहयोग के लिए वानर फौज




निर्माण किया, बांग्लादेश के निर्माण में उनका विशेष योगदान रहा , 1959 से लेकर 1960 तक वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष बनी ,1980 में योजना आयोग की अध्यक्ष भी रही, भारत में वह आयरन लेडी के नाम से से मशहूर रही, हमें उनके द्वारा किए गए कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए ।भारत की पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी की जयंती के अवसर पर उन्हें पर शत-शत नमन ।श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मौजूद रहे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं एआईसीसी सदस्य प्रेम प्रकाश अग्रवाल, पीसीसी सदस्य चारु मल्होत्रा, पीसीसी सदस्य एवं महानगर प्रवक्ता योगेश जौहरी, वरिष्ठ कांग्रेसी मुकेश वाल्मीकि, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुबोध जौहरी एवं अनिल देव शर्मा , महासचिव डॉ सर्वत हुसैन हाशमी, महानगर महासचिव फिरोज सचिन, महासचिव राजेश कुमार, दिनेश वाल्मीकि, रफीक ठेकेदार, प्रदेश अल्पसंख्यक महासचिव हसनैन अंसारी, महानगर सचिन रतन सक्सेना, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष आफताब अंसारी, अफसर खान, रवि शर्मा कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व सभासद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों का तांता

**संवाददाता।** रूरा, कानपुर देहात



**शास्त्रीनगर** वार्ड के पूर्व सभासद आर्येन्द्र मिश्रा उर्फबबोल मिश्रा की 14 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित श्रॆद्धॉजलि सभा में सभी राजनैतिक दलों के कद्दावर नेताओं के साथ समाज के बुद्धिजीवी तबके सहित सम्भ्रान्तजन मौजूद रहे। मैथा ब्लाक प्रमुख पति व अकबरपुर रनियॉ विधानसभा से प्रत्याशी रहे नीरज सिंह गौर सहित अन्य लोगों ने ब्रम्हलीन पूर्व सभासद के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुये उनके मानवीय गुणों की प्रशॅसा की। शास्त्रीनगर वार्ड में अपने मिलनसार स्वभाव व मृदुभाषिता के चलते पूर्व सभासद बबोल शुक्ला खासे लोकप्रिय थे। उनके छोटे भाई आशुतोष मिश्रा उर्फछोटे भईया वर्तमान समय में इसी वार्ड से सभासद है, इससे पूर्व उनकी मॉ श्रीमती मीना मिश्रा सभासद थी, छोटे भईया अपने भाई के निधन के बाद लगातार पुण्य तिथि पर श्रद्धॉजलि सभा का आयोजन करते चले आ रहे है। 14वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धॉजलि सभा में अकबरपुर रनियॉ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी नीरज सिंह गौर, प्रसिद्ध श्रीमदभागवत व्यास महेन्द्र मिश्रा पीयूष, भाजपा नेता व सदर अकबरपुर ब्लाक प्रमुख संरक्षक रविशशि नारायण द्विवेदी, बसपा नेता व जजमुईया जिला पॅचायत सदस्य बउआ त्रिवेदी, सहकारी समिति अध्यक्ष रजोल शुक्ला, सपा नेता आनन्द यादव, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राजेन्द्र अवस्थी, वरिष्ठ पत्रकार करूणासागर द्विवेदी, पूर्व शिक्षक जेएन मिश्रा, रामऔतार दीक्षित, पत्रकार गोल्डन द्विवेदी, रजनीकान्त, मोहन, अनुज पाण्डेय सहित समाज के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## कार डिवाइडर से टकरायी, पांच घायल

**कुरारा( हमीरपुर )।** जनपद आगरा से बांदा जा रही कार कस्बा कुरारा के बेरी तिराहा के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने से सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।सभी को इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जनपद आगरा निवासी हर्ष पांडे के फूफा जनपद बांदा के खपटिहा कला की मौत हो जाने पर उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने अपनी कार से जा रहे थे। कार को पुस्कर आगरा निवासी चालक स्वयं चतुर्वेदी चला रहा था। आज तड़के कार कुरारा कस्बे के बेरी तिराहा के पास से गुजर रही थी।

# घटने के बजाय लगातार बढ़ते जा रहे क्षय रोगी

**संबाददाता।** हमीरपुर

**केंद्र** सरकार क्षय रोग(टीबी) को वर्ष 2025 तक पूरी तरह खत्म करने के लिये एड़ी चोटी का जोर लगाये हुये है मगर हमीरपुर जिले में गरीबी व युवाओं में बढ़ रही नशा की लत सेक्षय रोगी(टीबी) के मरीज घटने के बजाये लगातार बढ़ते जा रहे है जो शासन के लिये चिंता का विषय बना हुआ है। जिले में तीन ब्लाक कुरारा,सुमेरपुर मौदहा व हमीरपुर शहर में मरीजों की स्थिति ज्यादा खराब हो रही है। क्षय रोगियों के बेहतरीन उपचार के लिये शासन ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम(एनटीईपी) संचालित कर रही है। जिसमे घर घर जाकर बलगम की का सैंपल लेना डाट कार्यक्रम के तहत मरीजों को घर में ही आशा बहू द्वारा निश्चित समय पर दवा खिलाना आदि सुविधायें दी जा रही है। पिछले वर्ष 149 क्षय रोगी चिंहित किये गये थे इस साल रोगियों की संख्या अभी तक बढकर 229 हो गयी है। जनवरी से दिसम्बर तक का रोगियों का डाटा शासन को भेजा जाता है। जांच में कुरारा,सुमेरपुर,मौदहा व हमीरपुर शहर में अन्य ब्लाकों की अपेक्षा ज्यादा क्षय रोगी मिल रहे है। घनी आवादी व कुपोषित जीवन भी इस रोग को बढ़ाती है। यह रोग संक्रामक रोग है परिवार में एक सदस्य को रोग होने से दूसरा भी चपेट में आ जाता है। शासन इसके लिये न केवल साल भर अभियान चलाती है बल्कि हर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र( सीएचसी) व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र(पीएचसी) में एक डाक्टर को दिल्ली से प्रशिक्षण देकर टीवी के मरीजों को उपचार करने के लिये कहा गया है। हरेक अस्पताल में एलटी की नियुक्ति की गयी है। ताकि लोगो को जांच के लिये मुख्यालय न आना पड़े। चिकित्सकों का मानना है कि जिले में युवाओं में नशे की बढ रही लत व खान पान पौष्टिक न होने के कारण लोग टीवी के शिकार हो रहे है।

# सामाजिक समरसता में राम शीर्षक पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



**संवाददाता।** चित्रकूट

**संस्कृति** मंत्रालय भारत सरकार की नेशनल प्रसेंस योजना के अंतर्गत जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के अष्टावक्र सभागार में रामायण उत्सव के अंतर्गत सामाजिक समरसता में राम शीर्षक पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन देश-विदेश के विभिन्न वक्ताओं नेअपने विचार प्रकट किया।जनकपुर नेपाल से पधारे डॉ अरुण कुमार झा ने भगवान श्री राम के आदर्श को पारिवारिक आचरण के रूप में प्रत्येक व्यक्ति को प्रत्येक व्यक्ति को ग्रहण करने पर बल दिया। ताकि आने वाली संताने भी श्री राम के प्रतिरूप बन सकें।डॉ दीपक कुमार मिश्र ने श्री राम भक्त हनुमान के चरित्र को अपने साहित्य एवं स्वरचित कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। डॉ प्रमिला मिश्रा ने बाल्मिक रामायण में सीता जी के चरित्र को प्रस्तुत किया।डॉ निहार रंजन मिश्र ने श्री राम के चरित्र कोआस्था के आधार पर प्रस्तुत किया।डॉ गरिमा मिश्रा ने बाल्मिक रामायण में वर्णित श्री राम के चरित्र के आधार पर राष्ट्रीय समरसत्ता में श्री राम के योगदान को प्रकट किया। डॉ शशिकांत त्रिपाठी ने श्री राम तत्व की विस्तृत व्याख्या की।

# जन शिकायतों का अधिकारी करें गुणवत्ता पूर्ण निस्तारणः मंडलायुक्त

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**मंडलायुक्त** कानपुर अमित गुप्ता की अध्यक्षता में न्यायालय में लंबित वादोंए दायर वादों के निस्तारणए जन शिकायतों व आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में समीक्षा बैठक माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में आयुक्त महोदय ने न्यायालय में लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण हेतु सभी एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मानक के अनुरूप मामलों के निस्तारण में प्रगति लाई जाएए राज्य औसत से कम मामलों का निस्तारण किसी स्थिति में छम्य नहीं है। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं द्वारा सहयोग न किए जाने पर किस प्रकार मामलों का निस्तारण कराया जाएए इस बारे में सम्यक जानकारी संबंधित को दी। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायत का निस्तारण करते समय निस्तारण आख्या में संपूर्ण जानकारी स्पष्ट रूप से अंकित की जाएजाएए साथ ही निस्तारण की समय सीमाए तिथि आदि का भी स्पष्ट रूप में उल्लेख किया जाए। उन्होंने अवैध कब्जों के संबंध में कहा कि कोर्ट से आदेश की समय सीमा समाप्त होने पर यदि संबंधित द्वारा कब्जा नहीं हटाया जाता तो उसे पर मौके पर जाकर कब्जा हटाने की कार्रवाई पूर्ण की जाए।

उन्होंने कहा कि जो शिकायत है मुख्यमंत्री की जनसुनवाई के दौरान प्राप्त होते हैं उनके निस्तारण पर विशेष ध्यान देंए तहसील दिवस के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों को समय अंतर्गत संतुष्टीपरक निस्तारण सुनिश्चित कराये। इस दौरान उन्होंने कार्यों में लापरवाही बरतने वाले एसडीएम व तहसीलदारों को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिलाधिकारी आलोक सिंह द्वारा आयुक्त महोदय द्वारा दिए गए निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित को दिए गए।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अकबरपुर में 21 नवंबर को रोजगार मेले का होगा आयोजन

**कानपुर देहात।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानए अकबरपुरए कानपुर देहात प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानए अकबरपुरए कानपुर देहात में दिनांक 21 नवंबर 2023 को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में एचडीएफसी बैंकए लखनऊए कानपुरए दिल्लीए पेटीएम ऑन रोलध्ऑफ रोल मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी जस्ट डायल माइक्रो टर्नर्स हायरिंग मैन्युफैक्चरिंग प्लांट रोहतक हरियाणा आदि अधिष्ठान प्रतिभाग कर रहे हैए अधिष्ठान में आईटीआई के पास आउट अभ्यर्थी फिटरए वेल्डरए टर्नरध्मशीनिस्टए इलेक्ट्रीशियनए डीजल मैकेनिकए मोटर मैकेनिकए इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिकए पॉलिटेक्निक इंजीनियरिंग व हाई स्कूलए इंटरमीडिएट एवं ग्रेजुएट नॉन टेक्निकल अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। जिसमे अधिकत्तम 1ण्80 लाख से 2ण्40 लाख प्रति वर्ष का वेतन निर्धारित किया है। 18 से 30 वर्ष के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों तथा उनकी छाया प्रति के साथ दिनांक 21ण्11ण्2023 को प्रातः 10रू00 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानए अकबरपुरए कानपुर देहात में प्रतिभाग कर रोजगार के इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

# राजनैतिक दलों को ताकत का अहसास कराने के लिए समाज का संगठित होना जरूरी : एमपी जायसवाल

**संवाददाता।** चित्रकूट

**बेशक** चित्रकूट जनपद के जायसवाल, शिवहरे समाज के सर्ववर्गीय एकता और स्वाभिमान जनित ज्वर में शोभा यात्रा के माध्यम से खास प्रदर्शन किया। कुल देवता भगवान सहस्त्रबाहु जी के जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के मुख्य मार्गो से शोभा यात्रा का स्वजातीय समाज के बंधुओ ने पुष्प वर्षा कर उत्साह वर्धन किया। भगवान सहस्त्रार्जुन के पुजन और हवन कार्यक्रम में समाज के लोगो ने बढ़चड़कर भागीदारी निभाई। इस अवसर पर समाज के इक्यावन बंधुओ को स्वजातीय रत्न से सम्मानित किया। प्रबुद्ध सम्मेलन का सुभारंभ गंगा प्रसाद संयोग सभागार में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम उद्घाटित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय कल्चुरी जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष दयाराम राय ने कहा कि ऐसा नहीं कि हम संख्या बल, धन बल और शक्ति बल में पिछड़े हुए हैं। पर बेशक यह सही है कि हमारे संकल्प और शक्ति को समय समय पर पवनपुत्र की तरह जामवंत स्मरण की आवश्यकता पढ जाती है। आज का यह कार्यक्रम हमारी एकता की दिशा में बढ़ा हुआ एक निर्णायक कदम होगा। विशिष्ट अतिथि युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजितेश जायसवाल ने कहा कि हमारा समाज हजारों साल साधना का फल है। भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की हम संतान कल्चुरी राजवंश के संस्थापक है। वर्तमान समय में हमें एकजुट होने की आवश्यकता है। वरेण्य अतिथि और युवा भाजपा नेता गौरव शिवहरे ने कहा कि चित्रकूट युवा मंच के समर्पित कार्यकर्ता गणों से हमारी आकांक्षा रही है कि हम अपनी ऊर्जा को वर्गो,उपवर्गो में बांटकर क्षीण न करें बल्कि ऊर्जा को इसी मंच में सागठनिक विकास को समर्पित कर सहभागी बने।

# जयपुरिया स्कूल में जोश छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित

**संवाददाता।** फ्तेहपुर



**जयपुरिया** स्कूल में जोश छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों के बच्चो ने प्रतिभाग किया। विद्यालय की ओर से आयोजित परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले मेधावियों को एक लाख रुपये व लैपटॉप के अलावा टॉप थ्री रैंकिंग वालो को क्रमशः 51 व 31 हज़ार तक के नगद पुरस्कारो से सम्मानित किया जाना है।

रविवार को मलवां स्थित जयपुरिया स्कूल मे जोश छात्रवृति परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में महर्षि विद्या मंदिर, चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल, आरएस एक्सेल इंग्लिश एकेडमी, सरस्वती विद्या मंदिर, सरस्वती ज्ञान मंदिर तथा बिंदकी, बकेवर और चौडगरा समेत अन्य विद्यालयों के कक्षा आठ व हाईस्कूल के बच्चो ने प्रतिभाग किया। बच्चों की प्रतिभा व लगन देखते ही बन रही थी उत्साह व आत्मविश्वास से लबरेज़ मेधावी बच्चों ने कहाकि इस तरह की परीक्षा से उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है साथ ही बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने में उन्हें आसानी भी होगी। जोश परीक्षा में 21वें स्थान से फाइनल परीक्षा में क्वॉलिफाई होने वाले मेधावियों को विभिन्न पुरस्कारों से नवाजा जाएगा। प्रधानाचार्य राणा संग्राम सिंह भदौरिया द्वारा परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया गया। प्रधानचार्य ने बताया कि छात्रवृत्ति परीक्षा विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगा साथ ही बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में छात्र-छात्राओं के लिये लाभकारी होगा।

इस मौके पर मुख्य संबंध प्रबंधक जरीना अंजुम, शिल्पा सिंह रावत, शैक्षणिक समन्वयक हर्ष सिंह परिहार, वरीशा खान, मुख्य अनुशासन प्रभारी देवेन्द्र सिंह भदौरिया सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# साहू-राठौर समाज की बैठक में महारैली की बांटी जिम्मेदारियां



**फ्तेहपुर।** नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग राज्यमंत्री राकेश कुमार राठौर की अध्यक्षता में साहू-राठौर समाज की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे राजधानी लखनऊ में साहू तैलिक समाज की होने वाली महारैली को सफल बनाने के लिये ज़िम्मेदारिया देकर बड़ी संख्या में समाज के लोगो से रैली में पहुँचने का आह्वान किया गया।

25 नवम्बर को लखनऊ के रमाबाई अम्बेडकर मैदान में होने वाली तैलिक महारैली की तैयारियों को लेकर जनपद दौरे पर आए प्रदेश सरकार के शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग राज्यमंत्री राकेश कुमार राठौर की अध्यक्षता में पीडब्लूडी डाक बंगले में साहू समाज के साथ बैठक अयोजित की गयी। बैठक से पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि व साहू राठौर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजू साहू द्वारा राज्यमंत्री का माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए राज्यमन्त्री ने कहाकि साहू राठौर समाज को संगठित कर जागरूक करने व उन्हें राजनितिक अधिकार प्राप्त करने में होने वाली समस्याओ से जागरूक करने के लिये वह लगातार जनपदों का दौरा कर रहे है। 25 नवम्बर को समाज की होने वाली रैली की तैयारियों को लेकर वह जनपद में रथ लेकर जा रहे है। रैली को सफल बनाने के लिये उन्होंने संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजू साहू को ज़िम्मेदारिया देते हुए समाज के लोगो से बड़ी तादात मे राजधानी लखनऊ के रमाबाई पार्क पहुचने का आह्वान किया।

# समाजवादी अंबेडकर वाहिनी की जिला कमेटी घोषित

**संवाददाता।** फतेहपुर

**समाजवादी** पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह यादव की अध्यक्षता में एवं लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी डा. रामकरन निर्मल की अगुवाई में समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष डॉ. अमित पाल ने प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार जाटव द्वारा अनुमोदित 21 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी एवं विधानसभा अध्यक्षों तथा नगर अध्यक्ष के नाम की घोषणा करते हुए सभी को मनोनयन पत्र वितरित किए सभी नवनियुक्त प्राधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए लोहिया एवं अंबेडकर वादी विचारों से लोगों को जोड़कर समाजवाद की नींव को और मजबूत करते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम करने के लिए प्रेरित किया गया। कमेटी में ललित सैनी, मनोज पासवान, संदीप गौतम, मुन्ना लोधी, उमेश पाल, शिवप्रकाश पटेल को जिला उपाध्यक्ष एवं राजेंद्र पासवान को महामंत्री तथा अश्विनी यादव एडवोकेट, इंद्रसेन पासी, हेमंत तिलक एडवोकेट, शानू गौतम, दिलीप पाल, सुरेंद्र कुमार मौर्य, हिमांशु पटेल, इंद्रराज पाल को सचिव की जिम्मेदारी दी गई। साथ ही एडवोकेट चंद्रभूषण पाल, प्रमोद कुमार निर्मल, लखन गौतम, विजय कुमार गौतम को सदस्य नामित किया गया। विधानसभा अध्यक्षों में अवधेश मौर्य को हुसैनगंज, महेश कोरी को सदर, योगेश पासवान एडवोकेट को खागा, समरजीत पाल को बिंदकी, सुरेंद्र पासवान को अयाह शाह की जिम्मेदारी दी गई। सदर नगर अध्यक्ष पर नीरज पाल को नामित किया गया। इस मौके पर जिला महासचिव चौ मंजरयार, प्रभात पटेल एडवोकेट, गंगासागर पाल, देवानंद पाल, राजू यादव, आनंद गौतम सहित पार्टी के अन्य लोग उपस्थित रहे।

## लक्ष्मीबाई की जयंती पर बालिकाओं को वितरित किए गए वस्त्र

**फतेहपुर।** वीरांगना लक्ष्मीबाई की जयंती पर अमर क्रांति फाउंडेशन के तत्वाधान मे इक्यावन बालिकाओ को वस्त्र वितरण कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष व आरएसएस के जिम्मेदार पदाधिकारियों द्वारा वितरण किया गया। रविवार को शहर के तहसील चौराहा स्थित एक मैरिज हाल में अमर क्रांति फाउंडेशन की संचालिका एवं समाजसेविका सौम्या पटेल के द्वारा इक्यावन आभावग्रस्त बालिकाओं को वस्त्र वितरण एवं शहर कि महान विभूतियों को सम्मानित करने का आयोजन किया गया। जिसमे भाजपा ज़िलाध्यक्ष मुखलाल पाल एवं आरएसएस के विभाग कार्यवाह ज्ञानेंद्र सिंह रहें। बालिकाओं को वस्त्र भेंट करते हुए महारानी लक्ष्मी बाई के व्यक्तित्व के बारे मे विस्तार के प्रकाश डाला।

## सामूहिक विवाह समारोह में 84 जोड़े एकदूजे के हुए

**फर्रुखाबाद।** नगर पालिका अध्यक्ष की ओर से सेवाव्रत संकल्प कार्यक्रम में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह में शनिवार शाम 84 जोड़े एक-दूसरे के हो गये।

शहर के बढ़पुर स्थित मधुर मिलन गेस्ट हाउस में में आयोजित हुए सामूहिक विवाह समारोह का जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति, ब्रिगेडियर चन्द्र शेखर अग्रवाल नें गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल व उनके पति पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल की ओर से 18 नवंबर को हर साल सेवा व्रत संकल्प कार्यक्रम के तैनात सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाता है। जिसमें गरीब युवक-युवतियों के विवाह कराए जाते हैं।

# संस्कार भारती ने दीपावली पारिवारिक मिलन समारोह धूमधाम से मनाया

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**संस्कार** भारती के तत्वावधान में दीपावली पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। स्टेट बैंक रोड स्थित अग्रवाल सभा भवन में आयोजित दीपावली पारिवारिक मिलन समारोह आयोजन का शुभारंभ संस्था के प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पाण्डेय,अध्यक्ष डॉक्टर नवनीत गुप्ता,अनिल प्रताप सिंह,संयोजक डॉक्टर समरेंद्र शुक्ल कवि,आकांक्षा सक्सेना, सचिव दिलीप कश्यप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर भारत माता का पूजन कर किया ।

दीपावली पारिवारिक मिलन समारोह में कला साधकों ने कला विधाओं में भू-अलंकरण, लोकनृत्य,संगीत,भावनृत्य,आदि की प्रस्तुति के साथ समाज में सांस्कृतिक चेतना, पारिवारिक स्नेह वसुधैव कुटुंबकम् की भावना के साथ ज्ञान का दीप जलाकर गोवर्धन पूजा,सामान्य ज्ञान,संस्कार भारती प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया।कार्यक्रम में अरविंद दीक्षित ने ध्येय गीत का सामूहिक गान कराया।

निशी गुप्ता ने गणेश वंदना प्रस्तुत की,तुलसी तिवारी ने श्प्रेम रतन धन पायो पर प्रस्तुति दी। एशियन कंप्यूटर सेंटर की शिवानी, दिव्यांशी, प्रिया, अंजू, कीर्ति, ईशु आदि छात्राओं ने शिल्पी सक्सेना के सहयोग से शहीद वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई झाँसी की रानी के बलिदान पर नृत्य नाटिका की शानदार प्रस्तुति दी । गीत श्रंगीलो मारो ढोलना, पर श्रेया, स्नेह,निशी,दर्पण तपस्या आदि ने नृत्य प्रस्तुत किया। कशिश मिश्रा ने श्मेरे घर राम आए है पर प्रस्तुति दी । वाल हनुमान रामांस दीक्षित ने अशोक वाटिका में सीता जी को भगवान श्रीराम जी की मुद्रिका देकर उन्हें संदेश देने की लीला का भावपूर्ण मंचन किया।छात्रा प्रिया मिश्रा ने शिव तांडव पर शानदार प्रस्तुति दी । भूमि दीक्षित ने श्मधुवन में कन्हैया किसी गोपी से मिले पर प्रस्तुति दी ।

कार्यक्रम के अंत में बाल कलाकर कृष्ण ने भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाते हुए गिरिराज जी महाराज की झांकी प्रस्तुत की । इसके बाद भगवन गिरिराज की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ । अध्यक्ष डॉक्टर नवनीत गुप्ता ने आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पाण्डेय ने किया । कार्यकारी अध्यक्ष नवीन मिश्रानब्बू ,रविंद ,भदौरिया,अनुराग पाण्डेय, कोषाध्यक्ष अर्पण शाक्य,आदि सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## दिवंगत पत्रकार अमित पांडे को शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** आज रविवार को शाम 3. 00 बजे प्रिण्ट एवं इलक्ट्रॅानिक मीडिया एसोसिएशन के प्रदेश प्रभारी अनिल मिश्रा के आवास पर तहसील इकाई की कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा शमशाबाद के दिवंगत पत्रकार अमित पांडे जी की शोक सभा में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। निम्न पत्रकार उपस्थित रहे ।

प्रदेश प्रभारी अनिल मिश्रा ,तहसील अध्यक्ष उपेंद्रनाथ मिश्रा एवं कार्यकारिणी के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार जयपाल सिंह यादव, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप गुप्ता एव सदस्य अतुल रस्तोगी ,अज़ीम अली, मज़हर अली, पीके तिवारी, आलोक गंगवार, अंकित गुप्ता, भूपेंद्र राजपूत, धर्मेंद्र पाल, दानिश खान,प्रभीत यादव, आदि पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

# अभिलेखों में हेरा फेरी कर कीमती जमीन हथियाने के प्रयास में कोर्ट आदेश पर ईओ सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**संवाददाता।** कायमगंज फर्रुखाबाद

**कायमगंज** नगर से सटे गांव घसिया चिलौली में काफी कीमती ऐसी जमीन जिसकी बिक्री वर्ग फीट के हिसाब से इस समय हो रही है । ऐसी बेहद कीमती जमीन को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हथियाने का प्रयास करने के मामले में भू. स्वामी की ओर से प्रशासनिक स्तर पर प्रयास से जब कोई नतीजा नहीं निकला ।तो उसने न्यायालय द्वारा न्याय पाने की प्रत्याशा में अपील की थी । इस प्रकरण में पीड़ित ने बताया कि जब उसने अपनी जमीन के बारे में प्रयास करना शुरू किया तो जालसाजी करने वालों ने उसे तरह.तरह की धमकियां देकर काफी भयभीत भी किया।

मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव घसिया चिलौली निवासी सुभाष चंद्र गंगवार के पुत्र सौरभ सिंह गंगवार की पैतृक भूमि गांव में ही स्थित है।

उस भूमि पर उसके पिता व अन्य परिजन रहते है। उसके पिता व ताऊ बुजुर्ग व लाचार है। इस जमीन पर शमसाबाद क्षेत्र के गांव कुईयाखेड़ा निवासी सुभाष गंगवार व उनके भाई ट्रांसपोर्ट चैराहा निवासी संजय गंगवार ने नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी व एक अज्ञात नगर पालिका कर्मचारी के साथ मिलकर सांठ गांठ कर फर्जी तरीके से नगर पालिका के अभिलेखों में उसकी पैतृक संपत्ति को आरोपितों ने अपना नाम चढ़वा लिया। इसका प्रयोग कई स्थानों पर भी फर्जी ढंग से किया गया।

जब इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी से शिकायत की गई तो उनके द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया । 7 जून को उसने डीएम से शिकायत की। जिसमें जांच के लिए एसडीएम के साथ राजस्व टीम गठित की गई । जांच में पाया गया कि उसकी जमीन पर अवैध कब्जा है। इस संबंध में रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई थी। उसके बाद आरोपित ने सौरभ को जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित का कहना है वह बेहद परेशान है। उसकी शिकायत के बाद पुलिस प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की। इस पर न्याय की प्रत्याशा में कोर्ट की शरण में गया। मामले में न्यायालय में हुई सुनवाई के बाद कोर्ट के आदेश से जालसाज आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो सका है ।

# पेज एक का शेष

## देशवासियों की...

श्रेयस अय्यर (04) ने मैक्सवेल पर चौके से खाता खोला लेकिन अगले ओवर में कमिंस की गेंद पर विकेटकीपर जोश इंग्लिस को कैच दे बैठे जिससे भारत का स्कोर तीन विकेट पर 81 रन हो गया। कोहली ने एडम जंपा पर एक रन के साथ 16वें ओवर में भारत के रनों का शतक पूरा किया। बीच के ओवरों में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने भारत पर शिकंजा कसा जिससे रन गति में गिरावट आई। अय्यर के 10वें ओवर की अंतिम गेंद पर चौके बाद भारत को अगली बाउंड्री के लिए 97 गेंद तक इंतजार करना पड़ा। राहुल ने 27वें ओवर में मैक्सवेल की गेंद पर पैडल स्कूप के साथ फाइन लेग पर चौका मारा। कोहली ने जंपा की गेंद पर एक रन के साथ 56 गेंद में मौजूदा विश्व कप का अपना छठा अर्धशतक पूरा किया।कोहली हालांकि अर्धशतक पूरा करने के बाद कमिंस की उछाल लेती गेंद को विकेटों पर खेलकर बोल्ड हो गए। राहुल ने स्टार्क की गेंद पर एक रन के साथ 86 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। हेजलवुड ने गेंदबाजी में वापसी करते हुए रविंद्र जडेजा (09) को विकेटकीपर इंग्लिस के हाथों कैच कराके भारत का स्कोर पांच विकेट पर 178 रन कर दिया। राहुल के पहले चौके बाद भारत को एक बार फिर बाउंड्री के लिए 75 गेंद का इंतजार करना पड़ा। सूर्यकुमार ने 39वें ओवर में जंपा पर चौका मारा। राहुल ने जंपा की गेंद पर एक रन के साथ 41वें ओवर में भारत के 200 रन पूरे किए। कमिंस ने इसके बाद गेंद एक बार फिर स्टार्क को थमाई और इस बार उन्होंने राहुल को इंग्लिस के हाथों कैच करा दिया। स्टार्क ने अगले ओवर में मोहम्मद शमी (06) को भी इंग्लिस के हाथों कैच कराया। भारत को अंतिम ओवरों में सूर्यकुमार से तेजी से रन बनाने की उम्मीद थी लेकिन वह भी हेजलवुड की धीमी बाउंसर पर इंग्लिस को कैच दे बैठे। उन्होंने 28 गेंद में 18 रन बनाए। पारी की अंतिम गेंद पर कुलदीप यादव (10) के रन आउट होने से भारतीय पारी का अंत हुआ।

## इजराइली बंधकों...

विचार करते हुए कहा, हमास अब गाजा पर नियंत्रण नहीं कर सकता है। बोरेल ने कहा, कब्जे वाले वेस्ट बैंक शहर रामल्लाह में स्थित फिलिस्तीनी प्राधिकरण ने मुझे बताया कि वे अंतरराष्ट्रीय समुदाय की मदद से यह जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार और इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि अरब देशों को गाजा के लिए राजनीतिक और आर्थिक, दोनों भविष्य के किसी भी विन्यास में भूमिका निभानी चाहिए। उधर, संयुक्त राष्ट्र की एक टीम ने रविवार को कहा कि इजराइली सेना द्वारा गाजा के सबसे बड़े अस्पताल से मरीजों को बाहर निकाले जाने के बाद वहां 291 लोग बचे हैं, जिनमें 32 बच्चों की हालत बेहद गंभीर है। उन्होंने बताया कि बच्चों के घावों में गंभीर संक्रमण तथा रीढ़ की हड्डी में चोट जैसी समस्याएं हैं, जिससे वह चलने-फिरने में असमर्थ हैं। अभियान का नेतृत्व कर रहे विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि शनिवार सुबह करीब 2,500 विस्थापित लोगों, मरीजों और चिकित्सा कर्मचारियों द्वारा अस्पताल परिसर छोड़े जाने के बाद उन्होंने शिफा अस्पताल का दौरा किया। एजेंसी ने शिफा अस्पताल को मृत्यु क्षेत्र बताते हुए कहा, जिन मरीजों और स्वास्थ्य कर्मचारियों से उन्होंने बात की, वे लोग अपनी सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर चिंतित थे तथा उन्होंने वहां से निकलने की गुहार लगाई। एजेंसी ने कहा है कि आगामी दिनों में और अधिक टीम मरीजों को दक्षिणी गाजा में ले जाने की कोशिश करने के लिए शिफा पहुंचने का प्रयास करेंगी। इजराइली सेना का आरोप है कि हमास के चरमपंथियों ने गाजा के शिफा अस्पताल में कमांड सेंटर स्थापित किया है, जिसकी वो तलाश कर रहे हैं। हालांकि, हमास और अस्पताल के कर्मचारियों ने इस दावे को खारिज कर दिया। इजराइल का मानना है कि शनिवार को मरीजों ने अस्पताल से स्वैच्छिक रूप से सामूहिक प्रस्थान किया था। हालांकि, वहां से निकलने वाले लोगों ने इसे जबरन पलायन बताया। महमूद अबू औफ ने अस्पताल से निकलने के बाद एपी को बताया, हम बंदूक के बल पर वहां से निकले। टैंक और स्नाइपर अंदर और बाहर हर जगह थे। इजराइली सेना ने तीन लोगों को अपनी हिरासत में लिया। उधर, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि अनुमानित समय पूर्व जन्मे 30 बच्चों को शिफा अस्पताल से निकाला गया है और उन्हें मिस्र के अस्पतालों में स्थानांतरित किया जाएगा। मंत्रालय के प्रवक्ता मदहत अब्बास ने कहा कि उन्हें रविवार को अस्पताल से निकाला गया। शनिवार को शिफा अस्पताल का दौरा करने वाली विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम ने कहा कि अस्पताल में फंसे गंभीर रूप से बीमार मरीजों में 32 बच्चे भी शामिल हैं। इस अस्पताल के बाहर पिछले हफ्ते से इजराइल के सैनिक तैनात हैं।

## दिल्ली एनसीआर...

करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही पानी के छिड़काव लगातार करने का आदेश दिया गया है। गोपाल राय ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के स्तर में पिछले 2 दिनों से लगातार सुधार देखा जा रहा है और रविवार को एक्यूआई 290 तक पहुंच गया है। उन्होंने दिल्ली समेत उत्तर भारत के लोगों से अनुरोध किया है कि प्रदूषण में सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी सतर्क रहने की जरूरत है। सीएक्यूएम के आदेश के अनुसार, ग्रैप-4 की पाबंदियां हटा दी गई है। ट्रकों के प्रवेश से प्रतिबंध हटा लिया गया है। राय ने बताया कि ग्रैप-3 के तहत निर्माण और तोड़फोड़ गतिविधियों पर प्रतिबंध लागू रहेगा। निर्माण तथा विध्वंस पर बैन से कुछ विभागों को छूट है, लेकिन उन्हें निर्माण तथा विध्वंस के लिए जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना पड़ेगा।

## इन विभागों...

सहित बैन रहेगा। कच्ची सड़कों पर वहनों के आने जाने पर बैन रहेगा। टाइलों पत्थरों के काटने पर बैन रहेगा, फर्श सामग्री के काटने पर बैन रहेगा, पीसने की गतिविधियों पर बैन रहेगा।

# गाजा के मुख्य अस्पताल में 32 बच्चों की हालत गंभीर : संयुक्त राष्ट्र

● बसे बड़े अस्पताल से मरीजों को बाहर निकाले जाने के बाद वहां 291 लोग बचे

**भाषा।** खान यूनिस (गाजा पट्टी)

**संयुक्त राष्ट्र की** एक टीम ने रविवार को कहा कि इजराइली सेना द्वारा गाजा के सबसे बड़े अस्पताल से मरीजों को बाहर निकाले जाने के बाद वहां 291 लोग बचे हैं, जिनमें 32 बच्चों की हालत बेहद गंभीर है। उन्होंने बताया कि बच्चों के घावों में गंभीर संक्रमण तथा रीढ़ की हड्डी में चोट जैसी समस्याएं हैं, जिससे वह चलने-फिरने में असमर्थ हैं। अभियान का नेतृत्व कर रहे विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि शनिवार सुबह करीब 2,500 विस्थापित लोगों, मरीजों और चिकित्सा कर्मचारियों द्वारा अस्पताल परिसर छोड़े जाने के बाद उन्होंने शिफा अस्पताल का दौरा किया। एजेंसी ने शिफा अस्पताल को मृत्यु क्षेत्र बताते हुए कहा, जिन मरीजों और स्वास्थ्य कर्मचारियों से उन्होंने बात की, वे लोग अपनी सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर चिंतित थे तथा उन्होंने वहां से निकलने की गुहार लगाई। एजेंसी ने कहा है कि आगामी दिनों में और अधिक टीम मरीजों को दक्षिणी गाजा में ले जाने की कोशिश करने के लिए शिफा पहुंचने का प्रयास करेंगी। इजराइली सेना का आरोप है कि हमास के चरमपंथियों ने गाजा के शिफा अस्पताल में कमांड सेंटर स्थापित किया है, जिसकी वो तलाश कर रहे हैं। हालांकि, हमास और अस्पताल के कर्मचारियों ने इस दावे को खारिज कर दिया। इजराइल का मानना है कि शनिवार को मरीजों ने अस्पताल से स्वैच्छिक रूप से सामूहिक प्रस्थान किया था। हालांकि, वहां से निकलने वाले लोगों ने इसे जबरन पलायन बताया। महमूद अबू औफ ने अस्पताल से निकलने के बाद एपी को बताया, हम बंदूक के बल पर वहां से निकले। टैंक और स्नाइपर अंदर और बाहर हर जगह थे। इजराइली सेना ने तीन लोगों को अपनी हिरासत में लिया। उत्तरी गाजा के अलावा शहरी जबालिया शरणार्थी शिविर में दर्जनों लोग मारे गए।



## शिफा अस्पताल से अनुमानित समय पूर्व जन्मे 30 बच्चों को निकाला गया

**खान यूनिस (गाजा पट्टी)।** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि अनुमानित समय पूर्व जन्मे 30 बच्चों को शिफा अस्पताल से निकाला गया है और उन्हें मिस्र के अस्पतालों में स्थानांतरित किया जाएगा। मंत्रालय के प्रवक्ता मदहत अब्बास ने कहा कि उन्हे रविवार को अस्पताल से निकाला गया। शनिवार को शिफा अस्पताल का दौरा करने वाली विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम ने कहा कि अस्पताल में फंसे गंभीर रूप से बीमार मरीजों में 32 बच्चे भी शामिल है। इस अस्पताल के बाहर पिछले हफ्ते से इजराइल के सैनिक तैनात है।

## संघीय कर्मचारियों ने इजराइल-हमास युद्ध पर अमेरिकी नीति का विरोध जताया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग से लेकर अंऊतरिक्ष एजेंसी नासा तक में कार्यरत संघीय कर्मचारी पत्र बांट कर मांग कर रहे है कि राष्ट्रपति जो बाइडन इजराइल-हमास युद्ध मे संघर्षविराम के लिए दबाव बनाएं। फलस्तीनी नागरिकों की मौत की संख्या बढ़ने के बीच संसद के कर्मचारी कैपिटल (संसद भवन) के सामने माइक्रोफोन लेकर इस मामले मे सांसदो की चुप्पी की निंदा कर रहे है। जैसे-जैसे गाजा मे आम नागरिकों की मौतो की संख्या बढ़ रही है, बाइडन और संसद को इजराइल के हमले के समर्थन को लेकर घरेलू स्तर पर असामान्य चुनौतियो का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन और संसद के सैकड़ो कर्मचारी गाजा मे संघर्षविराम को लेकर खुले पत्रो पर हस्ताक्षर कर रहे है और पत्रकारो से बातचीत मे अपनी भावनाएं साझा कर रहे है। विरोध दर्ज कराने वाले कर्मचारी इजराइल-हमास युद्ध पर अमेरिकी नीति का विरोध कर रहे है। एक कर्मचारी ने विरोध प्रदर्शन में भीड़ से कहा, कैपिटल हिल पर हमारे अधिकांश नेता उन लोगों की बात नही सुन रहे है जिनका वे प्रतिनिधित्व करते है।

## पाकिस्तान : जमात-ए-इस्लामी के हजारों समर्थकों ने गाजा में इजराइली हमले के खिलाफ रैली निकाली

**लाहौर।** पाकिस्तान के राजनीतिक दल जमात-ए-इस्लामी के हजारो समर्थको ने गाजा मे फलस्तीनियो पर इजराइल की बमबारी के खिलाफ रविवार को लाहौर में रैली की और कहा कि दुनिया गाजा के निवासियों की रक्षा करने में विफल रही है। प्रदर्शनकारियो ने इजराइल और अमेरिका के खिलाफ नारेबाजी की। इस महीने की शुरुआत मे, जमात-ए-इस्लामी ने बंदरगाह शहर कराची और राजधानी इस्लामाबाद में बड़े पैमाने पर रैली आयोजित की थी। महिलाओ और बच्चो सहित बड़ी संख्या में समर्थक कई किलोमीटर तक पैदल चलकर रैली स्थल तक पहुंचे। उनके हाथो मे इजराइल और अमेरिका के विरोध और फलस्तीनियो के समर्थन मे लिखे नारे वाले बैनर और पोस्टर थे। जमात-ए-इस्लामी प्रमुख एवं सांसद सिराजुल हक ने कहा कि दुनिया भर मे फलस्तीनियो के समर्थन मे हो रही रैलियां वैश्विक स्तर पर सरकारो को जगाती है और निर्दोषो को आवाज देती है।

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव होने तक उसे मिलने वाली सहायता पर रोक लगे: अमेरिकी सांसद

**इस्लामाबाद।** अमेरिका के 11 प्रभावशाली सांसदो के एक समूह ने बाइडन प्रशासन से आग्रह किया है कि जब तक पाकिस्तान संवैधानिक व्यवस्था बहाल नही करता और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव नही कराता, तब तक उसे भविष्य मे दी जाने वाली सहायता रोक दी जाए। सांसदो ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को लिखे एक पत्र में विदेश मंत्रालय से यह आकलन करने का अनुरोध किया कि कहीं अमेरिका से मिलने वाली सुरक्षा सहायता के जरिए पाकिस्तान में मानवाधिकारो का उल्लंघन तो नही हो रहा। इस समूह में सांसद इल्हान उमर भी शामिल है, जो अमेरिकी संसद में मुसलमानो से संबंधित मुद्दे उठाती रही है।हम अनुरोध करते है जब तक कि पाकिस्तान संवैधानिक व्यवस्था की बहाली की दिशा मे निर्णायक रूप से आगे नही बढ़ जाता और सभी दलो की भागीदारी से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव नही कराता तब तक भविष्य मे उसे मिलने वाली सुरक्षा सहायता रोक दी जाए। डॉन समाचारपत्र की खबर के अनुसार, पत्र में ईशनिंदा कानून को और मजबूत बनाने के पाकिस्तान के कदमो का भी प्रमुखता से जिक्र किया गया है। पत्र मे ब्लिंकन को आगाह किया गया है कि प्रस्तावित बदलावो का इस्तेमाल छोटे धार्मिक समूहो और अल्पसंख्यको को निशाना बनाने के लिए किया जा सकता है।

### बांग्लादेश: सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी को चुनाव लड़ने से रोकने के फैसले को शीर्ष अदालत ने बरकरार रखा

**ढाका।** बांग्लादेश की सर्वोच्च अदालत ने देश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी को चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित करने के 2013 के फैसले को पलटने की अपील को रविवार को खारिज कर दिया। पार्टी को धर्मनिरपेक्षता के संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन करने के आरोप में चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित किया गया था। बांग्लादेश मे अगला राष्ट्रीय चुनाव सात जनवरी को निर्धारित है। प्रधान न्यायाधीश उबैदुल हसन की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय की अपीलीय प्रभाग की पांच सदस्ईय पीठ ने मामले पर सुनवाई की। बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के मुख्य अधिवक्ता निजी कारणो की वजह से अदालत के समक्ष पेश नही हुए थे। पीठ ने पूर्व मे दाखिल उनकी उस याचिका को भी रद्द कर दिया, जिसमे मामले की सुनवाई छह सप्ताह तक के लिए स्थगित करने की मांग की गई थी। उच्च न्यायालय ने 10 साल पहले अपने एक फैसले मे पार्टी के निर्वाचन आयोग मे पंजीकरण को रद्द कर दिया था और उसे चुनाव लड़ने या फिर पार्टी चिह्नो का उपयोग करने पर रोक लगा दी थी हालांकि पार्टी को राजनीतिक भागीदारी रखने के लिए छूट प्रदान की गई थी। जमात ए इस्लामी पार्टी के खिलाफ लड़ रही अधिवक्ता तानिया आमिर ने रविवार को कहा, उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा गया है। अगर वे (जमात ए इस्लामी) किसी भी तरह की सभा, रैली या फिर जनसभा करते है और उनकी पार्टी के किसी भी उच्चायोग, दूतावास, विदेशी एजेंसी या फिर देश के साथ वैध संबंधो की पहचान होती है तो हमें उनके खिलाफ अदालत की अवमानना का नया आरोप लगाने की आजादी है। इस्लामी पार्टी के एक अधिवक्ता मतिउर रहमान अकंडा ने कहा कि पार्टी राजनीतिक रूप से सक्रिय रहेगी।

### अमेरिका: मेम्फिस में तीन महिलाओं, एक किशोरी की हत्या करने के बाद हमलावर ने की आत्महत्या

**मेम्फिस (अमेरिका)।** अमेरिका मे टेनेसी के मेम्फिस शहर मे शनिवार रात को एक युवक ने तीन महिलाओ और एक लड़की की कथित रूप से हत्या करने तथा एक अन्य किशोरी को घायल करने के बाद स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घरेलू हिंसा का मामला है। पुलिस ने बताया कि अधिकारियो ने हमलावर मैविस क्रिस्टियन जूनियर (52) को अपनी कार में मृत पाया। पुलिस ने बताया कि इससे पहले उसने मेम्फिस मे तीन अलग-अलग स्थानो पर गोलीबारी कर तीन महिलाओ एवं एक किशोरी की हत्या कर दी थी तथा एक अन्य किशोरी को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। मेम्फिस पुलिस विभाग के अधिकारियो को हॉवर्ड ड्राइव के 100 ब्लॉक पर रात नौ बजकर 22 मिनट पर गोलीबारी की सूचना मिली, जिसके बाद उन्होंने कार्वाई शुरू की। पुलिस को घटनास्थल पर एक महिला मृत मिली, जिसके शरीर पर गोली लगने का घाव था। जांचकर्ताओ ने पाया कि इसी हमलावर ने दो अन्य स्थानो पर गोलीबारी की थी। मेम्फिस पुलिस अधिकारी क्रिस्टोफर विलियम्स ने कहा कि फील्ड लार्क ड्राइव पर एक महिला एवं 13 वर्षीय लड़की की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी और 15 वर्षीय एक लड़की गंभीर रूप से घायल है। उन्होंने बताया कि हमलावर ने एक अन्य महिला की वॉरिंगटन रोड पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस का मानना था कि गोलीबारी की तीनो घटनाओ के पीछे क्रिस्टियन का हाथ है,जिसके बाद स्थानीय, राज्य और संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसी ने उसकी तलाश शुरू की और वह अपनी कार मे मृत पाया गया।

### बी यंग को पसंद है भारतीय संगीत

**ट्रांबे।** संगीत का ऐसा फ्यूज़न, जिसकी कोई सीमा न हो, पेश करते हुए 'अंजानी एक्स' में एजु के जीवंत गीत और बी यंग के विशेष अंतर्राष्ट्रीय आरएंडबी प्लेयर का बेहतरीन संगम हुआ है। यह सेंसेशनल गीत 'अंजानी एक्स' कुछ कुछ होता है के लोकप्रिय गीत 'लड़की बड़ी अनजानी है' की यादों में ले जाएगा, जिसके बोल इंग्लिश और पंजाबी लिरिक्स के साथ इस गीत में शामिल किए गए हैं, और एक ऐसा संगीत का अनुभव पेश किया गया है, जो पूरे विश्व के श्रोताओं का मन मोह लेगा। अंतर्राष्ट्रीय कलाकार बी यंग ने कहा, ''अंजानी एक्स मेरे लिए बहुत खास गीत है। यह एक गीत से बढ़कर है। इसमें मेरे स्टाईल के साथ बॉलिवुड साउंड और पंजाबी लिरिक्स का फ्यूज़न एक बहुत ही आकर्षक अनुभव था, और मुझे खुशी है कि एजु के साथ मुझे यह करने का अवसर मिला। मैं इस ट्रैक के लिए फैंस की प्रतिक्रिया देखने के लिए काफी उत्सुक हूँ।' इस आकर्षक ट्रैक ''अनजानी एक्स'' में एजु और बी यंग के विशेष स्टाईल के खूबसूरत मिश्रण के साथ बॉलिवुड की वास्तविक भावना को जीवंत किया गया है। पंजाबी गीत पर एजु के एक नए रुख और बी यंग के अद्वितीय आरएंडबी स्टाईल के बेहतरीन तालमेल से संगीत का एक ऐसा अनुभव उत्पन्न हुआ है, जो संगीत की विभिन्न रुचियों के अनुरूप है। इसकी आकर्षक बीट्स, गीत के मोहक बोल, और शानदार संगीत वीडियो ने इस ट्रैक को बेहद लुभावना बना दिया है।इसके म्यूज़िक वीडियो की शुरुआत एजु और बी यंग के साथ होती है, जो इसमें मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। यह बहुत ही दिलकश वीडियो है, जो सभी कलाकारों को उनके सिग्नेचर स्टाईल में दिखाता है। बॉलिवुड शैली में डांसर इस गीत को और ज्यादा लुभावना बना रहे हैं। संगीत के इस बहुआयामी प्रयोग में पूर्व और पश्चिम की शैलियाँ एक साथ आकर दर्शकों के लिए एक आकर्षक अनुभव का निर्माण कर रही हैं। अपने इस गीत के बारे में एजु ने कहा, ''अंजानी एक्स बनाने के लिए हमें आधुनिक बीट्स में सांस्कृतिक प्रभावों का प्रयोग करना था, जो एक बहुत ही रोमांचक और समृद्ध अनुभव रहा।

### रक्षा सचिव को फटकार लगाने को लेकर पाकिस्तानी न्यायाधीश को पद से हटाया गया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत मे नियुक्त एक जिला न्यायाधीश को देश के रक्षा सचिव एवं सेना के पूर्व जनरल हमूदुज जमान को कथित तौर पर अदालत के आदेश का पालन करने में विफल रहने पर फटकार लगाने के चलते पद से हटा दिया गया। रावलपिंडी में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप मे कार्यरत वारिस अली को शनिवार को उनके पद से हटा दिया गया और उन्हें विशेष कर्तव्य अधिकारी (ओएसडी) घोषित करने के बाद लाहौर भेज दिया गया। लाहौर उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार शेख खालिद बशीर द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है, 'माननीय मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशो ने रावलपिंडी के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश वारिस अली को जनहित मे तत्काल प्रभाव से सत्र न्यायालय, लाहौर में ओएसडी के रूप में तैनात किया है। उच्च न्यायालय ने रक्षा सचिव सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल हमूदुज जमान को फटकार लगाए जाने के एक दिन बाद अली के खिलाफ यह कार्वाई की।

## पाक के बलूचिस्तान में विस्फोट, तीन लोगों की मौत

**क्वेटा (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान के चरमपंथ प्रभावित दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत मे रविवार को हुए एक बम विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी मोहम्मद रहीम ने बताया कि केच जिले के बाल्गतार इलाके में एक कच्ची सड़क पर बम विस्फोट हुआ, जिसमे एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने जा रहे दो भाइयो समेत तीन लोगो की मौत हो गई और एक कार नष्ट हो गई। फिलहाल किसी भी समूह ने विस्फोट की जिम्मेदारी नही ली है, लेकिन ऐसा संदेह है कि यह हमला गैस और खनिज संसाधनो से समृद्ध प्रांत में दो दशकों से अधिक समय से चरमपंथी गतिविधियों मेंशामिल अलगाववादी समूहो ने किया है। ए समूह इस्लामाबाद से आजादी की मांग कर रहे है।

## नेपाल के भूकंप प्रभावित जाजरकोट जिले में ठंड से पांच व्यक्तियों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के भूकंप प्रभावित जाजरकोट जिले मे तंबू मे रह रही दो महिलाओ समेत पांच बुजुर्गों की कड़ाके की ठंड के कारण मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने रविवार को दी। पुलिस ने बताया कि तीन बुजुर्गों (एक पुरुष और दो महिलाओ) की शनिवार को मौत हो गई, जबकि दो अन्य की मौत शुक्रवार को हुई। पुलिस ने कहा कि इन बुजुर्गों ने अलग-अलग तंबुओ मे शरण ली थी क्योकि इस महीने की शुरुआत में जिले मे आए विनाशकारी भूकंप के कारण उनके घर रहने लायक नही रह गए थे। जाजरकोट मे तीन नवंबर को 6.4 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमे कम से कम 153 लोग मारे गए थे और हजारो लोग बेघर हो गए थे।

## अमेरिका: कैलिफोर्निया में पांच साल के बच्चे ने अपने जुड़वा भाई को चाकू घोंपा

**स्कॉट्स वैली (अमेरिका)।** अमेरिका के कैलिफोर्निया मे पांच साल के बच्चे ने अपने जुड़वा भाई को चाकू घोंप दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, बाद मे बच्चे की मौत हो गई। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। सांता क्रूज काउंटी के शेरिफ कार्यालय के अनुसार स्कॉट्स वैली में बुधवार को ए जुड़वा बच्चे लड़ रहे थे तभी उनमें से एक भाई ने रसोई घर मे इस्तेमाल होने वाला चाकू ले लिया और अपने भाई को घोंप दिया। घायल बच्चे की अस्पताल मे मौत हो गई। शेरिफ कार्यालय ने बृहस्पतिवार को फेसबुक पर एक पोस्ट मे कहा, इन दोनो बच्चो के परिवार के प्रति हम संवेदना व्यक्त करते है और दुख की इस घड़ी मे उनके साथ है। अधिकारियो ने कहा कि मौत के इस मामले मे उनकी आपराधिक आरोप दायर करने की योजना नही है। स्कॉट्स वैली सैन फ्रांसिस्को से लगभग 89 किलोमीटर दक्षिण मे है।

## पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान की सीमा पर चार आतंकवादियों को मार गिराया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलो ने देश के उत्तर-पश्चिम में अफगानिस्तान की सीमा के पास रातभर चली छापेमारी के दौरान गोलीबारी में चार आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी।सेना ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलो ने खुफिया जानकारी के आधार पर उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खिसूर इलाके में एक अभियान चलाया। अभियान के दौरान आतंकवादियों के साथ गोलीबारी हुई।बयान मे कहा गया है कि सैनिको ने आतंकवादियों के ठिकाने से हथियार और गोला-बारूद भी जब्त किया है।सेना ने कहा कि मारे गए आतंकियो मे वांछित आतंकी कमांडरो में से एक इब्राहिम भी शामिल है, जो सुरक्षा बलों और आम नागरिको पर हमलो मे शामिल था।

## बेंगलुरु के सेवानिवृत्त व्यक्ति ने उज्बेकिस्तान के समरकंद में खोला एकमात्र भारतीय रेस्तरां

**समरकंद (उज्बेकिस्तान)।** बेंगलुरु के एक व्यक्ति मोहम्मद नौशाद ने अपनी सेवानिवृत्ति के बाद दुनिया की यात्रा करने की योजना बनाई थी। वह एक साल पहले एक पर्यटक के रूप में समरकंद पहुंचे थे और सुबह की मसाला चाय और परांठे की तलाश ने उन्हें उज्बेकिस्तान के दूसरे सबसे बड़े शहर समरकंद में बसने और यहां एकमात्र भारतीय रेस्तरां खोलने के लिए प्रेरित किया। द इंडियन किचनै नामक यह रेस्तरां उन भारतीय छात्रों के लिए एक राहत लेकर आया है, जो यहां चिकित्सा की पढ़ाई कर रहे हैं और भारतीय भोजन को याद करते थे। यहां के स्थानीय लोग लिप डोसा से लेकर चिकन बिरयानी तक विभिन्न व्यंजन को काफी पसंद करते हैं। नौशाद (61) कहते हैं, सेवानिवृत्ति के बाद काम करने की मेरी कोई योजना नहीं थी और किसी रेस्तरां में काम करने का तो दूर, रेस्तरां चलाने का भी कोई अनुभव नहीं था। जब मैं एक पर्यटक के रूप में यहां आया, तो मैं मसाला चाय और परांठे का अपना सामान्य नाश्ता करने के लिए निकल पड़ा।

# ट्रंप ने आयोवा वापसी के दौरान कोलोराडो चुनाव मामले में जीत का जश्न मनाया



**भाषा।** फोर्ट डॉज (अमेरिका)

**अमेरिका के** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को आयोवा की वापसी यात्रा के दौरान एक चुनावी मामले में जीत का जश्न मनाया। ट्रंप ने अपने राजनीतिक दुश्मनों की आलोचना की और अपने समर्थकों को प्रोत्साहित किया के वे राष्ट्रपति बाइडन के समक्ष अपनी मांगों को रखने एवं शिकायतें करने से पीछे नहीं हटें। कोलोराडो के एक न्यायाधीश ने शुक्रवार को राज्य के प्राथमिक मतदान से रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में आगे चल रहे उम्मीदवार को दूर रखने के प्रयास को खारिज कर दिया। न्यायाधीश ने कहा कि ट्रंप छह जनवरी, 2021 को यूएस कैपिटल (संसद भवन परिसर) पर हमले के दौरान विद्रोह में शामिल थे लेकिन इससे यह स्पष्ट नहीं होता कि विद्रोहियों को सार्वजनिक कार्यालय में प्रवेश से प्रतिबंधित करने वाला नागरिक गृह युद्ध के युग का संवैधानिक संशोधन राष्ट्रपति पर लागू होता है या नहीं। मिनेसोटा और मिशिगन में इसी तरह के मामलों में फैसले के बाद यह ट्रंप की ए हालिया जीत है। पश्चिम-मध्य आयोवा में चुनाव प्रचार करते हुए ट्रंप ने इस फैसले को एक बड़ी अदालती जीत कहा और इसे मतदान सूची से बाहर करवाकर लाखों मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने का एक अपमानजनक प्रयास करार दिया। आयोवा के फोर्ट डॉज के एक हाई स्कूल में कमिट-टू-कॉकस कार्यक्रम में लगभग 2,000 लोगों की भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया, हमारे विरोधी हर दिन दिखा रहे हैं कि वे लोकतंत्र से नफरत करते हैं। ट्रंप ने वहां मौजूद भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, क्या आप मुझे बेहतर प्रदर्शन करके दिखा सकते हैं? ताली बजाएं, कम से कम आप इतना तो कर ही सकते हैं। पार्टी नेताओं के शुरुआती मतदान के आधार पर में ट्रंप को अपने शीर्ष प्रतिद्वंद्वियों, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस और संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत निक्की हेली पर सहज बढ़त हासिल है। ट्रंप का अभियान अन्य शुरुआती मतदान वाले राज्यों की तुलना में आयोवा में अधिक आक्रामक रहा है।

## पाकिस्तान में लाखों की संपत्ति अर्जित करने वाले अफगान लगभग खाली हाथ देश छोड़ने को मजबूर

**कराची।** हाजी मुबारक शिनवारी 1982 में अपने पांच बेटों और दो भाइयों के साथ पाकिस्तान आए थे। उन्होंने कड़ी मेहनत से वस्त्र, परिवहन और ऋण देने समेत विभिन्न व्यवसाय का एक नेटवर्क तैयार किया और अब कराची के बाहरी इलाके में अल-आसिफ स्क्वायर में कई संपत्तियों के मालिक हैं। शिनवारी कहते हैं, हम इतने साल से यहां बिना दस्तावेजों के रह रहे हैं और स्थानीय लोगों की मदद से अपना कारोबार स्थापित किया है। वह ऐसे अकेले व्यक्ति नहीं हैं। कराची शहर के उत्तर में बमुश्किल कुछ किलोमीटर की दूरी पर अल-आसिफ स्क्वायर है, जहां अफगानों की अच्छी खासी आबादी है। पास ही अफगान मजदूरों और छोटे कारोबारियों की दो बड़ी बस्तियां हैं। अल-आसिफ स्क्वायर और इन बस्तियों का दौरा करने से यह आभास होता है कि आप मिनी काबुल में हैं, जहां अफगानी लोग अपनी दुकानों और विभिन्न रेस्तरां में अफगानी व्यंजन पेश करते हैं।

## राष्ट्रपति चुनाव: हिंदू आस्था की वजह से रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल हुआ हूं: रामास्वामी



**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका में राष्ट्रपति** चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी ने कहा है कि हिंदू आस्था ने उन्हें इस दौड़ में शामिल होने की स्वतंत्रता और प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि यदि वह राष्ट्रपति बनते हैं, तो वह उन मूल्यों को बढ़ावा देंगे, जो किसी एक धर्म तक सीमित नहीं हैं और अमेरिका में धार्मिक आस्था, परिवार, कड़ी मेहनत और देशभक्ति के मूल्यों को मजबूत बनाएंगे। रामास्वामी ने शनिवार को आयोजित द फैमिली लीडर फोरम कार्यक्रम के दौरान यह टिप्पणी की। प्रौद्योगिकी उद्यमी रामास्वामी (38) ने कार्यक्रम के दौरान ईसाई लोगों के सामने अपनी हिंदू आस्था के बारे में बात की और बताया कि कैसे इसने उनमें ईसाई धर्म के समान मूल्य पैदा किए हैं। उन्होंने कहा, मेरी आस्था ही मुझे आजादी देती है...मेरी आस्था ही है जिससे प्रेरित होकर मैं राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल हुआ हूं। उन्होंने कहा, मैं एक हिंदू हूं। मेरा मानना है कि ईश्वर पर विश्वास एक सत्य है। ईश्वर ने हमें यहां एक उद्देश्य से भेजा है। ईश्वर के उद्देश्य को साकार करना हमारा कर्तव्य है। हमारे धर्म की एक मूल बात यह है कि ईश्वर हम सभी में निवास करता है।

## मांसाहारी जानवर क्षतिग्रस्त उष्णकटिबंधीय वन में बंदरों को अधिक शिकार बनाते हैं

**बोर्नमाउथ (इंग्लैंड)।** मांसाहारी जानवर (बाघ, शेर, तेंदुए, जगुआर, प्यूमा) आमतौर पर बंदरों को अपना शिकार नहीं बनाते हैं, क्योंकि वे ऊंचे-ऊंचे पेड़ों पर रहते हैं और कभी कभार ही नीचे आते हैं, जिस वजह से उन्हें पकड़ना मुश्किल होता है। जगुआर और प्यूमा अलग-अलग जानवरों को अपना आहार बनाते हैं और सामान्यत: हिरण, जंगली सुअर और आर्माडिलो जैसी प्रजातियों का शिकार करते हैं। मगर दक्षिणी मेक्सिको के जंगलों में अधिकतर जगुआर और प्यूमा रहते हैं और इन वनों में लोगों की आवाजाही ज्यादा है जहां लकड़ी और अन्य संसाधनों की नियमित रूप से कटाई की जाती है और खेतों या बस्तियों के विस्तार के लिए बड़ी जगह खाली की जाती है। एक नए शोध के मुताबिक, इस क्षेत्र में रहने वाले जगुआर और प्यूमा अपने शिकार में बंदरों को शामिल करते हुए प्रतीत होते हैं।

# रूस ने कीव पर ड्रोन हमले किए



**भाषा।** कीव

**रूस ने** यूक्रेन की राजधानी कीव पर बीती रात ड्रोन हमले किए। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि युद्ध के दूसरे शीतकाल मौसम की ओर बढ़ने के बीच यूक्रेनी सीमा पर बड़े बदलाव की कुछ तात्कालिक संभावनाएं हैं। सेना के एक बयान के अनुसार, रूस ने कीव, चर्कासी और पोल्टावा क्षेत्रों को निशाना बनाते हुए 20 ईरानी ड्रोन से हमला किया। वहीं, यूक्रेन की विमान रोधी प्रणालियों ने 15 ड्रोन मार गिराए। कीव के सैन्य प्रशासन के प्रवक्ता सेरही पोपको ने कहा कि शहर पर रात भर हुआ हमला बीते 48 घंटों में हुआ दूसरा हमला है। उन्होंने कहा कि ड्रोन ने अलग-अलग दिशाओं से शहर पर हमला किया। इस हमले में किसी के हताहत होने और भारी नुकसान की कोई सूचना नहीं है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि सीमा पर बड़े बदलाव की कुछ तात्कालिक संभावनाएं हैं क्योंकि युद्ध में न तो रूस और न ही यूक्रेन ने कोई सार्थक प्रगति की है।

# रोगाणुरोधी प्रतिरोध से प्रतिवर्ष होती हैं 50 लाख की मौत

**भाष।** स्टेलनबोश (दक्षिण अफ्रीकाआक्सफोर्ड)



**बैक्टीरिया, वायरस,** परजीवी और कवक जैसे सूक्ष्मजीव हमारे रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा होते हैं। वे हमारे अंदर, हमारे ऊपर और हमारे आसपास रहते हैं। हमें स्वस्थ पाचन, प्रतिरक्षा कार्य और आवश्यक पोषक तत्वों के संश्लेषण के लिए उनकी आवश्यकता होती है और हम खेती और औद्योगिक प्रक्रियाओं के लिए उन पर निर्भर हैं। हालांकि रोगाणु लोगों, जानवरों और पौधों में भी बीमारी का कारण बनते हैं। यही कारण है कि विज्ञान ने रोगाणुरोधक विकसित किए हैं जो उन्हें मार देता है या उनके प्रसार को धीमा कर देता है।समय के साथ, सूक्ष्म जीव रोगाणुरोधकों के प्रति प्रतिरोध विकसित कर लेते हैं, और कुछ अंतत: तथाकथित 'सुपरबगै में विकसित हो जाते हैं जिन पर दवाओं का असर नहीं होता है। इसलिए हम अस्पतालों और समुदायों में अधिकाधिक लाइलाज संक्रमण सामने आ रहे हैं। इसे रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) के रूप में जाना जाता है। इस का अर्थ है कि सामान्य बीमारियां और बीमारियां फिर से जीवन के लिए खतरा बन सकती हैं। हाल के आंकड़ों से पता चलता है कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध सालाना लगभग 50 लाख मौतों से जुड़ा हुआ है - जो एचआईवीएड्स और मलेरिया से होने वाली कुल मौतों से भी अधिक है। यह अनुमान लगाया गया है कि दवा-प्रतिरोध से संबंधित मौतें 2050 तक प्रति वर्ष एक करोड़ तक बढ़ सकती हैं, जो दुनियाभर में मृत्यु का प्रमुख कारण कैंसर से भी अधिक हो जाएगी। विश्व एएमआर जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य रोगाणुरोधी प्रतिरोध के बारे में जागरूकता और समझ में सुधार करना है। हमें रोगाणुरोधी प्रतिरोध का मुकाबला करने के लिए तत्काल वैश्विक कार्वाई की आवश्यकता है। हालांकि, उच्च-आय माहौल में विकसित समाधान पर ध्यान केंद्रित करने वाले वर्तमान प्रयास, हो सकता है कि निम्न और मध्यम-आय वाले देशों में सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों के लिए उपयुक्त नहीं हों। हम इस समस्या के निष्पक्ष और समावेशी समाधानों पर विचार करने के लिए ब्रिटिश अकादमी द्वारा स्थापित एक बहु-विषयक ग्लोबल कन्वेनिंग प्रोग्राम के सदस्य हैं। हमारी सामूहिक विशेषज्ञता में महामारी विज्ञान, नैतिकता और मानवाधिकार शामिल हैं। यदि हम चाहते हैं कि लोग एंटीबायोटिक दवाओं पर कम निर्भर हों, तो हमें सबसे पहले उन कारकों पर ध्यान देना होगा जो एंटीबायोटिक दवाओं पर निर्भरता पैदा करते हैं। रोगाणुरोधी प्रतिरोध एक वैश्विक मुद्दा है, लेकिन कुछ क्षेत्रीय अंतर भी हैं। रोगाणुरोधी प्रतिरोध से अधिकांश लोगों की मौत उप-सहारा अफ्रीका में होती हैं। इन क्षेत्रों में मलेरिया और तपेदिक में दवा प्रतिरोध एक बढ़ती चिंता है। एंटीबायोटिक्स सबसे व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले रोगाणुरोधकों में से हैं। वर्ष 2000 से 2015 के बीच दुनियाभर में एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग 65 प्रतिशत बढ़ गया।

# कैलिफोर्निया की सिलिकॉन वैली में भारतीय मूल के सैकड़ों अमेरिकियों ने छठ पर्व मनाया

**भाषा।** सैन फ्रांसिस्को



**पीढ़ियों पुरानी** अपनी पारिवारिक परंपरा को जारी रखते हुए भारतीय मूल के सैकड़ों अमेरिकी तकनीकी विशेषज्ञ अपने दोस्तों और परिवारों के साथ छठ पर्व मनाने के लिए अमेरिकी शहर फ्रेमोंट में एक झील के तट पर एकत्र हुए। छठ पर्व 17 नवंबर को शुरू हुआ। त्योहार के दौरान, श्रद्धालु व्रत करते हैं और सूर्य देव को अर्घ्य देते हैं। कैलिफोर्निया के फ्रेमोंट में सैकड़ों भारतीय-अमेरिकी पर्व में शामिल हुए। राकेश सिंह नाम के एक निवासी ने कहा, हम यहां छठ पर्व मना रहे हैं। हमने इसे 2011 में शुरू किया था और उस समय केवल कुछ लोगों ने इसमें भाग लिया था। बाद में, धीरे-धीरे लोग इसमें शामिल होने लगे और 2014 के बाद यह संख्या बढ़ने लगी। अब आप आज का दृश्य देख सकते हैं। लगभग ।,200 लोग पिछले साल हमारे साथ जुड़े थे। इस साल, फ्रेमोंट में आयोजकों ने छठ पर्व समारोह में प्रवेश के लिए मुफ्त टिकट की पेशकश की। आयोजकों के अनुसार, कुछ ही घंटों के भीतर सारे मुफ्त टिकट बंट गए।

# कांग्रेस सरकार के पांच साल एक दूसरे को रन आउट करने में बीते : मोदी

भाषा। जयपुर



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष करते हुए रविवार को कहा कि इसके पांच साल एक दूसरे को रन आउट करने में बीते हैं। इसके साथ ही मोदी ने कांग्रेस और विकास को एक दूसरे का दुश्मन बताते हुए दावा किया कि राज्य की संस्कृति की रक्षा के लिए यहां की कांग्रेस सरकार को हटाना बहुत जरूरी है। मोदी ने रविवार को तारानगर और झुंझुनू में चुनावी सभा को संबोधित किया। राज्य में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव होना है। देश में क्रिकेट विश्वकप को लेकर जुनून का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, आज-कल पूरा देश क्रिकेट के जोश से भरा हुआ है। क्रिकेट में बैट्समैन आता है और अपनी टीम के लिए रन बनाता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा झगड़ा है कि रन बनाना तो दूर ए लोग एक दूसरे को रन आउट करने में लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस सरकार के पांच साल एक दूसरे को रन आउट करने में बीत गए। जो बचे हैं वो महिलाओं और अन्य मुद्दों पर गलत बयान देकर हिट विकेट किए जा रहे हैं और बाकी जो है वो पैसे लेकर, रिश्वत लेकर मैच फिक्सिंग कर लेते हैं और कुछ काम नहीं करते। मोदी ने तंज कसते हुए कहा, जब इनकी टीम ही इतनी खराब है... ए क्या रन बनाएंगे और आपका क्या काम करेंगे। आप भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) को चुनेंगे, तो हम राजस्थान में भ्रष्टाचारियों की टीम को आउट कर देंगे। भाजपा विकास का स्कोर तेजी से बनाएगी और जीत राजस्थान की होगी। जीत राजस्थान के भविष्य की होगी, जीत राजस्थान की माताओं-बहनों, युवाओं और किसानों की होगी। मोदी ने कहा, कांग्रेस सरकार से जितना बचकर रहें, राजस्थान को जितना बचाकर रखें उतना ही आपका भविष्य सुनिश्चित है क्योंकि कांग्रेस और विकास, एक दूसरे के दुश्मन थे और दुश्मन रहेंगे। उन्होंने पेट्रोल के दाम को लेकर भी राज्य सरकार पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस के कुशासन के कारण यहां महंगाई व बेरोजगारी भी बेलगाम हो गई है। मोदी ने आरोप लगाया, कांग्रेस के पेपर लीक माफिया ने युवाओं का भविष्य लाखों रुपए में बेच दिया। कांग्रेस ने खाद घोटाला भी किया और कांग्रेस किसानों को लूट भी रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने पिछले पांच साल तक यहां के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। कोचिंग सेंटर पर छापे पड़े... मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी मंत्री के रिश्तेदार अधिकारी बन गए और आपके बच्चों को मौका नहीं मिला। मोदी ने कहा, आप आश्वस्त रहें राजस्थान में भाजपा सरकार बनते ही कांग्रेस के हर जादू और पेपर लीक कांड की तेजी से जांच होकर रहेगी। काले धन की कोई भी तिजोरी हो, कितने ही बड़े रसूखदार की हो, वो भी अब बच नहीं पाएगा..। उन्होंने राजस्थान में जल जीवन मिशन में कथित घोटाले की ओर इशारा करते हुए पूछा, "नेक नीयत और कांग्रेस का वही रिश्ता है जो उजाले और अंधेरे का होता है। जो सरकार पीने के पानी का पैसा तक खा जाए उसकी नियत कैसी होगी?

## 30 प्रतिशत कमीशन वाली बीआरएस सरकार को 30 नवंबर के मतदान के बाद विदा करना चाहिए: नड्डा



**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधायकों पर तेलंगाना सरकार की दलित बंधु योजना में 30 प्रतिशत कमीशन वसूलने का आरोप लगाते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने रविवार को कहा कि राज्य में के.चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली सरकार को आगामी विधानसभा चुनावों के बाद विदा किया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से उनकी पार्टी (भाजपा) को चुनने का आग्रह किया। नड्डा ने नारायणपेट में एक रैली में यह भी आरोप लगाया कि कालेश्वरम सिंचाई परियोजना ने मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव के लिए एटीएम के रूप में काम किया और यह भ्रष्टाचार का प्रतीक बन गई।उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तेलंगाना में सत्ता में आने के बाद परियोजना में कथित भ्रष्टाचार की जांच करेगी और दोषियों को जेल भेजेगी।राव पर मतों की खातिर तुष्टीकरण की राजनीति में शामिल होने का आरोप लगाते हुए भाजपा प्रमुख ने कहा कि उन्होंने एक विशेष समुदाय के आरक्षण को चार प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने का प्रस्ताव करने के अलावा उर्दू को दूसरी आधिकारिक भाषा बनाया है।उन्होने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में मंदिरों की भूमि का उपयोग अन्य उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है।नड्डा ने कहा, बीआरएस विधायकों ने दलित बंधु योजना की राशि में 30 प्रतिशत कमीशन लिया या नहीं? क्या आपने (केसीआर) विधायकों की बैठक में नहीं कहा कि विधायक 30 फीसदी हिस्सा ले रहे हैं? इस 30 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार को 30 नवंबर को विदा कर देना चाहिए और भाजपा सरकार लानी चाहिए और हमें इस दिशा में काम करने की जरूरत है। दलित बंधु बीआरएस की एक प्रमुख दलित कल्याण योजना है जिसके तहत प्रति लाभार्थी को उसकी पसंद का कोई भी व्यवसाय शुरू करने के लिए 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।उन्होने दावा किया कि तेलंगाना 8.5 प्रतिशत मुद्रास्फीति से जूझ रहा है और ईंधन की कीमतें यहां देश में सबसे ज्यादा हैं।

## देश को बदलने का समय आ गया है: राहुल गांधी

भाषा। जयपुर



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि देश को बदलने का समय आ गया है। वे बूंदी में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। राहुल ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारत माता की जय के बजाय अडाणी जी की जय कहना चाहिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी भारत माता की जय कहते हैं, उनको अडाणी जी की जय कहना चाहिए ... काम तो उनका करते हैं। जाति आधारित जनगणना की वकालत करते हुए राहुल ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जाति आधारित जनगणना नहीं करवा सकते चाहे कुछ भी हो जाए, क्योंकि मोदी तो अडाणी के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा, यह काम राहुल गांधी, कांग्रेस पार्टी कर सकती है। जिस दिन जाति आधारित जनगणना हो गई और पिछड़ों, आदिवासियों और दलितों को बात समझ में आ गई, उस दिन ए देश बदल जाएगा। अब देश को बदलने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर ही भारत माता हैं और भारत माता की जय तब होगी जब देश में इन वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित होगी।

## क्विक न्यूज

### भारत के 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होने की खबर, आधिकारिक पुष्टि नहीं

**नई दिल्ली।** दो केंद्रीय मंत्रियों और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के अलावा अरबपति कारोबारी गौतम अडाणी ने रविवार को भारतीय अर्थव्यवस्था के 4,000 अरब डॉलर का आंकड़ा पार करने की सराहना की लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सरकार की तरफ से मील का यह पत्थर हासिल कर लिए जाने के बारे में कोई बयान नहीं दिया गया है। वित्त मंत्रालय और राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने भारत की जीडीपी के 4,000 अरब डॉलर को पार करने के संबंध में सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इस बीच, उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रही यह खबर गलत है और भारत 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने से अभी दूर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आंकड़ों के आधार पर सभी देशों के लिए ताजा जीडीपी आंकड़ों का एक असत्यापित स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर साझा किया गया है। इसे साझा करने वालों में सत्तारूढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सहित कई लोग शामिल हैं। सोशल मीडिया मंचों पर फडणवीस सहित कई राजनीतिक नेताओं ने इस उपलब्धि की सराहना की। इस संबंध में ट्वीट करने वालों में जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी और तेलंगाना बीजेपी अध्यक्ष डी पुरंदेश्वरी शामिल हैं। देश के प्रमुख उद्योगपति अडाणी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, बधाई हो भारत। भारत के 4,400 अरब डॉलर वाले जापान और 4,300 अरब डॉलर वाले जर्मनी को पीछे छोड़कर जीडीपी के लिहाज से तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में सिर्फ दो साल बाकी हैं। तिरंगे की उड़ान जारी हैउ जय हिंद। सभी देशों के जीडीपी आंकड़ों की ताजा निगरानी बहुत मुश्किल है, क्योंकि अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के आंकड़े थोड़े अंतराल के साथ उपलब्ध होते हैं।

### गोवा में मंत्री नीलेश कैब्राल ने मंत्रिमंडल से दिया इस्तीफा, कांग्रेस के पूर्व नेता को मिलेगा पद

**पणजी।** गोवा के विधायक एलेक्सो सिकेरा को मंत्रिमंडल में शामिल करने के फैसले के बाद राज्य के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री नीलेश कैब्राल ने राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया है। सिकेरा उन आठ विधायकों में से हैं, जो पिछले साल कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए थे। कैब्राल ने मुख्यमंत्री को दिए अपने इस्तीफे में कहा कि वह अपना पद इसलिए छोड़ रहे हैं जिससे कि पार्टी पूर्व में किए गए वादों को पूरा कर सके। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि कैब्राल ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया है और उनका इस्तीफा स्वीकृति के लिए राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई को भेज दिया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि कैब्राल को पद छोड़ने के लिए कहना पार्टी का निर्णय था ताकि मंत्रिमंडल में एक और विधायक को शामिल किया जाने के वास्ते जगह बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक एलेक्सो सिकेरा को रविवार शाम सात बजे मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा। भाजपा विधायक कैब्राल (51) कर्चोरेम निर्वाचन क्षेत्र से सावंत के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में पीडब्ल्यूडी और कानून तथा न्यायपालिका विभागों का प्रभार संभाल रहे थे। कैब्राल ने अपने इस्तीफे में कहा कि वह भारी मन के साथ मंत्री पद से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने इस्तीफे में मुख्यमंत्री से कहा, आपके और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के अनुरोध पर मैं मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे रहा हूं क्योंकि आपने पूर्व में कुछ वादे कर रखे हैं। कैब्राल ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान राज्य के लोगों की सेवा को लेकर दिए गए अमूल्य अवसरों और समर्थन के लिए वह आभारी हैं। उन्होंने कहा, कृपया इस पत्र को मेरे इस्तीफे की औपचारिक अधिसूचना के रूप में स्वीकार करें। मैं कामना करता हूं कि आप और प्रशासन गोवा को समृद्धि एवं प्रगति की ओर ले जाने के अपने प्रयासों में निरंतर सफल होते रहें। राजभवन के सूत्रों ने पुष्टि की कि रविवार शाम सात बजे मंत्रिमंडल में नए मंत्री को शामिल किया जाएगा। वहीं, सिकेरा (66) से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि उन्हें आज मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा।

### रेल पटरियों को अवैध उत्खनन से बचाने के लिए ठाणे पुलिस ने निषेधाज्ञा आदेश जारी किया


**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में पुलिस ने मुंब्रा और कल्याण के बीच 600 मीटर से ज्यादा लंबे एक खंड पर क्रीक (छोटी नदी) व मैंग्रोव पट्टी से लगी रेल पटरियों पर निषेधाज्ञा आदेश जारी किया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में रविवार को यह जानकारी दी गई।मैंग्रोव पट्टी एक ऐसा छोटा क्षेत्र होता है, जिसमें काफी संख्या में पेड़ और झाड़ियां खारे पानी में स्थित होती हैं।जिला प्रशासन द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, क्रीक में अवैध उत्खनन के मद्देनजर पटरियों की सुरक्षा के लिए यह निषेधाज्ञा आदेश जारी किया है, जो 20 नवंबर से अगले साल 18 जनवरी तक प्रभावी रहेगा।विज्ञप्ति में रेल पटरियों और मैंग्रोव के समीप क्रीक में अवैध उत्खनन पर बम्बई उच्च न्यायालय में दायर एक रिट याचिका का भी संदर्भ दिया गया और बताया गया कि अदालत ने मामले को गंभीरता से लिया है।विज्ञप्ति के मुताबिक, पुलिस उपायुक्त डॉ. श्रीकांत परोपकारी ने बताया कि जो भी आदेश का उल्लंघन करता हुआ पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्वाई की जाएगी।

### केंद्र सरकार केरल में आर्थिक संकट पैदा करने की कोशिश कर रही है: विजयन

**कासरगोड (केरल)।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर संघीय ढांचे को नष्ट करने और अपनी विभिन्न नीतियों के माध्यम से राज्य में आर्थिक संकट पैदा करने के प्रयास का रविवार को आरोप लगाया। उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) पर इस मामले पर मूकदर्शक बने रहने का आरोप लगाया। विजयन ने केंद्र सरकार पर केरल के प्रति उपेक्षा और भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कर संग्रह, घरेलू उत्पादन और बुनियादी ढांचे के विकास में अभूतपूर्व लाभ हासिल करने के बावजूद राज्य के साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है। शाम को यहां उडुमा निर्वाचन क्षेत्र में नव केरल सदास में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2016 में जब से केरल में वामदलों की सरकार बनी है तब से केंद्र सरकार अपनी विभिन्न नीतियों के माध्यम से आर्थिक रूप से राज्य सरकार का गला घोंट रही है।

## देश व समाज बनाने के लिए लड़े जाते हैं चुनाव : राजनाथ

भाषा। जयपुर



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि चुनाव केवल सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि समाज और देश बनाने के लिए लड़े जाते हैं। शाहपुरा में एक चुनावी सभा के दौरान उन्होंने कहा, भारत अब कमजोर देश नहीं रहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह शक्तिशाली भारत बन गया है और भारत जो कहता है उसे दुनिया ध्यान से सुनती है। सिंह ने कहा, इस सच्चाई को कोई नकार नहीं सकता कि मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। भारत को अब सारी दुनिया में सम्मान की नजरों से देखा जाता है। पहले अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत कुछ बोलता था तो इसकी बातों को लोग अनसुना कर देते थे लेकिन आज अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत कुछ बोलता है तो सारी दुनिया कान खोल कर सुनती है कि भारत क्या बोल रहा है। उन्होंने कानून-व्यवस्था, प्रश्नपत्र लीक और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे मुद्दों पर राज्य की कांग्रेस सरकार पर हमला बोला। सिंह ने कहा, राजस्थान में कांग्रेस की सरकार ने पिछले पांच साल में राजस्थान की गरिमा, उसके स्वाभिमान पर चोट पहुंचाने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, चुनाव केवल सरकार बनाने के लिए नहीं लड़े जाते, चुनाव समाज व देश बनाने के लिए लड़े जाते हैं। भाजपा नेता ने कहा, पहले की अपेक्षा भारत की आर्थिक ताकत भी बढ़ी है। अर्थव्यवस्था के आकार के मामले में भारत 2014 से पहले दुनिया में 11वें स्थान पर था, जो सात साल में उछाल भरकर आज दुनिया में पांचवें स्थान पर आ गया है। आर्थिक मामलों के जानकार कहते हैं कि 2027 आते-आते भारत दुनिया के शीर्ष तीन देशों में होगा। अगर ऐसे ही इस देश में सरकार काम करती रही तो इस सच्चाई को भी नकारा नहीं जा सकता कि दुनिया में अर्थव्यवस्था के आकार व ताकत के मामले सबसे बड़ा कोई देश होगा तो वह भारत होगा। सिंह ने दावा किया कि जिस समय रूस-यूक्रेन का युद्ध चल रहा था प्रधानमंत्री मोदी ने रूस, यूक्रेन और अमेरिका के राष्ट्रपति को फोन कर चार-पांच घंटे के लिए युद्ध रुकवाया और वहां फंसे भारतीय छात्रों को निकाला गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का कद बढ़ गया है, इसके कारण ऐसा हुआ। सिंह ने कहा, मैंने सुना है, मुझे नहीं पता कि यह सही है या गलत, राज्य में दो लाख महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की प्राथमिकी दर्ज की गई है और (मुख्यमंत्री) गहलोत साहब कह रहे हैं कि महिलाएं झूठी प्राथमिकी दर्ज करा रही हैं।

### फिलहाल राजनीति में सबकुछ बेसुरा है : शिंदे

**ठाणे।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को राजनीति की वर्तमान स्थिति कौ बेसुरा करार दिया। शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) (अजित पवार गुट) की गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे शिंदे ने अपने गृह क्षेत्र ठाणे में भारत रत्न लता मंगेशकर संगीत विद्यालय का भूमि पूजन किया और विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, दुनिया ने लता मंगेशकर का युग देखा है, जिसमें उन्होंने अपने समृद्ध गीतों से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। दिवंगत लता मंगेशकर की सराहना करते हुए शिंदे ने कहा, विभिन्न युग हुए है और इस कलियुग के दौरान, लता-युग आया। वह देश का गौरव है। उनके गीत अनेक लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बन गए है। मुख्यमंत्री ने अपने राजनीतिक विरोधियों पर कटाक्ष करते हुए कहा, हर सुबह कुछ कौवे कांव-कांव करना शुरू कर देते है और दिनभर ऐसा करते रहते है। वे माहौल खराब करते है। उनके कारण ध्वनि प्रदूषण बढ़ गया है। फिलहाल राजनीति में सबकुछ बेसुरा है।

## एयर चीफ मार्शल चौधरी ने वायुसेना की क्षमता बढ़ाने में निजी क्षेत्र की अहम भूमिका पर बल दिया

भाषा। बेंगलुरु



**एयर चीफ** मार्शल विवेक राम चौधरी ने रविवार को कहा कि निजी उद्योग न केवल भारतीय वायुसेना की क्षमताओं को बढ़ाने में, बल्कि सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा इकाइयों की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सिनर्जिया कॉन्क्लेव 2023 में एक सत्र के दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि निजी उद्योग को भी यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि वे उत्पादन क्षमता को लेकर इस तरह का तालमेल बिठाएं कि वायुसेना द्वारा ऑर्डर किए गए लड़ाकू विमानों की आपूर्ति समय पर हो सके। चौधरी ने कहा कि भारतीय वायुसेना की क्षमता बढ़ाने में निजी क्षेत्र की निश्चित रूप से बहुत बड़ी भूमिका है। वायुसेना प्रमुख ने कहा, नि:संदेह, निजी क्षेत्र न केवल हमारी क्षमता बढ़ाने में, बल्कि रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने में भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, विमान बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले कलपुर्जे बड़ी मात्रा में देश के कई निजी उद्योगों से प्राप्त होते हैं। भारत की स्वदेश-निर्मित क्षमता पर एक सवाल के जवाब में चौधरी ने कहा कि प्रमुख कलपुर्जों के स्वदेशीकरण को सुनिश्चित करने के लिए अहम कदम उठाए जा रहे हैं।

## ममता ने रेलवे से यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की मांग की

भाषा। कोलकाता



**पश्चिम बंगाल की** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को मांग की कि रेल यात्रियों की सुरक्षा पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए और रेलवे को टिकटों के संबंध में डायनेमिक फेयर प्रणाली को वापस लेना चाहिए। पूर्व रेल मंत्री ने आरोप लगाया कि ट्रेन का किराया कभी-कभी विमान किराए से भी अधिक हो जाती है। डायनेमिक फेयर प्रणाली के तहत टिकटों की अधिक मांग होने पर किराया स्वत: बढ़ जाता है। बनर्जी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह जानकर दुख हुआ कि रेलवे का यात्री किराया तेजी से बढ़ रहा है और यहां तक कि सुविधा ट्रेनों का भी किराया कभी-कभी हवाई किराए से भी अधिक होता हैउ आपात स्थिति में आम लोग कहां जाएंगे। उन्होंने कहा, किराए में वृद्धि पर लगाम लगाई जानी चाहिएउ और सुरक्षा पर ध्यान दिया जाना चाहिए। रेलवे ने 2016 में डायनेमिक फेयर प्रणाली की शुरुआत की थी। देश में बढ़ती रेल दुर्घटनाओं को लेकर बनर्जी ने यह भी सवाल किया कि रेल मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने जो सुरक्षा उपकरण और अन्य दुर्घटना-रोधी उपाय पेश किए थे, उनका इस्तेमाल दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए क्यों नहीं किया गया। छठ पर्व के बीच बिहार और झारखंड को अन्य महत्वपूर्ण शहरों से जोड़ने वाले कुछ मार्गों पर ट्रेन टिकटों की कीमतें आसमान छूने की खबरें आई हैं।

### मप्र विधानसभा चुनाव में 77.15 फीसदी मतदान हुआ : निर्वाचन आयोग

**भोपाल।** हाल ही में संपन्न हुए मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में 77.15 फीसदी मतदान हुआ, जो 2018 में हुए विधानसभा चुनाव की तुलना में 1.52 फीसदी अधिक है। निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई। राज्य की सभी 230 विधानसभा सीटों के लिए 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान हुआ था। शनिवार रात ईसीआई द्वारा जारी अनंतिम आकंड़ों के अनुसार राज्य में 77.15 फीसदी मतदान हुआ। विधानसभा चुनाव में 78.21 फीसदी पुरुष मतदाताओं तथा 76.03 फीसदी महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकारों का प्रयोग किया। आंकड़ों के मुताबिक, रतलाम जिले की सैलाना विधानसभा सीट पर सबसे अधिक 90.10 फीसदी मतदान हुआ, जबकि राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में अलीराजपुर जिले की जोबट सीट पर सबसे कम 54.37 फीसदी मतदान हुआ। पिछले कुछ चुनावों में राज्य में मतदान प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है।

## मुठभेड़ के बाद भागकर भारत आए म्यांमा के 29 सैनिकों को वापस भेजा गया

भाषा। आइजोल

**मिलिशिया** समूह पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) के साथ भीषण मुठभेड़ के बाद भागकर मिजोरम आए म्यांमा के 29 सैनिकों को रविवार को उनके देश वापस भेज दिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इसी के साथ मिलिशिया समूह द्वारा हालिया मुठभेड़ में सैन्य बलों के शिविरों पर कब्जे के बाद भारत आए म्यांमा के अब तक कुल 74 सैन्यकर्मियों को उनके देश वापस भेजा जा चुका है। ए 29 सैनिक 16 नवंबर को भागकर उस समय मिजोरम आए थे, जब अंतरराष्ट्रीय सीमा से कुछ किलोमीटर दूर म्यांमा के चिन राज्य के तुइबुअल में उनके शिविर पर पीडीएफ से संबद्ध एक स्थानीय मिलिशिया समूह चिन नेशनल डिफेंस फोर्स (सीएनडीएफ) ने कब्जा कर लिया था। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, रक्षा प्राधिकारी इन सैनिकों को हवाई मार्ग से मणिपुर के मोरेह ले गए। मोरेह से वे निकटतम म्यांमा शहर तामू ले जाए गए। उन्होंने कहा कि लगातार बारिश के कारण यह प्रक्रिया बाधित हुई थी। अधिकारी ने कहा कि ए सैनिक भारत और म्यांमा के बीच प्राकृतिक सीमा त्याओ नदी के पास मिजोरम के चम्फाई जिले के सैखुम्फाई में पैदल आए और अपने देश वापस भेजे जाने से पहले वे असम राइफल्स की अभिरक्षा में थे। इससे पहले पीडीएफ द्वारा शिविरों पर कब्जा किए जाने के बाद भारत आए म्यांमा के 45 सैनिकों को उनके देश भेजा गया था। अधिकारियों ने बताया कि भारत-म्यांमा सीमा पर फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण है और 15 नवंबर के बाद से किसी झड़प की कोई खबर नहीं है।

## मणिपुर में अज्ञात उड़ती वस्तु के कारण विमान सेवा प्रभावित

भाषा। इंफाल

**मणिपुर के** इंफाल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर रविवार दोपहर को एक अज्ञात उड़ती वस्तु (यूएफओ) दिखने के कारण सामान्य उड़ान सेवाएं प्रभावित हुईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दो उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया और तीन अन्य ने देरी से उड़ान भरी। सेवाएं करीब तीन घंटे बाद सामान्य हो सकीं। हवाई अड्डे के निदेशक चिपेम्मी कीशिंग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, इम्फाल नियंत्रित हवाई क्षेत्र के भीतर एक अज्ञात उड़ती वस्तु देखे जाने के कारण दो उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया है और तीन उड़ानों के प्रस्थान समय में विलंब हुआ है। सक्षम प्राधिकारी से मंजूरी मिलने के बाद उड़ान संचालन शुरू हुआ। हवाई यातायात नियंत्रण(एटीसी) के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें अपराह्न ढाई बजे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) से एक संदेश मिला, जिसमें बताया गया कि हवाई अड्डे के पास एक यूएफओ पाया गया है।अधिकारी ने कहा, शाम चार बजे तक यूएफओ नग्न आंखों से हवाई क्षेत्र के पश्चिम की ओर बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा था। जिन उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन किया गया, उनमें कोलकाता से इंडिगो की एक उड़ान भी शामिल थी, जिसे शुरू में ओवरहेड होल्ड करने का निर्देश दिया गया था और 25 मिनट के बाद इसे गुवाहाटी की ओर मोड़ दिया गया। पहले से ही उड़ान भर चुके किसी विमान को एक निर्दिष्ट हवाई क्षेत्र में रखते हुए विलंबित करने के लिए ओवरहेड होल्ड करने का निर्देश दिया जाता है।देरी से उड़ान भरने वाले विमान करीब तीन घंटे देरी से मंजूरी मिलने के बाद इम्फाल हवाईअड्डे से रवाना हुईं।अधिकारी ने बताया कि शिलांग स्थित भारतीय वायु सेना की पूर्वी कमान को घटनाक्रम की जानकारी दे दी गई है।मणिपुर की सीमा नगालैंड, मिजोरम और असम से लगती है। इसके अलावा यह पूर्व में म्यांमा के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है।

## विधेयक मंजूर करने में राज्यपालों की देरी पर दी गई याचिकाओं पर आज सुनवाई

### तमिलनाडु, केरल की सरकारों ने डाली रिट

भाषा। नई दिल्ली

**तमिलनाडु और** केरल सरकार की दो अलग-अलग याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय सोमवार को सुनवाई करेगा जिनमें विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने में राज्यपालों द्वारा देरी किए जाने का आरोप लगाया गया है। याचिकाओं पर प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ द्वारा सुनवाई की जाएगी। राज्यपाल आर एन रवि द्वारा विधेयकों को लौटाए जाने के कुछ दिन बाद तमिलनाडु विधानसभा ने शनिवार को एक विशेष बैठक में 10 विधेयकों को फिर से पारित किया। रवि द्वारा लौटाए जाने के बाद कानून, कृषि और उच्च शिक्षा सहित विभिन्न विभागों वाले विधेयक फिर से पारित किए गए। पुन: पारित विधेयकों को मंजूरी के लिए फिर से राज्यपाल को भेज दिया गया। शीर्ष अदालत ने गत 10 नवंबर को विधेयकों को मंजूरी देने में तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा कथित देरी किए जाने को "गंभीर चिंता का विषय" बताते हुए राजभवन पर "12 विधेयकों को रोककर रखने" का आरोप लगाने वाली राज्य सरकार की याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा था। शीर्ष अदालत ने केंद्र को नोटिस जारी करते हुए मामले में अटॉर्नी जनरल या सॉलिसिटर जनरल से सहायता मांगी थी। न्यायालय ने कहा था, रिट याचिका में जो मुद्दे उठाए गए हैं, वे गंभीर चिंता का विषय हैं। इस अदालत के समक्ष प्रस्तुत किए गए तालिकाबद्ध बयानों से, ऐसा प्रतीत होता है कि अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल को भेजे गए लगभग 12 विधेयकों पर आगे की कार्वाई नहीं की गई है। इसने कहा था, "अन्य मामले, जैसे अभियोजन के लिए मंजूरी देने के प्रस्ताव, कैदियों की समय से पहले रिहाई के प्रस्ताव और लोक सेवा आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के प्रस्ताव लंबित हैं।



न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पीठ ने कहा था, स्थिति को ध्यान में रखते हुए, हम दूसरे प्रतिवादी, अर्थात, भारत संघ को नोटिस जारी करते हैं जिसका प्रतिनिधित्व गृह मंत्रालय में सरकार के सचिव द्वारा किया जाता है। हम अनुरोध करते हैं कि भारत के अटॉर्नी जनरल या उनकी अनुपस्थिति में, भारत के सॉलिसिटर जनरल अदालत की सहायता करेंगे। इसने कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 200 में यह प्रावधान किया गया है कि जब कोई विधेयक किसी राज्य की विधानसभा द्वारा या जहां राज्य में द्विसदन विधायिका है, दोनों सदनों द्वारा पारित किया जाता है, तो इसे राज्यपाल को प्रस्तुत किया जाएगा, जो (1) विधेयक पर सहमति की घोषणा करेंगे या (2) उस पर सहमति रोक दें या (3) विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित कर दें। तमिलनाडु सरकार ने शीर्ष अदालत से हस्तक्षेप करने का आग्रह करते हुए आरोप लगाया, एक संवैधानिक प्राधिकार लगातार असंवैधानिक तरीके से काम कर रहा है और बाहरी कारणों के चलते राज्य सरकार के कामकाज में बाधा डाल रहा है। राज्य सरकार ने कहा, तमिलनाडु के राज्यपालाप्रथम प्रतिवादी द्वारा तमिलनाडु राज्य विधानमंडल द्वारा पारित एवं अग्रेषित विधेयकों पर विचार करने और मंजूरी देने के संवैधानिक कर्तव्य का पालन करने में निष्क्रियता, चूक, देरी और विफलता तथा राज्य सरकार द्वारा उनके हस्ताक्षर के लिए भेजी गई फाइल, सरकारी आदेशों व नीतियों पर विचार न करना असंवैधानिक, अवैध, मनमाना और अनुचित होने के साथ ही सत्ता का दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल भी है। इसने कहा कि राज्यपाल, छूट आदेशों, दिन-प्रतिदिन की फाइल, नियुक्ति आदेशों पर हस्ताक्षर नहीं करके, भर्ती आदेशों को मंजूरी न देकर, भ्रष्टाचार में शामिल मंत्रियों, विधायकों पर मुकदमा चलाने की स्वीकृति न देकर, जिसमें शीर्ष अदालत द्वारा जांच को सीबीआई को स्थानांतरित करना शामिल है और तमिलनाडु विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को मंजूरी न देकर पूरे प्रशासन को ठप कर रहे हैं।

